स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, सोमवार
22 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 8
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 300 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

वैभव सूर्यवंशी की फास्टेस्ट फिफ्टी से इंडिया-ए चैंपियन



# 70 की उम्र में 50 जैसा दिखें योग इसमें मददगार : मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा- हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊर्जावान और 70 की उम्र में 50 साल से ज्यादा

### ■ पीएम ने पांच आसन किए, लोगों को सिखाया

स्वस्थ रहना होना चाहिए। पीएम ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो लोगों, देशों और संस्कृतियों को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 21 जून, जो पृथ्वी का सबसे लंबा दिन माना जाता है, अब पूरी दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए।

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग यानी बढ़ती उम्र के लिए योग है। इस थीम का मकसद यह बताना है कि योग सिर्फ फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर, मन और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का भी तरीका है।

50 की उम्र में 30 जैसी एनर्जी जरूरी : पीएम ने कहा जब हम हेल्दी एजिंग (उम्र बढ़ने के साथ सेहतमंद रहने) के लिए योग की बात करते हैं,तो इसका मतलब है- उम्र बढ़ने से क्षमता कम न हो। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि 40 की उम्र में 20 जैसे लचीले हों। 50 की उम्र में 30 से ऊर्जावान रहें। 70 की उम्र में 50 जैसा दिखें और स्वस्थ रहें। इसीलिए हेल्दी एजिंग के लिए योग थीम को सिर्फ बुजुर्गों के लिए नहीं, बल्कि



सभी उम्र के लोगों के लिए देखा जाना चाहिए।

सबको जोड़ता है योग : उन्होंने कहा विश्व के अलग-अलग हिस्सों से योग की एक से एक अद्भुत तस्वीर आ रही है। पूरा देश योग की उर्जा के चैतन्य से भरा हुआ नजर आ रहा है। पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ दिख रहा है। यही तो योग की ताकत है। योग सबको जोड़ता है। योग सबको साथ लाता है।

योग सबके लिए : मोदी ने कहा योग जब स्वभाव में आता है तो मानवीय एकता का आधार पर बन जाता है। योग केवल शारीरिक श्रम का साधन नहीं है। यह किसी एक आयु वर्ग के लिए सीमित नहीं है। योग सबके लिए है।

**योग स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी**

पीएम ने कहा आज के आधुनिक समय में लोग जीवन के असतुंलन से जूझ रहे हैं। उन्हें मशक्कत करनी पड़ रही है। योग बैलेंस जीवन जीने की कला सिखाता है। जब हम हमारे शरीर को सही तरीके से चलाना सीख लेते हैं तो स्वास्थ्य हमारा स्वभाव बन जाता है। योग केवल शरीर के स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य का मार्ग भी दिखाता है।

**मेघालय में मौजूद रहे रक्षामंत्री**

योग दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां कोलकाता में मौजूद रहे। वहीं, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मेघालय में वायु सेना प्रमुख के साथ योग कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सेना के अधिकारियों के साथ योग किया।

**दिल्ली में मौजूद रहे शिक्षा मंत्री**

नीट-री परीक्षा की तैयारियों के बीच योग कार्यक्रम में हिस्सा बनने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान दिल्ली में मौजूद रहे। यहां उन्होंने योगा किया।

**वित्त मंत्री ने गुवाहाटी में किया योग**


योग दिवस के मौके पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम के गुवाहाटी में योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान वित्त मंत्री के साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी योग करते नजर आए।

**पंजाब में दिखे भाजपा अध्यक्ष**

योग दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पंजाब के जलंधर में आयोजित योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान वह पंजाब भाजपा के नेताओं के साथ योग करते नजर आए।

# राज्यपाल ने जनभवन, योगी ने झांसी में किया योगाभ्यास





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस साल के योग दिवस की थीम 'स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग' है। जनभवन लॉन में सुबह 6 बजे आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भाग लिया। जबकि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में आयोजित योग कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने भारत की परंपराओं और विरासत को वैश्विक पहचान दिलाई है और हम सभी के लिए एक ऐसा विज़न पेश किया है, जिससे 140 करोड़ भारतीय दुनिया में गर्व के साथ आगे बढ़ सकें और विकसित भारत के सपने को साकार कर सकें। विश्व योग दिवस पर भाजपा प्रदेशभर में योग से निरोग का संदेश देकर जन-जन को योग से जोड़ने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महाराजगंज में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रनिधियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ योग किया।

## नौसेना को मिले देश में ही बने तीन स्वदेशी युद्धपोत

**कोलकाता।** तीन स्वदेशी वॉरशिप्स आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और एंटी-सबमरीन आईएनएस अग्रय रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल हुए। इन्हें देश में ही डिजाइन और बनाया गया है। आईएनएस संशोधक एक बार में लगातार 12 हजार किलोमीटर तक जा सकता है। आईएनएस दूनागिरी 8 ब्रह्मोस मिसाइल्स से लैस है। वहीं, आईएनएस अग्रय भारतीय तटरेखा के पास मौजूद दुश्मन पनडुब्बियों को नष्ट कर सकता है।

इस दौरान कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है। आज भारत रक्षा क्षेत्र में केवल खरीदार बनकर नहीं रहना चाहता। हमारी सैन्य शक्ति दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती। हमारी शक्ति की पहचान विश्व का बाजार बनने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता में है।



**आईएनएस दूनागिरी- ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों से लैस**

आईएनएस दूनागिरी प्रोजेक्ट-17ए का 5वां स्टील्थ फ्रिगेट वॉरशिप है। इसे नेवी के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है। प्रोडक्शन कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने किया है। जहाज के कमांडिंग ऑफिसर (डिजाइनेट) कैप्टन दिव्य आलोक ने कहा कि दूनागिरी ईस्ट नेवल कमान और ईस्टर्न फ्लीट का हिस्सा बनेगा।

**आईएनएस संशोधक- समुद्र का नक्शा और सर्वे करेगा**

आईएनएस संशोधक सर्वे वेसल (लार्ज) सीरीज का चौथा जहाज है। इसका काम युद्ध लड़ना नहीं, बल्कि समुद्र का सर्वे करना है।

इसे तट और गहरे समुद्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वे, समुद्री डेटा कलेक्शन और डिफेंस-सिविल यूज के लिए बनाया गया है।

## प्रतिस्पर्धी बढ़त मिलने के बाद ही लागू होगा भारत-अमेरिका व्यापार समझौता : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) तब तक लागू नहीं किया

### ■ टैरिफ से जुड़े कुछ मुद्दे अभी बाकी हैं

जाएगा, जब तक भारत को प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर व्यापारिक लाभ नहीं मिल जाता। उन्होंने संकेत दिया कि दोनों देशों के बीच शुल्क (टैरिफ) से जुड़े कुछ मुद्दे अभी बाकी हैं।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच समझौते का ढांचा पहले ही तय किया जा चुका है और इसकी घोषणा भी



हो चुकी है। हालांकि कुछ टैरिफ संबंधी मामलों पर सहमति बनना अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि भारत यह सुनिश्चित करना चाहता है कि उसके उत्पादों पर लगने वाले शुल्क प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम हों। ऐसा होने के बाद ही व्यापार समझौते को लागू किया जाएगा। गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका में भारत के लिए नामित राजदूत सर्जियो गोर ने हाल ही में कहा था कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता लगभग 99 प्रतिशत तैयार हो चुका है।

रुपये में हाल की गिरावट पर गोयल ने भरोसा जताया कि भारतीय मुद्रा आने वाले समय में फिर सामान्य स्थिति में लौट आएगी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज गति से विकसित होने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत ने वैश्विक व्यापार संबंधों को काफी मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में भारत ने 38 देशों के साथ नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं।

### आजम खान की मुश्किलें बढ़ीं

## जौहर ट्रस्ट को आयकर विभाग का बड़ा नोटिस

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां और उनके परिवार से जुड़े मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की मुश्किलें एक बार फिर

### ■ जमीन-मस्जिद और फंडिंग तक पर मांगा जवाब

बढ़ती नजर आ रही हैं। आयकर विभाग ने ट्रस्ट को आयकर अधिनियम की धारा 12एबी और 12एए के तहत विस्तृत नोटिस जारी कर 23 जून को सुनवाई के लिए तलब किया है। नोटिस में ट्रस्ट की गतिविधियों, वित्तीय लेनदेन और संचालन से जुड़े कई गंभीर सवाल उठाए गए हैं। यदि विभाग ट्रस्ट के जवाब से संतुष्ट नहीं होता है तो उसके पंजीकरण पर भी खतरा मंडरा सकता है। 17 जून को जारी 37 पृष्ठों के नोटिस में आयकर विभाग ने कहा है कि ट्रस्ट की कुछ गतिविधियां उसके घोषित उद्देश्यों के अनुरूप नहीं पाई गईं। विभाग ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के वर्ष 2021 के फैसले का हवाला देते हुए जौहर यूनिवर्सिटी के लिए अधिग्रहित भूमि से जुड़े विवादों और शर्तों के कथित उल्लंघन का भी उल्लेख किया है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि ट्रस्ट को विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए निर्धारित सीमा से अधिक भूमि लेने की अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी गई थी, लेकिन उन शर्तों के पालन को लेकर सवाल खड़े हुए हैं।

## नीट परीक्षार्थियों के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर रुके रहे पीएम

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल से वापस लौटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर सीधे अपने आवास जाने के बजाय कुछ समय के लिए एयरपोर्ट पर ही रुकने का फैसला किया। इसकी वजह नीट की परीक्षा रही। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट से निकलने में इसलिए देरी की, ताकि परीक्षा देने जा रहे छात्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री दोपहर करीब 1.15 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे थे। हालांकि, उन्होंने तुरंत अपने आवास के लिए रवाना होने के बजाय कुछ समय तक एयरपोर्ट पर ही रुकने का फैसला किया। उस समय दोपहर 2 बजे से नीट यूजी री-एग्जाम शुरू होना था। अधिकारियों के मुताबिक, यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि उस अहम समय में राष्ट्रीय राजधानी में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे, जब हजारों अभ्यर्थी अपने-अपने परीक्षा केंद्रों की ओर जा रहे थे। प्रधानमंत्री के काफिले की आवाजाही के दौरान तय मार्गों पर विशेष ट्रैफिक प्रबंधन और अस्थायी प्रतिबंध लागू किए जाते हैं।

## विजयन की बेटी को ईडी का फिर समन

**नई दिल्ली।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी वीणा टी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। ईडी ने सीएमआरएल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वीणा को दोबारा समन जारी कर 29 जून को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले ईडी ने 17 जून को उनसे नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। अब एजेंसी ने जांच के दौरान मिले नए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर फिर से उन्हें तलब किया है। ईडी की जांच उस कथित वित्तीय लेनदेन से जुड़ी है, जिसमें खनन कंपनी कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड द्वारा वीणा की अब बंद हो चुकी आईटी कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को 2.78 करोड़ रुपये का भुगतान किए जाने का आरोप है।

## सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी : प्रधान

**नई दिल्ली।** नीट यूजी पुनर्परीक्षा के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि सीबीएसई के पुनर्मूल्यांकन, पुनर्सत्यापन और पुनर्गणना से जुड़े अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं और बोर्ड जल्द ही शेष परिणाम जारी करेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि, आज न केवल नीट परीक्षा होगी, बल्कि सीबीएसई के बाकी परिणाम भी जल्द ही जारी किए जाएंगे। 17,00,000 छात्रों में से लगभग 15,50,000 छात्रों के परिणाम पहले ही जारी किए जा चुके हैं। पुनर्मूल्यांकन, पुनर्मूल्यांकन और पुनर्सत्यापन के लिए आवेदन करने वाले छात्रों का काम लगभग पूरा हो चुका है।

## ब्रिक्स देशों के सुरक्षा प्रमुखों की बैठक आज

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में सोमवार से होने वाली ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और उच्च प्रतिनिधियों की बैठक का मुख्य विषय दुनिया के सामने गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियां होगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल करेंगे। यह बैठक सितंबर में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले सदस्य देशों के बीच राजनीतिक और रणनीतिक आम सहमति बनाने की दिशा में अहम मानी जा रही है। बैठक के मुख्य विषय के तहत सभी देशों के प्रतिनिधि तेजी से बदलते खतरों और इसमें नई तकनीकों के दुरुपयोग से उभरते संकट पर अपने विचार साझा करेंगे।आतंकरोधी-सूचना व संचार प्रौद्योगिकियों के सुरक्षित उपयोग पर गठित ब्रिक्स संयुक्त कार्य समूहों के निष्कर्ष की समीक्षा भी की जाएगी।

अजाजी



## क्या वोट देने का अधिकार बनेगा मौलिक अधिकार?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को वोट देने के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने की पुरजोर वकालत की। पार्टी का कहना है कि यह कदम मतदाताओं को वोटर दमन या मनमाने ढंग से अयोग्य ठहराए जाने जैसी स्थितियों से सुरक्षा प्रदान करेगा। कांग्रेस का दावा है कि विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आए हैं। जहां सही लोगों का भी नाम काट दिया गया इसके बाद कोर्ट के आदेश पर उनके नाम को दोबारा वोटर लिस्ट में जोड़ा गया।

# 'न तौ नमाज़ी, न तौ पुजारी, जियौ बहादुर खद्दर धारी!'

**नवकांत ठाकुर**

**नज़र और नज़रिया**


'ई मँहगाई ई बेकारी / नफ़रत कै फ़ैली बीमारी / दुखी रहै जनता बेचारी / बिकी जात बा लोटा-थारी/ जियौ बहादुर खद्दर धारी! / तन कै गोरा, मन कै गन्दा / मस्जिद मंदिर नाम पै चंदा / सबसे बढ़ियाँ तोहरा धंधा / न तौ नमाज़ी, न तौ पुजारी/ जियौ बहादुर खद्दर धारी!' समाज के हालातों और रहनुमाओं की भूमिका पर रफ़ीक शादानी साहब के इस व्यंग्यपूर्ण तंज को मौजूदा परिप्रेक्ष्य में देखें तो जिन पांच राज्यों में आगामी दिनों में विधानसभा के चुनाव होने हैं वहां आम लोगों को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाली समस्याओं पर चर्चा करने के बजाय खद्दरधारियों द्वारा धर्म और आस्था से जुड़े मसलों पर की जा रही लफ्फाजी और धोखाधड़ी ही चर्चा के केंद्र में दिखाई पड़ रही है।

मसलन उत्तर प्रदेश में श्रद्धालुओं द्वारा अपने आराध्य को समर्पित किए गए चढ़ावे के गबन और बंदरबांट का मसला सबकी जुबान पर है तो पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा कथित तौर पर सिख धर्म गुरुओं की शान में गुस्ताखी किए जाने का विवाद लगातार तूल पकड़ रहा है। इसी प्रकार उत्तराखंड में धार्मिक विवाद की पृष्ठभूमि हरिद्वार और चारधाम में गैर-हिंदुओं का प्रवेश निषेध किए जाने की मांग से लेकर पार्किंग विवाद में हेमकुंड साहिब से लौट रहे निहंगों के साथ कर्णप्रयाग में स्थानीय लोगों की हिंसक झड़प और विकासनगर में सरकारी नलकूप से सिंचाई के विवाद में हुई हत्या के बाद पैदा हुए सांप्रदायिक हालातों के इर्द–गिर्द घूम रही है जबकि गोवा में 16वीं सदी के स्पेनिश ईसाई धर्मप्रचारक 'सेंट फ्रांसिस जेवियर' के विरुद्ध वास्को में 'सनातन धर्म रक्षा मंच' द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जयंती समारोह के दौरान की गई आस्था को आहत करनेवाली अभद्र टिप्पणी के बाद हुई क्रिया–प्रतिक्रिया के मसले को ही गर्माए रखने का पुरजोर प्रयास हो रहा है। साथ ही मणिपुर में बहुसंख्यक समाज के मैतेई और अल्पसंख्यक वर्ग के कुकी के बीच वर्चस्व और अधिकारों को लेकर जारी संघर्ष की पुरानी कहानियों में नित नया अध्याय जुड़ने का सिलसिला लगातार जारी है।

वह भी तब जबकि चढ़ावा चोरी के मामले में एसआईटी की जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी करके किसी के भी कद या पद की परवाह किए बिना कठोरतम कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिर्फ 15 दिनों का समय मांगा है। पंजाब सरकार द्वारा करवायी गई फॉरेंसिक जांच में साफ हो गया है कि सिख गुरुओं की तस्वीर पर शराब के छींटे मारने वाला शख्स भगवंत मान नहीं बल्कि कोई और था। उत्तराखंड में भी तूल दिए जा रहे मसलों की जड़ में सांप्रदायिक नहीं बल्कि सामाजिक संघर्ष होने की बात किसी से छिपी नहीं है। गोवा में विवादास्पद बयान देने वाले पर कानूनी कार्रवाई हो चुकी है और मणिपुर में मैतेई–कुकी संघर्ष का एक लंबा इतिहास रहा है जिसके समाधान में अभी समय लगने की बात गृहमंत्री अमित शाह भी मान चुके हैं। इसके बावजूद चुनाव में भावनात्मक मसलों पर मतदाताओं की गोलबंदी करके सियासी लाभ लेने के लिए इन तमाम मसलों को भुनाने की सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच होड़ लगी है।

ऐसे में रोजाना झेलनी पड़ रही बुनियादी समस्याओं का हिसाब और समाधान चुनावों के दौरान मांगने के बजाय रहनुमाओं की भावनात्मक अपीलों और बयानों की लहर में बह जाने वालों को जो झेलना पड़ सकता है उसकी बानगी वसीम बरेलवी साहब के शब्दों में कहें तो 'आंखों को मूंद लेने से खतरा न जाएगा / वो देखना पड़ेगा जो देखा न जाएगा/ जलना है कब्र पर कि जलाना है बज्म में / यह भी किसी चराग से पूछा न जाएगा।'


**जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।**




# पहचान का संकट खड़ा करने वालों को अब दुत्कारती है जनता

## हमीरपुर में 636 करोड़ से किया 75 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश नहीं, बल्कि वे लोग पहचान के लिए मोहताज हैं, जिन्होंने यूपी को बीमारू बनाया था। आज उन सबके सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया है। जनता अब उन्हें दुत्कारती है, भगाती है। उन्हें भाव नहीं देती। जनता ने कमल के फूल पर वोट देकर हमीरपुर व राठ में भाजपा को जिताया तो सुरक्षा, हर घर नल, एक्सप्रेसवे समेत अनेक योजनाएं व नवाचार हो रहा है। सीएम ने बुंदेलखंड वासियों से अपील की कि माफिया के सरपरस्तों को दोबारा आने नहीं देना है। इन्हें पहचान के लिए मोहताज कराना है। जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर विभाजित नही होना है और विकास, विरासत, आस्था, अर्थव्यवस्था के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना है। सीएम ने स्वामी ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज, राठ में 636 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 75 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। यहां हमीरपुर के विकास को समर्पित लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम ने कहा कि 9 वर्ष पहले बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी ठीक नहीं थी। सड़कें गड्ढों में तब्दील थीं। माताएं-बहनें मिट्टी का घड़ा सिर पर लेकर पानी ढोने में जिंदगी गुजार देती थीं। यमुना व बेतवा के संगम वाला हमीरपुर पानी और यहां का नौजवान पहचान के लिए



तरसता था। बालू, खनन, भूमाफिया गरीबों का शोषण करते थे। देश में लोग यूपी वालों को शक की निगाहों से देखते थे। सीएम ने कहा कि 12 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बदला है। आज सुबह लगभग 100 देश के लाखों लोग योग से जुड़े थे। इससे वर्तमान-अतीत गौरवान्वित व भविष्य प्रफुल्लित होता दिख रहा था। पीएम मोदी ने 12वें योग दिवस पर भारत की पहचान को फिर दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। मोदीजी ने कुंभ को भी मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिलाई। सीएम ने कहा कि जातिवाद की राजनीति करने वालों ने सत्ता में आने पर सिर्फ परिवार का पेट भरा। मोदी जी के लिए 140 करोड़ का भारत व हमारे लिए 25 करोड़ का प्रदेश ही परिवार है। हमने दिखाया कि जनता के हित के लिए कार्य करना, योजना बनाना और प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से काम होता है तो परिणाम आने में देर नहीं लगती। 2017 में सीएम बनने के बाद जब बुंदेलखंड आया तो लोगों ने यहां की खराब कनेक्टिविटी से अवगत कराया। तब मैंने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की बात कही, आज यह परियोजना पूरी भी हो गई। अब उत्तर प्रदेश में ही गोला-बारूद, तोप-मिसाइल बन रहा है। लखनऊ में बना ब्रह्मोस मिसाइल ऑपरेशन सिंदूर में जब पाकिस्तान पर दागा गया तो वह जान की भीख मांग रहा था। पहले सिर्फ सैफई को ध्यान में रखकर योजनाएं बनती थीं, अब सभी जनपदों का रखा जाता है ध्यान सीएम ने कहा कि हर घर जल की योजना अब बहन-बेटियों को राहत दे रही है।

# डीएम व ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने नीट परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा

## सीसीटीवी व प्रशासनिक निगरानी में सम्पन्न हुई परीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ** ।नीट-2026 लिखित परीक्षा के दृष्टिगत लखनऊ में सुरक्षा, पारदर्शिता सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी विशाख जी,संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरुआत गोलागंज स्थित क्रिश्चियन कालेज से हुई, जहां अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों तथा परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। इसके उपरांत लालबाग स्थित अमीरुद्दौला इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा राजेंद्र नगर स्थित दयानंद एंग्लो कॉलेज (डीएवी) का निरीक्षण कर केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता,



पारदर्शिता,नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। जनपद लखनऊ में नीट यूजी 2026 परीक्षा कुल 75 केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें 35594 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 32761 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और संयुक्त पुलिस आयुक्त ने केंद्रों पर तैनात अधिकारियों, कार्मिकों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली । निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक प्रशासनिक प्रबंध किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती के साथ-साथ सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी के लगाई गई है, जो लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

## खबर एक नज़र

### एसबीआई लखनऊ मंडल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ मंडल में 12वें अंतर्राष्टीय योग दिवस का आयोजन किया गया। स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग विषय पर आयोजित कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ अरुणा सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी धीरेंद्र महे ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और मन से ही परिवार, समाज और संगठन की बेहतर सेवा की जा सकती है। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधकों सहित अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### भ्रामक प्रचार के खिलाफ सपा नेताओं ने दर्ज कराई शिकायत



**स्वतंत्र भारत काकोरी।** काकोरी कोतवाली में मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी के मुख्य सलाहकार एवं सपा जिला उपाध्यक्ष टीबी सिंह ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कथित भ्रामक वीडियो और पोस्ट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने इसे समाजवादी पार्टी की छवि खराब करने की साजिश बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। टीबी सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी 37 सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में एकजुट हैं और कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए अफवाहें फैला रहे हैं। उनकी तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि तरुण रावत ने बिना नाम लिए प्रदेश सरकार के एक मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग बिना तथ्यों के दुष्प्रचार कर रहे हैं।

### लाखों खर्च के बाद भी सूखे पड़े आदर्श जलाशय

**स्वतंत्र भारत इटौंजा।** बख्शी का तालाब विकासखंड के चक पृथ्वीपुर, जलालपुर, उसरना, चांदपुर खानीपुर, शिवपुरी, कठवारा, परसहिया और अन्य ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए आदर्श जलाशय ग्रामीणों के लिए बेकार साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन तालाबों में पहले पानी भरा रहता था, वे खुदाई के बाद सूखे पड़े हैं और वर्षा जल संचयन व वृक्षारोपण की योजनाएं भी धरातल पर सफल नहीं हो सकीं। कुम्हरॉवा, राही तालाब और लासा गांव समेत कई स्थानों पर हुए निर्माण कार्यों पर खर्च के बावजूद तालाबों में पानी नहीं है। ग्रामीणों ने इन कार्यों के भौतिक सत्यापन की मांग करते हुए कहा कि गांवों के विकास के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह 24 जून से

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति द्वारा 24 से 26 जून तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की 47वीं वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत आयोजित होगा। कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 7.05 बजे गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित किया जाएगा। संस्था के संयुक्त सचिव प्रभात कुमार बोहरे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समारोह का उद्घाटन 24 जून को होगा। पहले दिन वरिष्ठ रंग निर्देशक, अभिनेता एवं नाट्य रचनाकार अनिल बोध के निर्देशन में प्रसिद्ध नाट्य रचना आषाढ़ का मंचन किया जाएगा। इस प्रस्तुति का निर्देशन अवध अकादमी अवार्ड से सम्मानित रंगकर्मी कुशल श्रीवास्तव करेंगे। समारोह के दूसरे दिन 25 जून को सुप्रसिद्ध नाट्य रचनाकार अनवर अली की चर्चित नाट्य रचना माई फर्स्ट इम्प्रेशन का मंचन किया जाएगा। इस नाटक का निर्देशन नगर के वरिष्ठ रंग निर्देशक अनवर बेग द्वारा किया जाएगा। तीन दिवसीय समारोह के अंतिम दिन 26 जून को विश्वप्रसिद्ध मूल नाट्य रचनाकार यूजीन इओनेस्को की कृति के हिंदी रूपांतरण बंधन का मंचन होगा। इस प्रस्तुति का निर्देशन वरिष्ठ रंग निर्देशक तुषार बागची करेंगे। आयोजकों के अनुसार इस नाट्य समारोह का उद्देश्य लखनऊ की समृद्ध रंगमंचीय परंपरा को बढ़ावा देना तथा युवा कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में शहर के रंगकर्मियों, साहित्यकारों, कला प्रेमियों और सांस्कृतिक जगत से जुड़े लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद है।

# सपा के टूट के दावे पर राजभर कायम

## विधायक अब्बास अंसारी को लेकर फिर से एक बार दी प्रतिक्रिया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर समाजवादी पार्टी में टूट के अपने दावे पर कायम हैं। रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गाजीपुर में योग के बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ ही मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को लेकर प्रतिक्रिया दी। मऊ से विधायक अब्बास अंसारी के समाजवादी पार्टी में जाने की चर्चा पर योगी आदित्यनाथ सरकार में पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अब्बास अंसारी तो पहले से ही समाजवादी पार्टी में शामिल थे। उन्होंने कहा कि अगर धोखा देना किसी को सीखना है तो अखिलेश यादव से सीखे। इसके साथ ही एक बार फिर समाजवादी पार्टी में टूट का दावा मजबूत किया है।



पंचायती राज्य मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गाजीपुर के पुलिस लाइन के ग्राउंड में योग किया। राजभर ने इस दौरान पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी में टूट को लेकर बड़ा बयान भी दिया। समाजवादी पार्टी में टूट के दावे को मजबूत करते हुए ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे, आपने देखा कि टीएमसी टूटी। उनके 20 संसद टूटे कोई मानने को तैयार नहीं था, शिवसेना को भी कोई मानने को तैयार नहीं था, उनके भी 6 सांसद टूटे हैं। अब समाजवादी पार्टी की तैयारी है। मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि जिन लोगों ने लोकसभा और राज्यसभा में महिला विधेयक का विरोध किया है और विधेयक के विरोध में वोट किया है और निश्चित लोकसभा का सत्र चलने जा रहा है और उसी के दौरान यह सब खेल होगा। मंत्री ओपी राजभर ने समाजवादी पार्टी को लेकर शायराना अंदाज में कहा कि लेकर नाम नसीबो का, खून चूसता गरीबों का नाम तो पीडीए का लेते हैं और पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सहित तमाम लोगों का खून चूसते हैं।

### भाजपा लखनऊ महानगर के 469 शक्ति केंद्रों पर मासिक बैठक संपन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के तहत सभी 25 मंडलों में शक्ति केंद्र स्तर की मासिक बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी तथा मंडल प्रभारियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को होने वाली मासिक बैठकों के अंतर्गत 469 शक्ति केंद्रों पर बैठकें संपन्न हुईं। उन्होंने कहा कि इन बैठकों का उद्देश्य शक्ति केंद्र स्तर पर संगठनात्मक संरचना को और अधिक मजबूत करना तथा पार्टी के विभिन्न आयामों को प्रभावी रूप से धरातल पर क्रियान्वित करना है। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार, समन्वय एवं बूथ स्तर की गतिविधियों को सक्रिय बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।

# नई टीम के साथ बहुजन आवाज पार्टी का विस्तार शुरू



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर चौधरी ने नई राजनीतिक पार्टी बहुजन आवाज पार्टी के गठन के साथ केंद्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पार्टी बहुजन समाज, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यकों और मूलनिवासियों के मुद्दों को राजनीतिक स्तर पर मजबूती से उठाएगी। नई टीम में संगीता चौधरी को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, फ़ैज़ अहमद और दिलीप कुमार मिश्रा को राष्ट्रीय महासचिव, आरती गुप्ता को प्रमुख महासचिव, नकी जैदी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा शादाब आलम को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। अमर चौधरी ने बताया कि देशभर में 28 लाख से अधिक सदस्यों वाले सामाजिक संगठन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर वाहिनी ने राजनीतिक दल बहुजन आवाज पार्टी के गठन की घोषणा की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर चौधरी ने बताया कि पार्टी का उद्देश्य बहुजन समाज, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यकों और मूलनिवासियों के मुद्दों को राजनीतिक स्तर पर मजबूती से उठाना है। पार्टी जल्द ही देशव्यापी सदस्यता अभियान शुरू करेगी और शोषित-वंचित वर्गों के संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष करेगी।

# भाजपा ने योग से निरोग का दिया संदेश

## प्रदेश अध्यक्ष महराजगंज में प्रदेश महामंत्री संगठन ने लखनऊ में किया योग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने विश्व योग दिवस पर प्रदेश में योग कार्यक्रमों का आयोजन कर योग से निरोग का संदेश दिया। विश्व योग दिवस पर रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने महाराजगंज में पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रनिधियों, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों के साथ योग किया। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने हापुड़, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज, ब्रजेश पाठक ने लखनऊ तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के राजाजीपुरम् में विश्व योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर योग किया और जनमानस को योग से जुड़कर स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के साथ विकसित भारत के लक्ष्य में सहभागी बनने का आह्वान किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने महराजगंज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में फिट इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए योगाभ्यास किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को एक सूत्र में पिरोने का विज्ञान है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के राजाजीपुरम में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों के साथ योग किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और जीवन दर्शन का अमूल्य उपहार है, जो शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करने का कार्य करता है। आज विश्व के करोड़ों लोग योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि विश्व योग दिवस पर केन्द्र सरकार में मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने आगरा,जयंत चौधरी ने मेरठ, हरदीप पुरी ने सोनभद्र, बीएल वर्मा ने लखनऊ में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर योग किया। विश्व योग दिवस पर मंडल स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया। योग शिविरों में प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र तथा बूथ के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, नगर निगम के महापौर व सदस्य, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्य, आयोग, बोर्ड, निगम के अध्यक्ष व सदस्य सहित सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ता स्थानीय नागरिकों के साथ विश्व योग दिवस के कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक तथा व्यवसायिक वर्गों के भी योग शिविर आयोजित किये गए।

# परिषदीय विद्यालयों में गूंजा 'स्वस्थ जीवन' का मंत्र

## 1.42 करोड़ बच्चों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर जनभागीदारी का नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए योग को जनआंदोलन बनाने के अपने संकल्प को और मजबूत किया। प्रदेश के 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों के लगभग 1.42 करोड़ छात्र-छात्राओं तथा 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत 78 हजार से अधिक छात्राओं ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेकर स्वस्थ, सशक्त और जागरूक उत्तर प्रदेश का संदेश दिया। गांव से लेकर शहर तक विद्यालय परिसर योगमय वातावरण से सराबोर नजर आए, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, अधिकारियों और अभिभावकों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पिछले वर्षों में योग को विद्यालयी जीवन, जनस्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किए गए हैं। इसी का परिणाम है कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस अब केवल औपचारिक आयोजन न रहकर व्यापक जनसहभागिता का अभियान बन चुका है। इस वर्ष भी प्रदेशभर के परिषदीय विद्यालयों, ब्लॉक संसाधन केंद्रों, जिला मुख्यालयों और शैक्षिक संस्थानों में योग दिवस उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), उत्तर प्रदेश के नवीन परिसर में निदेशक गणेश कुमार के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास करते हुए नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एससीईआरटी निदेशक गणेश कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है। यह केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मानुशासन और सकारात्मक जीवन दृष्टि विकसित करने का सशक्त साधन भी है। विद्यालय स्तर पर योग को बढ़ावा देकर हम बच्चों में स्वस्थ जीवनशैली, आत्मविश्वास और संतुलित व्यक्तित्व के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर नगर, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, बस्ती, मेरठ, कुशीनगर, अलीगढ़ और आजमगढ़ सहित अनेक जनपदों में विद्यालयों, बीआरसी और जिला मुख्यालयों पर विशेष योग सत्र आयोजित किए गए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को योग की उपयोगिता बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास भी समान रूप से आवश्यक है। यही कारण है कि विद्यालयों में योग, खेलकूद और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

# प्रदेश में कहीं न हो पेयजल संकट, जलापूर्ति व्यवस्था रहे निर्बाध : मुख्यमंत्री

## योगी ने की मॉनसून, पेयजल एवं भूजल संरक्षण की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि मौसम की अनिश्चितता और मानसून की संभावित अनियमितता को देखते हुए प्रत्येक प्रदेशवासी को जल संचयन एवं जल संरक्षण के प्रयासों से जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पानी की एक भी बूंद व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित 'कैच द रेन' अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा वर्षाजल संचयन को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ा जाए। रविवार को मौसम की स्थिति, मानसून की प्रगति, पेयजल आपूर्ति तथा भूजल संरक्षण से संबंधित कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। जलापूर्ति व्यवस्था निर्बाध एवं सुचारु बनी रहे तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि संभावित कम वर्षा की परिस्थितियों को देखते हुए सभी विभाग अग्रिम तैयारियां सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव, भूगर्भ जल विभाग ने बताया कि भूजल पुनर्भरण के लिए किए गए प्रयासों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वर्ष 2013 में प्रदेश में अतिदोहित विकासखंडों की संख्या 113 थी, जो वर्ष 2025 में घटकर 44 रह गई है। वर्ष 2017 में अन्य स्रोतों से लगभग 30.59 लाख करोड़ लीटर भूजल पुनर्भरण होता था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 35.79 लाख करोड़ लीटर हो गया है। इसी अवधि में प्रदेश का कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण 69.91 लाख करोड़ लीटर से बढ़कर 73.39 लाख करोड़ लीटर तक पहुंच गया है। यह भी बताया गया कि सतत विकास लक्ष्य-6 के अंतर्गत भूजल दोहन की दर को 70 प्रतिशत के स्तर पर लाने का लक्ष्य उत्तर प्रदेश ने प्राप्त कर लिया है। वर्ष 2022 में यह दर 70.66 प्रतिशत, वर्ष 2023 में 70.76 प्रतिशत, वर्ष 2024 में 70.45 प्रतिशत तथा वर्ष 2025 में 70 प्रतिशत रही। पिछले दस वर्षों के दौरान प्रदेश के 361 विकासखंडों में भूजल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है। वर्ष 2021 से 2025 के बीच 29 जनपदों में औसत भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार परिलक्षित हुआ है। 172 विकासखंडों में प्रतिवर्ष 10 सेंटीमीटर से अधिक तथा 69 विकासखंडों में दस वर्षों के दौरान 20 सेंटीमीटर से अधिक सुधार दर्ज किया गया है। बैठक में बताया गया कि भूगर्भ जल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश अटल भूजल योजना, इण्डो-इज़राइल बुंदेलखंड जल परियोजना, वर्षाजल संचयन थीम पार्क, भूजल सप्ताह, रूफटॉप वर्षाजल संचयन कार्यक्रम तथा भूजल निगरानी नेटवर्क जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम प्रदेश में दिखाई दे रहे हैं। प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने मुख्यमंत्री को नदियों की सिल्ट सफाई कार्यों की प्रगति से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी वर्षों की कार्ययोजना को जल संरक्षण, हरित ऊर्जा तथा आधुनिक सिंचाई तकनीकों से जोड़ा जाए। उन्होंने मौसम विभाग से मानसून की साप्ताहिक रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने की अपेक्षा भी व्यक्त की। बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा तथा पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर भी उपस्थित रहे। मंत्रीगणों ने विभागीय प्रयासों एवं प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

# जानकीपुरम अर्जुन पार्क में योग दिवस आयोजित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** जानकीपुरम प्रथम में स्थित अर्जुन पार्क में योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर मंडल-पांच से मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी, महानगर आईटी संतोष सिंह, मंडल महामंत्री सीके वर्मा, विशाल रावत, मीडिया प्रभारी ओपी तिवारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में राहुल राज अग्निहोत्री अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष रहे। मंडल पांच के पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक, मोर्चा अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष तथा स्थानीय नागरिकों ने योग दिवस में भागीदारी की। योग गुरू ने कई योगाभ्यास उपस्थित जनसमुदाय को कराये। उनका कहना था कि पेट से सम्बन्धित अगर योगाभ्यास किया जाय तो पेट की बीमारियां दूर हो जायेंगी। प्राणायाम करना बहुत ही आवश्यक है। सभी को कम से कम आधा घंटा योगाभ्यास जरूर करना चाहिए।



# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस : लखनऊ में गूंजी 'ॐ' की ध्वनि

## योग को जन आंदोलन बनाकर स्वस्थ भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर रहे प्रधानमंत्री मोदी : केशव प्रसाद



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज वैश्विक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है और भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर नई प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है।12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रयागराज के पावन त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित भव्य योग कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए उप मुख्यमंत्री ने योगाभ्यास किया तथा उत्कृष्ट योगदान देने वाले योग साधकों और नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प और डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप योग आज जन-जन के जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए आह्वान के बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता मिली और आज विश्व के 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है। यह भारत की योग परंपरा की वैश्विक स्वीकार्यता और उसकी प्रभावशीलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे योग, ध्यान और नियमित व्यायाम को अपनाकर स्वस्थ, ऊर्जावान और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने ÷पहला सुख निरोगी काया÷ का जो संदेश दिया था, योग उसी दर्शन को जीवन में उतारने का माध्यम है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और शरीर के प्रति सजगता ही एक स्वस्थ समाज की मजबूत नींव है।केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रयागराज इसका सशक्त उदाहरण है, जहां हाल ही में आयोजित महाकुंभ में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक शक्ति, सांस्कृतिक वैभव और संगठन क्षमता का अद्भुत प्रतीक बनकर उभरा।उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद प्रयागराज सहित पूरे प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। आधारभूत संरचना, पर्यटन, धार्मिक स्थलों के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार से प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। सरकार का लक्ष्य प्रयागराज को विकास, पर्यटन और आध्यात्मिक चेतना के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। उप मुख्यमंत्री ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर तथा विंध्य धाम सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दी है। साथ ही धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि हुई है।पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि योग हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाता है।

## पीएम के प्रयासों से विश्व स्तर पर मिली योग को नई पहचान : बृजेश पाठक



रविवार को 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत जिला स्तरीय योगाभ्यास का आयोजन रेसीडेंसी लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे। आज के कार्यक्रम का आयोजन थीम पर किया गया। जनपद लखनऊ में उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ थीम पर आधारित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य पर विभिन्न स्थानों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। रेजीडेंसी में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने योग कार्यक्र में सम्मलित होकर योग किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि पीएम के प्रयासों से विश्व स्तर पर योग को नई पहचान मिली है। योगाभ्यास कार्यक्रम में बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। जनपद लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम रेजीडेंसी परिसर के अतिरिक्त जनेश्वर मिश्र पार्क में केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा सम्मिलित हुए तथा झण्डेवाला पार्क, लालबाग में नगर निगम द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर निगम क्षेत्र के गुलाब पार्क चन्दन नगर आलमबाग, स्वर्ण जयंती पार्क इन्दिरा नगर, डॉ. राममनोहर लोहिया पार्क गोमतीनगर,लालजी टण्डन पार्क एवं महाराणा प्रताप पार्क सहित विभिन्न स्थलों पर भी योग सत्र आयोजित किए गए।

## महापौर ने दिलाया स्वस्थ जीवन का संकल्प



12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर निगम लखनऊ मुख्यालय स्थित झंडी पार्क में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता करते हुए योग के माध्यम से स्वस्थ और संतुलित जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल रहीं, जिन्होंने स्वयं योगाभ्यास में भाग लेते हुए सभी उपस्थित लोगों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया।कार्यक्रम की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन के श्रवण के साथ हुई। झंडी पार्क में स्थापित बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित लोगों ने दोनों नेताओं का उद्बोधन सुना। अपने संदेश में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली तथा राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके बाद आयुष विभाग के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया।इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व के अनेक देशों में लोग योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## पुलिस मुख्यालय में डीजीपी ने किया योगाभ्यास



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पूरे प्रदेश भर में पुलिस परिवार ने 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार की सुबह प्रातः छह बजे पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर के प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष की थीम स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग रखा गया है। इसी तरह प्रदेश भर के सभी जिलों में पुलिस मुखिया के साथ वरिष्ठ अधिकारियों वे कर्मियों ने किया जिससे शरीर के साथ मन भी स्वस्थ रहे जिससे जीवनशैली समेत कार्यशैली में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है योग। इस अवसर पर राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक यूपी, पुलिस महानिदेशक ईओडबल्यू, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण निदेशालय, अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, सहित मुख्यालय के विभिन्न इकाईयों में नियुक्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। योगाभ्यास के दौरान सर्वश्रेष्ठ योगा एवं प्राणायाम प्रदर्शन करने वाले जयनारायण सिंह पुलिस महानिदेशक ईओडबल्यू, प्रताप गोपेन्द्र पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय, विशाल यादव अपर पुलिस अधीक्षक लाजिस्टिक, कृपा शंकर अपर पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था,कमल सिंह एसआईएम रूल्स एण्ड मैनुअल्स, को पुलिस महानिदेशक ने विशिष्ट प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें अवगत कराया कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ एवं सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ तनाव प्रबंधन, मानसिक एकाग्रता, कार्यक्षमता में वृद्धि करने का प्रभावी माध्यम है।

## योग भारत की प्राचीन धरोहर, इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं : ए.के. शर्मा



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने भाग लेकर योग के प्रति अपनी आस्था और प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग दिवस पर प्रसारित संबोधन को सुना और उसके बाद प्रशिक्षकों के निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास किया। योग सत्र में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया गया, जिससे उपस्थित लोगों को योग के शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी मिली।अपने संबोधन में ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति, ऋषि परंपरा और ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है। यह केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आज पूरी दुनिया को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी और आज विश्व के अनेक देशों में करोड़ों लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना चुके हैं।उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और शरीर के बीच संतुलन स्थापित करने की एक समग्र जीवन पद्धति है। योग व्यक्ति को आत्मानुशासन, मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करता है। उन्होंने महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग का उल्लेख करते हुए कहा कि योग जीवन को व्यवस्थित, अनुशासित और सार्थक बनाने का माध्यम है।

## उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अनुरक्षित विभिन्न पार्कों में भव्य एवं व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के पार्कों में 22 हजार से अधिक लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। शहर के विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। मुख्य कार्यक्रम गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल, प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम देवराज एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों ने सामूहिक योग अभ्यास करते हुए नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षित योगाचार्यों के निर्देशन में हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान उत्साह, ऊर्जा एवं सकारात्मकता का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि बीएल वर्मा ने कहा कि योग भारत की हजारों वर्षों पुरानी अमूल्य सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर है, जिसने आज वैश्विक स्तर पर मानव स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहचान बनाई है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक उन्नति एवं जीवन में संतुलन स्थापित करने का सशक्त साधन भी है।

## अमेरिका-ईरान समझौता: राहत भी, चुनौतियां भी

नज़रिया

अमेरिका और ईरान के बीच हुआ अंतरिम समझौता फिलहाल पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, लेकिन इसकी स्थिरता को लेकर अभी भी सवाल बने हुए हैं। इजरायल और अमेरिका की मुख्य चिंता यह है कि ईरान हमास, हिजबुल्ला और हाउती जैसे संगठनों का समर्थन करता रहा है। यदि ईरान इन समूहों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं करता, तो क्षेत्रीय तनाव फिर बढ़ सकता है।

ईरान लंबे समय से यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम चला रहा था, जिससे उसके परमाणु हथियार विकसित करने की आशंकाएं बढ़ीं। इसी कारण अमेरिका ने उस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। हालांकि प्रतिबंधों से ईरान की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई, फिर भी उसने अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह नहीं रोका। माना जाता है कि इसी पृष्ठभूमि में अमेरिका और इजरायल ने उस पर दबाव बढ़ाया। संघर्ष के दौरान ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य और खाड़ी क्षेत्र में अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई और तेल की कीमतों में वृद्धि देखी गई। अंततः दोनों पक्षों को बातचीत का रास्ता अपनाना पड़ा। अमेरिका इस समझौते को अपनी कूटनीतिक सफलता बता रहा है, जबकि ईरान भी इसे अपनी जीत के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। समझौते का सबसे बड़ा सकारात्मक प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। होर्मुज मार्ग खुलने से तेल आपूर्ति सामान्य हुई है और ऊर्जा कीमतों में नरमी आई है। भारत सहित अनेक देशों को इसका लाभ मिलेगा। यदि प्रतिबंधों में ढील जारी रहती है तो भारत के लिए ईरान से तेल आयात और चाबहार बंदरगाह परियोजना को आगे बढ़ाना आसान होगा। यह समझौता राहत देने वाला है, लेकिन इसकी वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिका और ईरान भविष्य में स्थायी एवं भरोसेमंद समझौते तक पहुंच पाते हैं या नहीं।

– भृगु नागर

## रिश्तेदारों को नौकरी देकर बिना कार्य लिए वेतन भुगतान

### सपा नेता ने मुख्यमंत्री से की मुख्य अभियंता के भ्रष्टाचार की शिकायत

अश्वनी श्रीवास्तव

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में तैनात अफसरों ने लूट मचा रखी है। इसके चलते सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर ग्रहण लगता नजर आ रहा है। जबकि इस योजना का मुख्य

- **सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार की खुलने लगीं परतें**

उद्देश्य लोगों के घर-घर तक पेयजल मुहैया कराना है। इस योजना में अगस्त 2020 में लघु सिंचाई विभाग से प्रतिनियुक्ति पर आये मुख्य अभियंता डीके सिंह पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। गौरतलब है कि विभाग में फैले इनके कारनामों के चलते समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री व टांडा के विधायक राममूर्ति वर्मा ने पिछ्ले महीने 22 मई 2026 को उनके भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले की शिकायत की है। इस शिकायत के मुताबिक डीके सिंह की नियुक्ति जल जीवन मिशन में तैनाती होते ही स्टील की टंकी सप्लाई करने वाली कंपनी से सांठगांठ कर प्रस्ताव स्वीकृत किया गया, जिसके एवज में उन्हें अनुचित लाभ मिला, और तो और तैनाती के बाद मुख्य अभियंता ने अपने घनिष्ठ रिश्तेदार सुनील कुमार सिंह, प्रतिभा सिंह ,अभिषेक सिंह ,अंकित सिंह ,श्याम सिंह, शिल्पी सिंह अमित सिंह और दिव्या सिंह को फर्जी दस्तावेज संलग्न कर संविदा पर मनचाहे वेतनमान पर नियुक्ति कर ली। दिलचस्प बात यह है कि जिन लोगों को मुख्य अभियंता ने नौकरी दी है। वे लोग कार्यालय में बिना कार्य करे अपना वेतन विभाग से ले रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि इसकी पुष्टि विभाग में लगे सीसीटीवी कैमरे और आवंटित पटल की पत्रावलियों से भी किया जा सकता है।


इसके साथ ही शिकायत में यह भी कहा गया है कि आवंटित ठेकों में अनुचित दबाव बनाकर रिश्तेदारों कि फर्मों में फर्जी भुगतान कराया जा रहा है। सपा नेता ने शिकायत में मुख्यमंत्री से यह भी कहा है कि कमेटी गठित कर इनकी जांच कराया जाना जरुरी है। इससे भी गंभीर आरोप शिकायत में यह लगाया गया है कि प्रतिनियुक्ति पर मुख्य अभियंता के यहां आने के बाद उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चों के नाम से अकूत संपत्ति बनाया है, जिसकी जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान से कराये जाने कि आवश्यकता है। जबकि शासनादेश संख्या-जी-176 /10-9-534(46)/78 टीसी 16 मार्च 190 के अनुसार प्रतिनियुक्ति मात्र तीन वर्ष की हो सकती है, लेकिन अपरिहार्य स्थिति में वित्त विभाग की अनुमति लेकर दो वर्ष के लिए और बढ़ाई जा सकती है। बावजूद इसके डीके सिंह छह वर्ष से अधिक समय हो जाने के बाद भी जल जीवन मिशन में जमे हुए हैं। इस संबंध में जब जल जीवन मिशन में तैनात मुख्य अभियंता डीके सिंह से बात की गई तो उनका कहना था कि वह किसी को नौकरी देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और न ही उनका कोई रिश्तेदार यहां उन्होंने नौकरी पर रखा है।

इसी तरह वेतन निकलने की बात पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि बिना कार्य लिए उन्हें किस आधार पर वेतन दिया जा रहा है।

## जानकी वाटिका में सामूहिक योग शिविर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से जानकीपुरम स्थित जानकी वाटिका पार्क में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम' का संदेश दिया है, जिसका तात्पर्य कर्मों को कुशलतापूर्वक संपन्न करना है। महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग और प्राणायाम के माध्यम से व्यक्ति शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक शांति प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व योग प्रशिक्षक रविशंकर वाजपेयी का स्वागत प्रो. मनोज अग्रवाल ने किया। इसके बाद रविशंकर वाजपेयी ने प्रतिभागियों को व्यायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम तथा ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन जीने की कला है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है।



# स्वच्छकार समाज को आरक्षण का वास्तविक लाभ दिलाने के लिए वर्गीकरण जरूरी : डॉ. लालजी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सामाजिक सरोकार फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय स्वच्छकार महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सप्रू मार्ग स्थित उद्यान भवन निदेशालय प्रेक्षागृह में स्वच्छकार समाज की समस्याएं और उनका समाधान विषय पर चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश सरकार की अनुसूचित जाति एवं जनजाति आपदा राहत समिति के सभापति डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल रहे।



डॉ. निर्मल ने कहा कि अनुसूचित जाति के आरक्षण का वर्गीकरण समय की आवश्यकता है, ताकि स्वच्छकार समाज सहित वंचित समुदायों को उनके अधिकारों का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरकार को समिति गठित कर ठोस पहल करनी चाहिए और आगामी विधानसभा चुनाव तक इस विषय को गंभीरता से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वच्छकार समाज की समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं। प्रदेश में प्रस्तावित आउटसोर्स निगम के सितंबर-अक्टूबर 2026 तक गठित होने की संभावना है, जिससे आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन एवं सेवा संबंधी विसंगतियों का समाधान हो सकेगा। डॉ. निर्मल ने स्वच्छकार समाज के युवाओं से शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की ओर अग्रसर होने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज के युवा आईएएस, पीसीएस और अन्य उच्च पदों पर पहुंचकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कौशल विकास मिशन एवं अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं से समाज के युवाओं को जोड़ने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अमेरिका के बाल्टीमोर स्थित जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के न्यूरो साइंस वैज्ञानिक डॉ. बच्चूलाल एवं उनकी पत्नी सुमित्रा देवी को सम्मानित किया गया। चिंतन शिविर तीन सत्रों में आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षा, रोजगार, तकनीकी प्रशिक्षण, महिलाओं की समस्याएं, सफाई कर्मियों की सुरक्षा, सेवा संबंधी मुद्दों तथा स्वच्छकार समाज की सामाजिक विसंगतियों एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में डॉ. राहुल वाल्मीकि, राम सिंह वाल्मीकि, राजेश विद्यार्थी एडवोकेट, राजेंद्र वाल्मीकि, मुन्ना सिंह धानुक, पृथ्वीराज चौहान, पी.एल. भारती, रचना चन्द्रा, नरेश वाल्मीकि, चंदन वाल्मीकि, प्रमोद हंस सहित विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# यूपी में बढ़े मुस्लिम मतदाता, सत्यापन की तैयारी तेज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार की गई मतदाता सूची के आंकड़ों का उच्च

### एसआईआर के बाद आंकड़ों के विश्लेषण में सामने आए नए संकेत

स्तर पर विश्लेषण किया जा रहा है। इस विश्लेषण में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या में लगभग 0.9 प्रतिशत वृद्धि दर्ज होने की बात सामने आई है। राजनीतिक और प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, एसआईआर से पहले राज्य में मुस्लिम मतदाताओं की हिस्सेदारी लगभग 18.6 प्रतिशत आंकी जा रही थी, जो अब बढ़कर 19.5 प्रतिशत तक पहुंच गई है। हालांकि चुनाव आयोग धार्मिक आधार पर मतदाताओं के आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं करता, इसलिए इन आंकड़ों का स्वतंत्र सत्यापन अभी शेष है।

विश्लेषण में यह भी सामने आया है कि हाल के वर्षों में मतदाता सूची में शामिल हुए नए मतदाताओं में मुस्लिम समुदाय की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। सूत्रों के अनुसार, फॉर्म-6 के माध्यम से पंजीकृत नए मतदाताओं में लगभग 35 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय से हैं। 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग में मुस्लिम मतदाताओं की हिस्सेदारी करीब 25 प्रतिशत तथा 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग में लगभग 22 प्रतिशत बताई जा रही है। इसे मुस्लिम युवाओं में मतदाता बनने के प्रति बढ़ती जागरूकता और सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। आंकड़ों के अध्ययन के दौरान मतदाता सूची में कुछ अनियमितताएं भी सामने आई हैं। अधिकारियों को ऐसे कई मामले मिले हैं, जिनमें अलग-अलग जिलों में रहने वाले लोगों ने एक ही व्यक्ति से पारिवारिक संबंध दर्शाए हैं। कुछ मामलों में एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग स्थानों पर दर्ज पाए गए हैं। इसके अलावा एक से अधिक वोटर आईडी नंबर अथवा दोहरी प्रविष्टियों जैसी स्थितियां भी चिन्हित की गई हैं। इन मामलों की जांच की जा रही है ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक विश्लेषण के आधार पर किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले व्यापक सत्यापन कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित जिलों और निर्वाचन अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी जा सकती है। सत्यापन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाता ही शामिल रहें तथा किसी प्रकार की त्रुटि या दोहराव को दूर किया जा सके। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2026 में अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद से ही विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर आंकड़ों का अध्ययन कर रहे हैं। आगामी चुनावों को देखते हुए सभी दल मतदाताओं की सामाजिक और आयुवर्गीय संरचना को समझने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या में वृद्धि और नए मतदाताओं की भागीदारी का मुद्दा राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल आबादी में मुस्लिम समुदाय की हिस्सेदारी लगभग 19.3 प्रतिशत थी। ऐसे में मतदाता सूची में उनकी बढ़ती हिस्सेदारी को लेकर विभिन्न स्तरों पर चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि मतदाता संख्या में बदलाव के पीछे जनसंख्या वृद्धि, मतदाता पंजीकरण अभियान, युवाओं की बढ़ती भागीदारी तथा प्रवासन जैसे अनेक कारण हो सकते हैं। अंतिम निष्कर्ष आधिकारिक सत्यापन और विस्तृत जांच के बाद ही सामने आएंगे।

# लखनऊ की श्रद्धा ने टॉप किया बिहार पीसीएस परीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में पीसीएस की परीक्षा पास करने के बाद लखनऊ में असिस्टेंट कमिश्नर कमर्शियल टैक्स के पद पर तैनात श्रद्धा पाण्डेय ने बड़ी उपलब्धि

### बनेंगी एसडीएम, बिहार लोक सेवा आयोग की संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में मिले ५९३ नंबर

हासिल की है। श्रद्धा ने बिहार लोक सेवा आयोग की संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में टॉप किया है। अब उनको बिहार में एसडीएस के पद पर तैनाती मिलेगी। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम शनिवार को जारी कर दिया। कुल 2035 पदों के विरुद्ध 2027 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। इसमें 1282 पुरुष और 745 महिला अभ्यर्थी हैं। टाप टेन में पांच पुरुष और इतनी ही महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। 593 अंक के साथ प्रतापगढ़ जिले की निवासी श्रद्धा पाण्डेय परीक्षा की टापर रहीं। प्रारंभिक परीक्षा 13 दिसंबर 2024 और चार जनवरी 2025 को आयोजित की गई थी। बीपीएससी 70वीं सीसीई की मुख्य परीक्षा 25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में कुल 20,034 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। वहीं इंटरव्यू के लिए कुल 5401 उम्मीदवार क्वालीफाई हुए थे। प्रतापगढ़ के रानीगंज क्षेत्र की रहने वाली श्रद्धा पाण्डेय बीपीएससी परीक्षा की टॉपर बनी है। अभी वह लखनऊ में असिस्टेंट कमिश्नर (वाणिज्य कर) के पद पर तैनात हैं। श्रद्धा पाण्डेय ने कॉलेज के दिनों से सिविल सेवा में जाने का मन बनाया था। श्रद्धा ने अपनी सफलता का श्रेय स्वाध्याय को दिया। उन्होंने कहा कि रोजाना चार से पांच घंटे की पढ़ाई और समाचार पत्रों का नियमित अध्ययन करने से कामयाबी पाई जा सकती है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि मोबाइल का प्रयोग अध्ययन के लिए कम से कम करें।

# राम पथ धंसने मामले की हो जांच : कांग्रेस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अयोध्या में अमानीगंज जलकल विभाग के पास एक बार फिर राम

### भ्रष्टाचार की जताई आशंका

पथ के धंसने की घटना पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस का आरोप है कि करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित राम पथ का बार-बार धंसना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी राम पथ के विभिन्न हिस्सों में धंसाव और निर्माण संबंधी खामियों की शिकायतें सामने आ चुकी हैं।

पार्टी का कहना है कि भगवान राम की नगरी में बनाई गई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में यदि बार-बार ऐसी घटनाएं हो रही हैं, तो इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की कथित डबल इंजन व्यवस्था में विकास कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हुई है और जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। पार्टी ने कहा कि प्रभु राम के नाम पर बनाई जा रही परियोजनाओं में भी यदि पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, तो यह बेहद चिंताजनक है। कांग्रेस ने राम पथ निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने तथा दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पार्टी का कहना है कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि बार-बार सड़क धंसने के पीछे आखिर जिम्मेदार कौन है।

# प्रदेश की आबादी 25 करोड़ पार होने के संकेत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश में जनगणना-2027 का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। मकान सूचीकरण एवं आवास गणना के तहत प्रदेश भर में लगभग छह करोड़ मकानों का सर्वेक्षण किया गया है।

### जनगणना का पहला चरण पूरा

### छह करोड़ मकानों का हुआ सर्वेक्षण

प्रारंभिक आंकड़ों और पिछले जनसंख्या वृद्धि के रुझानों को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि राज्य की आबादी 25 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है। हालांकि वास्तविक जनसंख्या का आधिकारिक आंकड़ा अगले वर्ष होने वाली व्यक्तिगत और जातीय गणना के बाद ही सामने आएगा। जनगणना के पहले चरण के अंतर्गत 7 मई से 21 मई तक नागरिकों को स्वगणना का अवसर दिया गया था। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक सरकारी कर्मचारियों ने घर-घर जाकर मकानों और परिवारों से संबंधित जानकारी एकत्र की। इस विशाल अभियान में प्रदेश भर में लगभग पांच लाख कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। उल्लेखनीय है कि मकान गणना के दौरान प्रत्येक घर से 33 विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी जुटाई गई। इनमें मकान की स्थिति, निर्माण की प्रकृति, स्वामित्व की स्थिति, पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट, परिवहन साधन और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विवरण शामिल रहे। इसके साथ ही परिवारों की आधारभूत सामाजिक और आर्थिक जानकारी भी दर्ज की गई।

प्रदेश के सभी 75 जिलों में जनगणना कार्य के लिए व्यापक प्रशासनिक ढांचा तैयार किया गया था। इसके तहत 350 तहसील, 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायत, 13 छावनी परिषद और आठ औद्योगिक टाउनशिप को मिलाकर कुल 1,195 चार्ज क्षेत्र बनाए गए। इन क्षेत्रों के अंतर्गत लगभग 1.04 लाख गांवों और 14,983 शहरी वार्डों में स्थित 3,90,717 मकान सूचीकरण ब्लॉकों में सर्वेक्षण कार्य पूरा किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल मकानों की संख्या के आधार पर आबादी का सीधा अनुमान लगाना उचित नहीं होगा। यदि छह करोड़ मकानों में औसतन पांच व्यक्ति प्रति परिवार मान लिए जाएं तो आबादी 30 करोड़ तक पहुंचती दिखाई देती है, लेकिन इसमें खाली मकान, व्यावसायिक भवन और अन्य कारकों को भी ध्यान में रखना आवश्यक है। जनसंख्या वृद्धि के ऐतिहासिक रुझानों और जनसांख्यिकीय आकलनों के आधार पर विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्तर प्रदेश की वास्तविक आबादी 25 करोड़ से अधिक और लगभग 28 करोड़ के आसपास हो सकती है। अंतिम और प्रमाणिक आंकड़े अगले चरण की गणना के बाद ही उपलब्ध होंगे। जनगणना का दूसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण फरवरी 2027 से शुरू होने की संभावना है। इस चरण में प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी के साथ जातीय विवरण भी दर्ज किया जाएगा। इसी चरण के आधार पर राज्य और देश की वास्तविक जनसंख्या संरचना, सामाजिक वर्गों की स्थिति तथा विभिन्न समुदायों की संख्या का आकलन किया जाएगा। सरकारी सूत्रों के अनुसार दूसरे चरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आंकड़ों का संकलन और सत्यापन किया जाएगा तथा मार्च 2028 तक आधिकारिक जनगणना रिपोर्ट जारी होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। उस समय राज्य की कुल आबादी 19 करोड़ 98 लाख 12 हजार 341 दर्ज की गई थी। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या वृद्धि का इतिहास बताता है कि बीते एक शताब्दी में राज्य की आबादी लगातार बढ़ती रही है। वर्ष 1901 में प्रदेश की आबादी लगभग 4.66 करोड़ थी, जो 2011 तक बढ़कर लगभग 20 करोड़ तक पहुंच गई। पिछले कई दशकों में प्रत्येक जनगणना के दौरान आबादी में 20 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है।

# क्यूएस रैंकिंग 2026 में लखनऊ के मेडिकल संस्थानों का शानदार प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लखनऊ के प्रमुख संस्थानों ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट 2026 (मेडिसिन) में एसजीपीजीआई और केजीएमयू दोनों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। एसजीपीजीआई ने इस वर्ष रैंकिंग में बड़ा सुधार किया है। संस्थान को 401-450 श्रेणी में स्थान मिला है, जबकि पिछले वर्ष यह 551-600 श्रेणी में था। अर्थात संस्थान ने लगभग 100 से अधिक स्थानों की छलांग लगाई है। रिपोर्ट के अनुसार, एसजीपीजीआई को शैक्षणिक प्रतिष्ठा में 54.2 अंक और शोध पत्रों के उद्धरण (संदर्भ/उल्लेख) में 66.5 अंक प्राप्त हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर शोध कार्य, चिकित्सकीय प्रशिक्षण और मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का असर सीधे रैंकिंग पर दिखाई दिया है। केजीएमयू ने लगातार दूसरे वर्ष 701-850 श्रेणी में अपनी स्थिति बनाए रखी है।

हालांकि रैंकिंग में कोई बड़ा सुधार नहीं हुआ, लेकिन संस्थान ने अपनी स्थिरता बनाए रखी है। केजीएमयू प्रशासन के अनुसार, चिकित्सा शिक्षा, शोध गतिविधियों और मरीजों के उपचार की सुविधाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। ट्रॉमा सेंटर का विस्तार और नए विभागों की शुरुआत जैसे कदम भी उठाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली ने 105वीं रैंक हासिल कर भारत में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद कई प्रमुख संस्थान अलग-अलग श्रेणियों में शामिल रहे। क्यूएस रैंकिंग 2026 में लखनऊ के दोनों प्रमुख मेडिकल संस्थानों का प्रदर्शन यह दर्शाता है कि भारत में चिकित्सा शिक्षा और शोध का स्तर लगातार मजबूत हो रहा है। एसजीपीजीआई की तेज प्रगति और केजीएमयू की स्थिरता दोनों ही सकारात्मक संकेत माने जा रहे हैं।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम बिनीता (BINITA) पुत्री राम सजीवन है जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या- 4428 2830 4207 में मेरा नाम विनीता (VINEETA)अंकित हो गया है जो कि गलत हैं भविष्य में मुझे मेरे सही नाम बिनीता (BINITA) पुत्री राम सजीवन के नाम से जाना व पहचाना जाए।
एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।
**बिनीता पुत्री राम सजीवन ग्राम पूरे समशेर सिंह पो.- अटौरा बुजुर्ग जि. रायबरेली उत्तर प्रदेश- 229121**

सी.आर.- 563/D


# योग दिवस पर हजारों लोगों ने किया योगाभ्यास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महराजगंज के धनेवा स्थित जिला स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने किया।

योग प्रशिक्षक देवेंद्र सिंह, रानी चंद्रा, शोभित सिंह और शुभम द्विवेदी के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया।

कार्यक्रम का संचालन द्विवेदी सिंह और शुभम द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, आकाश गुप्ता, जगदीश मिश्रा, दिनेश जायसवाल और लालजी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

फरेंदा के परमेश्वर सिंह डिग्री कॉलेज में पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह तथा चौक नगर पंचायत के गुरु गोरक्षनाथ स्टेडियम में सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णगोपाल जायसवाल ने भी योग कार्यक्रमों में भाग लिया।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम राजेश कुमार तिवारी (Rajesh Kumar Tewari) पुत्र स्व.हरिहर नाथ तिवारी है,जोकि मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0 - 7209 4361 1613 मे मेरा नाम राजेश कुमार तिवारी (Rajesh Kumar Tiwari) अंकित हो गया है जोकि गलत है भविष्य में मुझे मेरे सही नाम राजेश कुमार तिवारी (Rajesh Kumar Tewari) पुत्र स्व. हरिहर नाथ तिवारी के नाम से जाना व पहचाना जाये।
एतत द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक ऑपचारिकताये स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।
**राजेश कुमार तिवारी पुत्र स्व0 हरिहर नाथ तिवारी पता- 794/671 कर्नल गंज इलाहाबाद उ0प्र0 211002**

सी.आर.- 563/D

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**
**संख्या 21 / ECTC, PRG/2026-27**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 21/ECTC, PRG/2026-27 से सम्बन्धित आवश्यक विवरण (धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं कार्यावधि) इलेक्ट्रानिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका पूर्ण विवरण ई-पोर्टल पर उपलब्ध है। निविदा अभिलेख/प्रपत्र ऑनलाईन उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर दिनांक 29.06.2026 को 14:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जिसे डाउनलोड कर ऑनलाईन http://etender.up.nic.in साइट पर दिनांक 29.06.2026 को 14:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। निविदायें दिनांक 30.06.2026 को 15.00 बजे से खोली जायेंगी। विस्तृत विवरण एवं अन्य कोई सुधार / परिवर्तन / संशोधन / विस्तार / शुद्धिपत्र हेतु उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर देख सकते है। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ०प्र०पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड 57- जार्ज टाउन, प्रयागराज। हेल्प लाईन दूरभाष सं0 0532-2256298, **"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, प्रयागराज।**
पत्रांक-1296/वि0जा0पा0म0(प्र)/टी-4
दिनांक-20-6-2026



आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड IREL (India) Limited
Formerly Indian Rare Earths Limited
(भारत सरकार का उपक्रम)
(A Government of India Undertaking)
CIN: U15100MH1950GOI008187 Website: www.irel.co.in
ISO 9001 : 2015, ISO 14001 : 2015 & ISO 45001 : 2018 Company

संदर्भ–विज्ञा 26–27/6 निविदा नोटिस दि. 16.06.2026 & 19.06.2026
/Ref: ADVT-NO-26-27/6 TENDER NOTICE Date: 16.06.2026 & 19.06.2026
IREL(India) Limited, Chavara invites Bid for the following items/job descriptions.

| कार्य सं/Event No. (GeM) | काम / मद विवरण / Job/Item Description |
|---|---|
| GEM/2026/B/7669367 | Desilting of thottappally harbor mouth and its channel by engaging 100 Ton capacity suction dredger-For 60000 Tons |
| GEM/2026/B/7698541 | Engagement of 3 nos. of wheel loaders on hourly fixed rental chargeable basis |

विवरण निविदा फार्म http://irel.co.in or http://gem.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है। निविदा में कोई शुद्धिपत्र / विस्तार वेबसाइट में ही डाल सकते है। Bidder may download tender document from http://irel.co.in or http://gem.gov.in website. Any corrigendum / extension to above tenders shall be hosted in above websites only.
CBC 48139/11/0007/2627 ह. प्रधान, चवरा / -Sd/- Head, Chavara


# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी और सिक्स्थ सेंस योग स्टूडियो के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक पुंडरीकाक्ष मिश्रा और डॉ. निरुपमा सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग के अनुरूप प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम और ध्यान के लाभों की जानकारी दी गई। स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी की अध्यक्षा डॉ. निरुपमा सिंह ने संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली तथा स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए करें योग रहें निरोग का संदेश दिया।


**स्वतंत्र भारत**
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरे पुत्र के आधारकार्ड में उसका नाम सेमवीर सिंह व जन्मतिथि 03.11.2011 अंकित है जो गलत है जबकि उसका सही नाम समरवीर सिंह व जन्मतिथि 12.08.2012 है। दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है। जसवीर सिंह पुत्र तेज बहादुर सिंह ग्रा0 मुडिलाडीह, पो0 मुडिला तुलसीपुर, बलरामपुर।
**सी.आर.- 561/D-33**



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda** भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक
**अर्जुनगंज शाखा, ग्राम सरसावाँ, अर्जुनगंज, लखनऊ-226002 (उत्तर प्रदेश)**
मो0:-7563008631, ई मेल- arjung@bankofbaroda.com

अनुबंध-14

**चल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
वाहन नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तें

आम जनता एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने पक्षों द्वारा निष्पादित बंधक / ऋण समझौते के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित बंधक मोटर वाहन को पुनः प्राप्त / जब्त कर लिया है और वाहन को "जैसा है, जहां है", "जैसा है, जो है" और "जो भी उपलब्ध है" के आधार पर नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। उधारकर्ता / जमानतकर्ता / वाहन / कुल बकाया राशि / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

**ई-नीलामी की तिथि 23.07.2026** | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 22.07.2026 सायं 04.00 बजे तक**

| क्र. सं. | ऋणियों / जमानतदारों का नाम एवं पता | सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अधिकारों सहित, यदि कोई हो | कुल बकाया | ई-नीलामी की तिथि एवं समय / बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | ए. आरक्षित मूल्य बी. बयाना राशि (ईएमडी) सी. वृद्धि बोली राशि | ईएमडी जमा खाता संख्या / IFSC कोड / शाखा का नाम | वाहन / चल संपत्ति निरीक्षण हेतु दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुष्का गुप्ता, [illegible] सं. 1546, [illegible] सिटी [illegible], ए आर जयपुरिया स्कूल के पास, लखनऊ 226017 | Vehicle- Alto K 10 Make- 2023 Model- Alto K10 VX+ Regn No. UP32 NP 7074 Engine No. K10CN1130964 | रू. 4,92,609.00 (दिनांक 20.06.2026 तक ब्याज सहित) + अतिरिक्त ब्याज, लागत, शुल्क एवं खर्चे | 23.07.2026 दोपहर 02.00 बजे से 06.00 बजे (प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) / 22.07.2026, 04.00 बजे तक | रू0 2,50,000/- (आरक्षित मूल्य) / रू0 25,000/- (अग्रिम धनराशि) / रू0 2,000/- (न्यूनतम बिड बढ़ोत्तरी राशि) | A/c No- [illegible] / IFSC- BARB0ARJUNG / शाखा अर्जुनगंज | 21.06.2026 से 18.07.2026 [illegible] 11.00 AM से 04.00 PM |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल https://baanknet.in पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी / शाखा से मोबाइल नंबर 7563008631 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 21.06.2026 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा


# सीएमएस शिक्षिका ऋचा बिस्ट को मिला गोल्ड मेडल

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर प्रथम कैम्पस की शिक्षिका सुश्री ऋचा बिस्ट को उनकी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल हेतु गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया है। सुश्री ऋचा ने यह उपलब्धि क्रेस्ट टीचर्स मैथमेटिक्स ओलम्पियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर अर्जित की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सुश्री ऋचा बिस्ट ने इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड के द्वितीय चरण में 90.48 प्रतिशत जबकि तृतीय चरण में 94.29 प्रतिशत अंकों के साथ गोल्ड मेडल के साथ ही सार्टिफिकेट ऑफएक्सीलेन्ट प्रोफिशियन्सी अर्जित कर अपनी शिक्षण प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. शिक्षिका की यह उपलब्धि शिक्षण के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता व विशेषज्ञता का प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षण पद्धति की विशेषता को दर्शाती है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस उपलब्धि हेतु सुश्री ऋचा बिस्ट को हार्दिक बधाई दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है तथापि सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 67 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फलखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है।

# प्रदेश भर में पुलिस जवानों ने मनाया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** वहीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महानिदेशक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उत्तर प्रदेश पी.सी. मीना ने कार्यक्रम के दौरान आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के योगाचार्य राजीव अरोड़ा एवं उनकी सहयोगी सुजाता गुप्ता के प्रशिक्षण में प्रशिक्षुओं और कार्मिकों समेत कारागार मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर जेल महानिदेशक कारागार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित तथा जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने






सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन किसी भी संगठन की कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के उपरांत प्रशिक्षण संस्थान परिसर स्थित नवग्रह वाटिका में वृक्षारोपण कर उसका उद्घाटन भी किया गया। समापन अवसर पर प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. रामधनी ने सभी अतिथियों, योग प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधीक्षक रंग बहादुर पटेल, वित्त एवं लेखा अधिकारी शशिकला वर्मा, अधिशासी अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान शरेन्दु त्रिपाठी सहित कारागार विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### यूपी-112 भवन प्रांगण में डीजी विनोद कुमार सिंह ने किया योग

'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है।' इसी मूल मंत्र के साथ रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर यूपी-112 मुख्यालय के प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पुलिस महानिदेशक यूपी-112 विनोद कुमार सिंह ने किया कार्यक्रम में डॉ एजिल रसन पुलिस महानिरीक्षक, शहाब रशीद खान पुलिस उपमहानिरीक्षक, निधि सोनकर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक समेत विभाग के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकजुट होकर शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार योगाभ्यास किया।

इस वर्ष आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की गाइडलाइन तथा स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग की विशेष टैगलाइन को केंद्र में रखकर पूरा अभ्यास क्रम संपन्न कराया गया। प्रशिक्षित योग शिक्षक डॉ. सौष्ठव शर्मा एवं उनकी सहयोगी डॉ. कल्पना सिंह उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने उपस्थित सभी अधिकारीगणों और जवानों को आयुष मंत्रालय के कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर महानिदेशक विनोद कुमार सिंह ने दोनों आमंत्रित योग शिक्षकोंको उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल की बेहद व्यस्त और चुनौतीपूर्ण दिनचर्या के बीच उनके मानसिक व शारीरिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही यूपी 112 के सभी अधिकारियों और जवानों को योग को अपने दैनिक जीवन में पूरी तरह समाहित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए शारीरिक रूप से फिट और मानसिक रूप से शांत रहना आवश्यक है ताकि वे जनता की सुरक्षा और सेवा और अधिक संवेदनशीलता व कुशलता से कर सकें।

# कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मां की मौत व बेटा घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित नवाबगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर कायस्थान गांव में रविवार को बेकाबू कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार महिला की मौत हो गई और हादसे में उसका बेटा घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजने के साथ ही शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि हादसे में नवाबगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर कायस्थान गांव निवासी उर्मिला देवी (60) पत्नी लालजी की मौत हुई है। हादसे में बाइक चला रहे मृतका का बेटा रिंकू घायल हुआ है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिवार के लोगों ने बताया कि उर्मिला देवी रविवार सुबह घर से संगत में जाने के लिए मोटरसाइकिल से अपने बेटे रिंकू के साथ निकली। रास्ते में एक बेकाबू कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उर्मिला की मौत हो गई और उसका बेटा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों को नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उर्मिला देवी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिवार से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की।

**■ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

## खबर एक नजर

### दबंगों ने बाइक सवार युवक पर की फायरिंग, एक गोली हाथ में लगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के आटा थाना क्षेत्र के अटरिया गांव में दबंगों ने बाइक सवार एक युवक संजीव पर फायरिंग कर जानलेवा हमला किया गया। इस घटना में युवक के हाथ में गोली लगी, जबकि दूसरी गोली उसकी बाइक में जा लगी। फायरिंग की वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। फिलहाल, पुलिस ने तहरीर के आधार पर 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायल ने पुलिस को बताया कि चार लोगों ने उस पर गोली चलाई, मारपीट की और गला दबाने की कोशिश की। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना की सूचना मिलने के बाद एडिशनल एसपी और सीओ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। घायल युवक को जिला अस्पताल उरई में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है। सीओ राजेश कमल ने बताया कि मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है।।

### फैक्ट्री में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर 9 के बी ब्लॉक में स्थित एक फैक्ट्री में रविवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल विभाग की छह गाड़ियों ने आग पर काबू पाया और किसी के हताहत नहीं होने की जानकारी दी। मुख्य अग्नि शमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर 9 के बी- ब्लॉक में स्थित एक कंपनी में रविवार को अज्ञात कारण से भयंकर आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग की सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की छह गाड़ियां पहुंची। करीब 02 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण और आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



### सोलहवीं मंजिल से कूदकर युवती ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नोएडा में थाना बिसरख क्षेत्र के अम्रपाली गोल्फ होम सोसाइटी में रहने वाली एक 19 वर्षीय युवती ने 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर को पुलिस को सूचना मिली कि आम्रपाली गोल्फ होम सोसाइटी में रहने वाली एक 19 वर्षीय युवती ने 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान हरेंद्र सिंह तोमर की बेटी तनिष्का तोमर के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि मौके पर परिजन मौजूद और पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लग रही है।

### नदी में मिले युवती के शव की हुई शिनाख्त

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** शनिवार गोमती नदी में मिली युवती की लाश की शिनाख्त पुलिस ने रविवार को कर ली। मृतका की पहचान सोनम रावत पत्नी रत्नेश उर्फ रिंकू के रूप में हुई है। सोनम मूल रूप से उन्नाव के हसनगंज क्षेत्र स्थित हाजीपुर तिराहा की रहने वाली थी। लखनऊ के बालागंज में वर्तमान मायका है। परिजनों के मुताबिक सोनम की शादी इसी साल करीब डेढ़ महीने पहसे 8 मई को रत्नेश उर्फ रिंकू से हुई थी। रत्नेश मजदूरी का काम करता है। सोनम अपने माता-पिता श्रीपाल और नीलम की इकलौती बेटी थी। उसके तीन भाई प्रताप, सचिन और प्रमोद हैं। शुक्रवार रात करीब 8 बजे सोनम अपने पति और ननद खुशबू के साथ ससुराल से लखनऊ के बालागंज (ठाकुरगंज) स्थित मायके आई थी। इसी दौरान वह बिना किसी को बताए घर से निकल गई। काफी तलाश के बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने शनिवार को थाना ठाकुरगंज में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महिला शव मिलने के बाद परिजनों से उसकी पहचान करवाई गई थी। परिजनों ने हाथ पर बने टैटू से रविवार को उसकी पहचान की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

### तेज रफ्तार कार कांशीराम की प्रतिमा के पिलर से टकराई, मुकदमा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल परिसर में शनिवार तड़के एक तेज रफ्तार कार ने कांशीराम जी की प्रतिमा के पिलर में टक्कर मार दी। घटना में पिलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके अधिकांश पत्थर टूट गए। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सहायक प्रबंधक अनिल कुमार सिंह की ओर से गोमतीनगर थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, 20 जून की रात करीब 3 बजे जानकारी मिली कि कार संख्या यूपी 32 एमवी 0532 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए भागीदारी भवन स्थित कांशीराम जी की प्रतिमा के पिलर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिलर के लगभग सभी पत्थर टूट गए। तहरीर में बताया गया है कि क्षतिग्रस्त सरकारी संपत्ति की मरम्मत पर करीब 1.50 लाख रुपए खर्च आने का अनुमान है। मामले में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए सहायक प्रबंधक ने गोमती नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

# युवक से मारपीट कर स्मार्ट वाच व चेन लूटी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात करीब 12 बजे एक युवक पर दो अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। युवक अपने पालतू कुत्ते को टहलाने निकला था, तभी उसे पीटकर उसकी स्मार्ट वाच और नकदी लूट ली गई। हमले में युवक बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक राम टोला खारीका निवासी करन, जो एक जेप्टो स्टोर में कार्यरत हैं, अपने पालतू कुत्ते को टहलाने के लिए श्रीलंका ग्राउंड के पास सेंट फ्रांसिस स्कूल की ओर गए थे। परिजनों के अनुसार, इसी दौरान वहां मौजूद दो युवकों ने उन्हें रोका और पैसे मांगने लगे। करन द्वारा विरोध करने पर हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। परिजनों ने बताया कि हमलावरों ने डंडों और हाथों में पहने कड़ों से करन पर लगातार वार किए। जब उनका पालतू कुत्ता अपने मालिक को बचाने के लिए भौंकने लगा, तो उसे भी मारने का प्रयास किया गया, जिसके बाद कुत्ता डरकर भाग गया। बदमाशों ने करन की स्मार्ट वाच, गले की चेन और नकदी छीन ली। उन्होंने करन का मोबाइल फोन भी तोड़कर फेंक दिया। हमले में करन की ठुड्डी पर गंभीर चोट आई और वह बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। देर रात तक घर न लौटने पर करन का भाई दीपू उसे खोजने निकला। करीब रात 2 बजे करन लहूलुहान हालत में घर की ओर आता मिला। परिजन उसे तुरंत पीजीआई थाने ले गए, जहां से उसे इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। उपचार के बाद पुलिस ने करन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि रात होते ही श्रीलंका ग्राउंड और उसके आसपास के इलाकों में नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। उन्होंने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और नशेड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## पारिवारिक कलह में युवक ने लगाई फांसी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक निगोहां इलाके के भगवानपुर गांव में रहने वाले पुत्तीलाल ने अपने घर के बरामदे में चादर के सहारे फांसी लगाई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पुत्तीलाल शराब का आदी था। रविवार सुबह उसका अपनी पत्नी रीता से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद वह घर के अंदर चला गया। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे फंदे से लटका हुआ पाया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

निगोहां के एसओ अनुज तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। मृतक की पत्नी रीता आठ माह की गर्भवती है। पति की मौत के बाद वह सदमे में है। गांव में भी इस घटना को लेकर गंभीर माहौल है।

# फर्जी अधिकारी बनकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** साइबर और आर्थिक अपराधों पर शिकंजा कसते हुए गोरखपुर पुलिस ने एक ऐसे अंतरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो खुद को बैंक अधिकारी बताकर लोगों को झांसे में लेकर ठगी करता था। पुलिस ने इस गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। इस कार्रवाई से ठगी के शिकार लोगों में उम्मीद जगी है और अपराधियों में हड़कंप मच गया है। एसपी सिटी निमिष पाटिल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गोरखनाथ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मोहित चावला निवासी बिजनौर और रोहित यादव निवासी लखनऊ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ और जांच पड़ताल से जानकारी हुई यह एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं, जो विभिन्न जिलों में



जाकर खुद को बैंक अधिकारी या बैंक मैनेजर बताकर लोगों को ठगने का काम करते थे। गिरोह का मुख्य सरगना मोहित चावला गोरखपुर समेत अन्य शहरों में जाकर वारदात को अंजाम देता था और स्थानीय स्तर पर भी उसे सहयोग मिलता था। साइबर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी भोले-भाले लोगों को बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) कराने, अधिक ब्याज दिलाने या पुराने नोटों के बदले नए नोट उपलब्ध कराने का लालच देकर अपने जाल में फंसाते थे। इसी क्रम में एक व्यक्ति को निशाना बनाकर लाखों रुपये की ठगी की साजिश रची थी। पीड़ित की शिकायत पर थाना गोरखनाथ में मुकदमा दर्ज कर बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में आकर बैंकिंग से जुड़ी जानकारी या धनराशि न दें और किसी भी फोनकर्ता या फिर बैंक अधिकारी बनकर ऑफर देता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते ऐसे अपराधियों पर कार्रवाई की जा सके।

## विधायक के एस्कॉर्ट वाहन व ट्रक की टक्कर, दरोगा की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नोएडा के थाना जेवर क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर मथुरा के विधायक की सुरक्षा में चल रही एस्कॉर्ट की जीप में रविवार दोपहर को गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में एक दरोगा की मौत हो गई, जबकि एस्कॉर्ट में लगा एक अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा रवि शंकर निम में बताया कि जनपद मथुरा से विधायक राजेश चौधरी रविवार दोपहर को मथुरा से जेवर एयरपोर्ट पर फ्लाइट पकड़ने के लिए जा रहे थे। उनकी एस्कॉर्ट में चल रही बोलेरो जीप में गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में जीप में सवार राजेंद्र सिंह यादव और आरक्षी सुल्तान सिंह आदि गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

जहां डॉक्टरों ने राजेंद्र सिंह यादव (तैनाती पुलिस लाइन मथुरा) को मृत घोषित कर दिया। आरक्षी सुल्तान सिंह और अन्य को मामूली चोट आई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# अलग-अलग सड़क हादसों में युवक समेत महिला की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उरई जिले के कालपी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावगंज में शनिवार की देर रात सड़क हादसे में 35 वर्षीया अंजु की मौत हो गई। सभी शादी समारोह में खाना बनाने का काम करती थी। वहीं दूसरा हादसा प्रयागराज जिले के धूमनगंज थाना क्षेत्र में पीएसी गेट के समीप शनिवार की देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई मृतक फर्रुखाबाद में तैनात जिला सेवायोजन अधिकारी का चचेरा भाई था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाते हए शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि अंजु अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए शादी समारोहों में खाना पकाने का कार्य करती थीं। रात को काम खत्म करने के बाद लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें तेज रफ्तार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंजु गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही कालपी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंजु के मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।



वह अपने पीछे तीन बेटियां और दो बेटे छोड़ गई हैं। मां की असमय मौत से पांचों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है।कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## जिला सेवायोजन अधिकारी के चचेरे भाई की मौत

पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि प्रयागराज जिले के सराय इनायत थाना क्षेत्र के जिबईयां बुजावन का पूरा गांव निवासी प्रशांत तिवारी (30) पुत्र कैप्टन तिवारी की मौत हुई है।मृतक के परिवार के लोगों ने बताया कि प्रशांत मोटरसाइकिल से शनिवार को कहीं गया था। वापस लौटते समय धूमनगंज थाना क्षेत्र के पीएसी गेट के समीप सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिवार को दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोग पहुंचे। पुलिस ने परिवार से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज विधिक कार्रवाई की। हादसे में मृत युवक के चचेरे भाई अमित तिवारी फर्रुखाबाद में तैनात जिला सेवायोजन अधिकारी के पद पर तैनात हैं।

# घर लौट रहे युवक को थार ने उड़ाया, मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में अस्पताल से घर लौट रहे एक युवक को तेज रफ्तार थार ने उड़ा दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक उछलकर करीब 100 फीट दूर गिरा। युवक की ऑन स्पॉट मौत हो गई। युवक मंडोली गांव के शिवमंगल का बड़ा बेटा हिमालय (26) था। उसका छोटा भाई हिमांशु कुछ दिन पहले आम के पेड़ से गिरकर घायल हो गया था। उसका इलाज गांव से करीब 7 किलोमीटर दूर ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित बालागंज में एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है।

हिमालय अपने भाई को खाना देकर अस्पताल से घर लौट रहा था तभी गांव के बाहर हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक, मंडोली काकोरी निवासी हिमालय (26) पुत्र शिवमंगल शनिवार देर शाम अपने भाई को देखने और खाना देने बालागंज में एरा हॉस्पिटल गया था।

वहां से ऑटो से लौटकर आया। गोलाकुंआ गांव के सामने उतरा। वहां से हरदोई रोड पार कर अपने गांव मंडोली की ओर पैदल जाने लगा। रात के 9 बज रहे थे। रोड खाली होने पर वह पैदल पार करने लगा। तब तक एक बेकाबू थार ने उसे टक्कर मार दी। इस टक्कर के लगने से वह हिमालय कार से भी ऊंचा उड़ा और 100 फीट दूर जाकर सड़क पर ही गिरा। इसी दौरान उसकी



मौत हो गई। जानकारी मिलते ही गांववाले वहां पर इकट्ठा हो गए।हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में गांव के लोग मौके पर जुट गए। युवक की मौत से गुस्साए लोगों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह प्रदर्शन करीब 3 घंटे रात 12 बजे तक चला। इस दौरान ग्रामीण लगातार मुआवजा देने और दोषी वाहन चालक को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने में करीब 3 घंटे लग गए। इस दौरान हरदोई रोड पर करीब डेढ़ किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। हिमालय अपने परिवार में सबसे बड़ा था और घायल छोटा भाई हिमांशु, दो बहनें हिमांशी व रागिनी हैं। स्थानीय लोगों का कहना रहा कि वही एक मात्र अपने परिवारीजनों के जीविकोपार्जन का एक मात्र सहारा था।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

लखनऊ के महिंगवा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। शनिवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक झाड़ियों में जा गिरा था। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान बेनीपुर, महिंगवा निवासी राहुल मिश्रा के रूप में हुई है। राहुल रात करीब 9 बजे पहाड़पुर से कुम्हराव की ओर पैदल जा रहे थे। प्रवीण एसोसिएट लोहा भंडार के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल सड़क से दूर झाड़ियों में जा गिरे। रविवार दोपहर एक दुकानदार की नजर झाड़ियों में पड़े शव पर पड़ी। उसने तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस जांच में मृतक की पहचान राहुल मिश्रा के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। महिंगवा थाना प्रभारी राधे श्याम मौर्या ने बताया कि राहुल मिश्रा खेती किसानी का काम करते थे। अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

**■ करीब 12 घंटे से अधिक झाड़ियों में पड़ा रहा शव**



# वार्ता का समय न देना लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध : शैलेंद्र दुबे

## संगठनों ने कहा, आयोग अध्यक्ष को भेजेंगे संयुक्त ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आठवें वेतन आयोग की टीम द्वारा 22 एवं 23 जून को लखनऊ में आयोजित बैठक में राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों तथा बिजली कर्मियों के संगठनों को वार्ता के लिए निर्धारित न दिए जाने पर रविवार को विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से तीव्र विरोध दर्ज कराया। इस संबंध में लखनऊ प्रेस क्लब में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी, राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष आरके निगम, राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष एसएस मिश्र, राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष राजेश सिंह तथा अन्य कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ कहा कि आठवां वेतन आयोग देशभर में राज्यों का दौरा कर कर्मचारियों के वेतन एवं सेवा परिस्थितियों का अध्ययन कर रहा है। लखनऊ प्रवास के दौरान आयोग द्वारा अखिल भारतीय सेवाओं के संगठनों को वार्ता का अवसर देना और राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों तथा बिजली कर्मियों के संगठनों को पूरी तरह नजरअंदाज करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और भेदभावपूर्ण है।शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि आठवें वेतन आयोग के टर्म्स आफ रेफरेंस में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि आयोग अपनी संस्तुतियां देने से पूर्व राज्यों की वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करेगा, क्योंकि वेतन आयोग की सिफारिशों का वित्तीय भार राज्यों को वहन करना पड़ता है। ऐसे में राज्य कर्मचारियों और बिजली कर्मियों के संगठनों का पक्ष



सुने बिना कोई भी समग्र एवं न्यायपूर्ण रिपोर्ट तैयार नहीं की जा सकती।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पांचवें वेतन आयोग के बाद से कर्मचारियों, शिक्षकों और बिजली कर्मियों का वेतन निर्धारण केंद्र सरकार के वेतन आयोगों की संस्तुतियों के अनुरूप किया जाता है। साथ ही, पांचवें वेतन आयोग के बाद राज्य में कर्मचारियों एवं बिजली कर्मियों के वेतन पुनरीक्षण के लिए कोई पृथक वेतन आयोग गठित नहीं किया गया। इसलिए आठवें वेतन आयोग की संस्तुतियों का सीधा प्रभाव लाखों राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों और बिजली कर्मियों पर पड़ने वाला है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि जब आयोग अखिल भारतीय सेवाओं-विशेषकर प्रशासनिक, पुलिस एवं वन सेवाओं-के प्रतिनिधियों को अलग से समय देकर उनकी बात सुन रहा है, तब राज्य कर्मचारियों और बिजली कर्मियों के संगठनों को वार्ता का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा? यह लाखों कर्मचारियों के हितों की उपेक्षा है और सरासर अन्यायपूर्ण है।शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश के सर्वाधिक आउटसोर्स एवं संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं, विशेषकर ऊर्जा निगमों में। इन कर्मचारियों के लिए न कोई वेतन आयोग है, न कोई समुचित सेवा नीति और न ही रोजगार सुरक्षा। अत्यंत अल्प वेतन पर कार्य कर रहे इन कर्मचारियों को बड़े पैमाने पर सेवा से हटाया जा रहा है, जो पूरी तरह अमानवीय और अन्यायपूर्ण है। आठवें वेतन आयोग को इन कर्मचारियों की स्थिति पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।संयुक्त प्रेस वार्ता में निर्णय लिया गया कि राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों और बिजली कर्मियों के संगठन संयुक्त रूप से आठवें वेतन आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन भेजेंगे तथा दिल्ली में उनसे भेंट कर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे। कर्मचारी संगठनों ने मांग की कि जिस प्रकार आयोग केंद्रीय सेवाओं के संगठनों से संवाद कर रहा है, उसी प्रकार राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों और बिजली कर्मियों के संगठनों को भी तत्काल वार्ता हेतु समय दिया जाए, ताकि करोड़ों नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने वाले इन कर्मचारियों की समस्याएं और अपेक्षाएं आयोग के समक्ष रखी जा सकें।

## पच्चीस मंडलों में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ** ।12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा महानगर के सभी 25 मंडलों में विभिन्न पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में प्रदेश एवं महानगर के वरिष्ठ धिकारियों,जनप्रतिनिधियों तथा हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नियमित योग को स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन का आधार बनाने का संकल्प लिया।इसी क्रम में पूरब मंडल-2 के स्वर्ण जयंती पार्क में पूर्वी विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव, गोमती नगर स्थित रवींद्र पल्ली पार्क में भाजपा प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल, उत्तर मंडल दो स्थित सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर क्यू अलीगंज में प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, उत्तर मंडल तीन के निरालानगर पार्क में प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, पश्चिम मंडल चार के नेपियर रोड कॉलोनी पार्क में अंजनी श्रीवास्तव तथा मध्य मंडल-2 के मॉडर्न पार्क में रजनीश गुप्ता ने योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागिता की।

# आयोग से बिजली कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा पावर कॉरपोरेशन एवं विद्युत वितरण कंपनियों को जारी किए गए अनेक महत्वपूर्ण आदेशों का अब तक पालन नहीं किया गया है। जबकि सभी की समय सीमा जो आयोग द्वारा निर्धारित थी, वह समाप्त हो चुकी है। परिषद ने इसे उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी बताते हुए आयोग से तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है।उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज होने के दो घंटे के भीतर विद्युत आपूर्ति बहाल न किए जाने के मामले में विद्युत नियामक आयोग द्वारा पावर कॉरपोरेशन पर 3 जून को 7.18 लाख रूपए का दंड लगाया गया था, जिसे 15 दिन में जमा करना था, लेकिन उसके अनुपालन की स्थिति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि नए विद्युत कनेक्शनों पर लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के लिए लगभग 5 लाख उपभोक्ताओं से 6016 रूपए की दर से धनराशि वसूली गई थी। बाद में विद्युत नियामक आयोग ने सिंगल फेज मीटर के लिए 2800 रूपए तथा थ्री फेज मीटर के लिए 4100 रूपए निर्धारित करते हुए अतिरिक्त वसूली गई। इस राशि उपभोक्ताओं को वापस करने का आदेश दिया था, किंतु अभी तक धनवापसी की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।वर्मा ने कहा कि जून माह में लगाए गए 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क के संबंध में भी आयोग ने इसे नियमों के विपरीत बताया था, इसके बावजूद उपभोक्ताओं से इसकी वसूली जारी रखी गई। उन्होंने स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की जांच से संबंधित मामले का भी उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यांचल की प्रयोगशाला की रिपोर्ट को मान्यता न देने और रिपोर्ट मांगे जाने के बावजूद स्थिति स्पष्ट न किए जाने से गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।उपभोक्ता परिषद का कहना है कि विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी प्रत्येक आदेश का निर्धारित समयावधि में पालन किया जाना अनिवार्य है, लेकिन बिजली कंपनियां इन आदेशों के अनुपालन में उदासीनता बरतती हैं। वहीं जब उपभोक्ताओं से वसूली का प्रश्न आता है तो बिजली कंपनियां तत्परता दिखाती हैं। यह स्थिति पावर कॉरपोरेशन की कार्यप्रणाली और उपभोक्ता हितों के प्रति उसकी संवेदनहीनता को दर्शाती है।अवधेश कुमार वर्मा ने मांग की कि विद्युत नियामक आयोग अपने संवैधानिक एवं वैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए विद्युत अधिनियम, 2003 तथा रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के प्रावधानों के तहत पावर कॉरपोरेशन एवं संबंधित बिजली कंपनियों के विरुद्ध तत्काल प्रभावी और कठोर कार्रवाई प्रारंभ करे, ताकि आयोग के आदेशों का सम्मान सुनिश्चित हो और उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

# चंदा चोरों के खिलाफ आप ने आयोजित किया भिक्षाटन कार्यक्रम

## प्रदेश जिला मुख्यालयों और प्रमुख चौराहों पर आप ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भगवान श्रीराम के नाम पर श्रद्धालुओं द्वारा दान किए गए धन और चढ़ावे में लूट के आरोपों तथा राम भक्तों की आस्था के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह के आवाह्न पर रविवार को प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों और प्रमुख चौराहों पर भिक्षाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वाराणसी, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बाराबंकी, ललितपुर, झांसी, मिर्जापुर, मथुरा, आगरा, आजमगढ़, जौनपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या, बहराइच, बागपत, जालौन सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में लखनऊ के स्वास्थ्य भवन चौराहे पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा होकर हाथों में कटोरे और तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया तथा 420 रूपए का डीडी तैयार कर चंपत राय को भेजा। कार्यकर्ताओं ने 'चंदा चोरों गद्दी छोड़ो ', 'राम भक्तों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' और 'श्रीराम के नाम पर भ्रष्टाचार बंद करो' जैसे नारे लगाए तथा दान और चढ़ावे में हुई लूट की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।इस दौरान ऑटो विंग प्रदेश अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह सलूजा ने कहा कि प्रभु श्रीराम हम सभी की आस्था और मर्यादा के सर्वोच्च प्रतीक हैं। उनके भव्य मंदिर निर्माण के नाम पर देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी गाढ़ी कमाई समर्पित की थी। लेकिन आरएसएस और भाजपा के लोग जो खुद को धर्म का ठेकेदार बताते हैं, उन्हीं के पदाधिकारियों द्वारा इस पवित्र चंदे में लूट की जा रही है। यह करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं




के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संरक्षण में यह पूरा तंत्र चल रहा है। मोदी भ्रष्टाचार पर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जब उनके अपने ही संगठन (आरएसएस) से जुड़े लोग और उनके करीबी चंदा चोरी में लिप्त पाए जाते हैं, तो वे पूरी तरह मौन साध लेते हैं। महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटा और भाजपा आरएसएस ने राम मंदिर को लूटा है । उन्होंने कहा कि हम चंपत राय को 420 रूपए का डिमांड ड्राफ्ट भेजकर यह संदेश दे रहे हैं कि वे प्रभु के मंदिर के पैसों पर डाका डालना बंद करें। अगर भाजपा, आरएसएस या उनके लोगों के पास पैसे की इतनी ही कमी है, तो वे सीधे मांग लें, आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच झोली फैलाकर, भीख मांगकर पैसा इकट्ठा करेगा और उन्हें दे देगा, लेकिन भगवान के घर में ये हेराफेरी नहीं चलने दी जाएगी। आम आदमी पार्टी ने मांग की कि इस पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में समयबद्ध जांच होनी चाहिए और चंपत राय सहित तमाम बेईमानों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाना चाहिए। पार्टी ने यह भी मांग की कि साल 2020 से 2024 तक ट्रस्ट में प्रधानमंत्री मोदी के प्रतिनिधि के तौर पर काम करने वाले नौकरशाह ज्ञानेश कुमार की भी इस लूट में जांच होनी चाहिए । इस मौके पर अब्दुर्रहमान ख़ान, सुधीर पटेल, बलराम साहनी, पी.के. बाजपेई, वसीम सिद्दीकी, अनुराग मल्होत्रा, प्रीतपाल सलूजा, डॉ. फ़व्वाज़ ख़ान, डॉ. रामजी यादव, संजीव निगम सहित पार्टी के पदाधिकारी व तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आईएमए में योग का संदेश

**स्वतंत्र भारत लखनऊ ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लखनऊ शाखा द्वारा आईएमए भवन में विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सकों एवं आईएमए सदस्यों ने भाग लेकर योग के महत्व को समझा और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। आयोजन का उद्देश्य चिकित्सकों के बीच शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को योग के प्रति प्रेरित करना था।कार्यक्रम में प्रयाग आरोग्यम् केंद्र, योग प्रशिक्षण एवं योगाभ्यास केंद्र की योग गुरु ज्योति यादव ने प्रतिभागियों को लगभग एक घंटे तक विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान संबंधी अभ्यास कराए। उन्होंने बताया कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का भी महत्वपूर्ण स्रोत है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और जीवन अधिक संतुलित एवं ऊर्जावान बनता है।इस अवसर पर आईएमए लखनऊ की सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन मनाने का विषय नहीं है, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। वर्तमान समय में बढ़ते कार्यभार और तनावपूर्ण जीवन के बीच चिकित्सकों के लिए योग और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। स्वस्थ चिकित्सक ही समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकता है और लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित कर सकता है।डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने कहा कि नियमित योग, प्राणायाम और ध्यान से शरीर स्वस्थ रहता है, मन शांत रहता है तथा कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि आईएमए लखनऊ का उद्देश्य केवल चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना भी है। इसी उद्देश्य से चिकित्सकों को योग, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।उन्होंने योग गुरु ज्योति यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने सरल, प्रभावी और उपयोगी योगाभ्यास सीखे। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं सदस्यों से अपील की कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वयं स्वस्थ रहें और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें।कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष डॉ. रुक्साना, डॉ. नीरज टंडन, डॉ. सरस्वती, डॉ. शाश्वत सक्सेना, डॉ. निरुपमा सहित अनेक चिकित्सक एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने योग के महत्व पर अपने विचार साझा किए और इसे स्वस्थ जीवन का आधार बताया।कार्यक्रम के अंत में आईएमए लखनऊ शाखा की ओर से यह संदेश दिया गया कि चिकित्सक समाज को स्वस्थ रहने की प्रेरणा देने के साथ-साथ स्वयं भी स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। आयोजन उत्साह, ऊर्जा और स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक संदेश के साथ संपन्न हुआ।

## अभियान के तहत तीन दिन में 105 वाहन पकड़े गए

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ** ।लखनऊ की सडकों पर बगैर नंबर के वाहन बेखौफ होकर घूम रहे है। लखनऊ में चार पहिया निजी वाहन से लेकर यात्री वाहन तक बगैर नंबर प्लेट फर्राटा भरते मिले। अभियान के तहत तीन दिन में 105 वाहन पकड़े गए। इनमें अधिकांश वाहन चार पहिया श्रेणी के पाए गए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। नंबर प्लेट अभी प्राप्त नहीं हुई का बहाना नहीं चलेगानंबर प्लेट अभी प्राप्त नहीं हुई है. यह वजह वाहन चलाने का वैध आधार नहीं है। ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। डीसीपी ट्रैफिक ने कहा चेकिंग के दौरान कई वाहन सवार नंबर प्लेट बुक होने का बहाना बनाते नजर आ रहे है।अब यह बहाना नहीं चलेगा। चेकिंग में ऐसे वाहन पकड़े गए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी बोली, पहचान स्पष्ट होगी, सुरक्षा मजबूत होगीडीसीपी ट्रफिक रवीना त्यागी ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों पर निर्धारित मानक पर वैध, स्पष्ट और पठनीय नंबर प्लेट लगाएं, ताकि पहचान स्पष्ट होने पर सुरक्षा मजबूत होगी।

# भ्रष्टाचार से विकास कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित जनता सब देख रही : अखिलेश यादव

**स्वतंत्र भारत लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के सभी पुराने रिकॉर्ड टूट चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और आए दिन निर्माण कार्यों में खामियां सामने आ रही हैं।अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में कहीं पानी की टंकियां टूट रही हैं, कहीं पुलों और अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं में तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं। उनका आरोप है कि कमीशनखोरी और बजट की बंदरबांट के कारण विकास कार्य निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से बनने वाली परियोजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव दिखाई दे रहा है।पूर्व मुख्यमंत्री ने कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व निर्मित ओवरब्रिज में दरारें आने की खबर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।उन्होंने जल जीवन मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के कई जिलों में पानी की टंकियां क्षतिग्रस्त होने और पाइपलाइन फटने की घटनाएं सामने आई हैं। उनका कहना था कि हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बावजूद कई क्षेत्रों में लोगों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल सकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस योजना के क्रियान्वयन में गंभीर खामियां रही हैं।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में भ्रष्टाचार भी ÷डबल÷ हो गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो पानी की टंकियां टूट रही हैं, वे दरअसल भ्रष्टाचार का बोझ नहीं झेल पा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किया जाएगा तो ऐसी घटनाएं आगे भी सामने आती रहेंगी।सपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश का कोई भी विभाग भ्रष्टाचार के आरोपों से अछूता नहीं दिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि कमीशनखोरी और कालाबाजारी के कारण महंगाई भी बढ़ी है, जिससे आम जनता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता सरकार के कामकाज और विकास परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति को देख रही है।अखिलेश यादव ने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इन मुद्दों पर अपना निर्णय देगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी और विकास कार्यों में पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग करती रहेगी।

# योगा संगम सीज़न 1 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग'





**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित 'योगा संगम सीज़न 1' का भव्य आयोजन लखनऊ में उत्साह, ऊर्जा और जनसहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इस वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्वेतांक प्रकाश चतुर्वेदी, अंशिका सिंह एवं अमृत शर्मा रहे, जिनके नेतृत्व और समर्पण से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

आयोजकों ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल एक दिवस तक सीमित गतिविधि नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की कला है। इस विशेष आयोजन का सफल संचालन एक्ज़ॉटिक अंशिका एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड एवं स्टार मेकर्स द्वारा किया गया। कार्यक्रम को एसएनआई इवेंट्स एंड प्रोडक्शन हाउस,आरसीएम, लियो फिटनेस तथा ग्लोबल सोलर गाइडर्स प्राइवेट लिमिटेड का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन ऐश्वर्या सिंह द्वारा किया गया।

'योगा संगम सीज़न 1' ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि योग केवल शरीर को स्वस्थ नहीं बनाता, बल्कि मन को शांति, जीवन को संतुलन और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है।

# स्वस्थ भारत के निर्माण का दिया संदेश

## योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार : प्रो. राज कुमार मित्तल

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में 12वें अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में योग विभाग और योग वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।कार्यक्रम में प्रो. सनातन नायक, कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की निदेशक प्रो. शिल्पी वर्मा, योग विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपेश्वर सिंह, डॉ. शरद सोनकर सहित विश्वविद्यालय के अनेक वरिष्ठ शिक्षक और अधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने विश्वविद्यालय परिवार को अंतर्राष्टीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत है, जिसने आज विश्व स्तर पर मानव कल्याण के प्रभावी माध्यम के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है।कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अनियमित जीवनशैली और विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच योग एक प्रभावी समाधान बनकर उभरा है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति की एकाग्रता, कार्यक्षमता और मानसिक दृढ़ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि योग के माध्यम से व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन लाकर 'स्वस्थ भारत' के संकल्प को साकार किया जा सकता है।प्रो. सनातन नायक ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, स्वस्थ और सकारात्मक बनाने वाली समग्र जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित होता है, जिससे व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है। योग मानसिक तनाव को कम करने और जीवन में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।योग विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपेश्वर सिंह ने योग और विभिन्न आसनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का मूल आधार है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, मानसिक शांति प्राप्त होती है और व्यक्ति के व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों की जानकारी देते हुए उन्हें दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया। योग विशेषज्ञों के निर्देशन में आयोजित इस सत्र में सभी ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत योग-नृत्य रहा। बच्चों ने विभिन्न योग मुद्राओं और आसनों को कलात्मक ढंग से प्रस्तुत करते हुए योग के महत्व को रोचक शैली में प्रदर्शित किया। उनकी ऊर्जा, उत्साह और मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब सराहना प्राप्त की।इस अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित योग कार्यशाला में सहभागिता करने वाले बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में पिछले एक माह से योग संबंधी विविध कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, जागरूकता अभियानों और अभ्यास सत्रों का आयोजन किया जा रहा था।

# दूषित मन और मलिन आत्मा वालों ने बुंदेलखंड को किया था बदनाम : मुख्यमंत्री

**-महोबा में ६९७ करोड़ की ८८ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण,शिलान्यास**

**-एडवेंचर टूरिज्म के केंद्र के रूप में होगा विकसित होगा गोरखगिरि, लगेगा रोपवे**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महोबा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने योगाभ्यास पर जोर देते हुए विपक्षियों पर करारा प्रहार भी किया। सीएम ने कहा कि योग शरीर, मन, बुद्धि व आत्मा में समन्वय की प्रेरणा देता है। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मस्तिष्क, स्वस्थ मस्तिष्क से स्वस्थ बुद्धि, स्वस्थ बुद्धि से स्वस्थ आत्मा होती है और स्वस्थ आत्मा ही लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। जो लोग अवैध कब्जा करते हैं, नकारात्मक बुद्धि के साथ नकारात्मकता पैदा करते हैं। उनकी आत्मा मलिन और मन दूषित है। बीमार मानसिकता के साथ काम करने वाले ऐसे लोगों ने प्रदेश को डुबोया और बुंदेलखंड को बदनाम किया था। सीएम ने मोदी ग्राम में 697 करोड़ से अधिक की लागत से 88 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण,शिलान्यास किया। यहां महोबा के विकास को समर्पित लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम योगी ने कहा कि आज सुबह आप सभी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से जुड़े। भारत के विरासत को वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई। पीएम मोदी जी के नेतृत्व में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्यता से मनाया गया। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के किले के मैदान में मुझे भी जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रदेश के 57 हजार ग्राम पंचायतों, 825 विकास खंडों, 350 तहसीलों, 75 जनपदों, 762 नगर निकायों समेत अमृत सरोवर, ग्राम सचिवालय, विकास खंड, नगर निकाय, जिला मुख्यालय पर यह आयोजन हुए। सीएम ने गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली महोबा की आध्यात्मिकता, ऐतिहासिकता, वीरता पर प्रकाश डाला। कहा कि 12-13 वर्ष बाद गोरखगिरि पर्वत पर ऊपर जा पाया। वहां भोलेनाथ से प्रार्थना की, फिर बाबा गोरखनाथ की साधना स्थली (गुफा व मंदिर) में दर्शन किया। गोरखगिरि पर्यटन स्थल के नए केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। सीएम ने इस पहल, सहयोग व योगदान के लिए विधायक राकेश गोस्वामी, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र चंदेल समेत स्थानीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई दी। सीएम ने कहा कि गोरखगिरि में रोपवे लगाएंगे और इसे एडवेंचर टूरिज्म के केंद्र के रूप में विकसित करेंगे। सीएम ने महोबा महोत्सव से पहले इस पहाड़ी पर चढ़ने के लिए एक सप्ताह तक स्थानीय, जनपद, बुंदेलखंड, राज्य, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित करने और यहां रेस्तरां, होटल आदि खोलने की संभावनाओं को बढ़ाने पर जोर दिया। कहा कि आल्हा-उदल के शौर्य/पराक्रम के प्रतीक अखाड़ों का निर्माण करके नौजवानों को फिर से वीर भाव के साथ प्रेरित कर सकें।

### हमारी सरकार ने अर्जुन सहायक परियोजना को पूरा कर किसानों को किया खुशहाल

सीएम ने कहा कि दशकों पहले बनी अर्जुन सहायक परियोजना पूरी नहीं हो पाई। हमारी सरकार ने इसे मिशन मोड पर लेकर इसे पूरा कराया और 2021 में परियोजना के लोकार्पण में पीएम मोदी को बुलाया। इससे महोबा और बांदा के हजारों हेक्टेयर लैंड को सिंचाई की सुविधा मिली। किसानों को सम्मान मिला और उनके जमीन की कीमत बढ़ी, जिससे अन्नदाता खुशहाल हैं।

## जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी में योगाभ्यास



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी, लखनऊ में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह व उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर अकादमी के अधिकारियों, प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन अकादमी के परेड ग्राउंड में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला के गठन के साथ हुई। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने नशा विरोधी शपथ ग्रहण कर स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन जोशी ,इंडियन आर्मी लखनऊ के आगमन पर उनका स्वागत किया गया तथा उप महानिरीक्षक,प्रशिक्षण द्वारा उन्हें पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास का संदेश दिया गया। इसके उपरांत आयोजित योग सत्र में अधिकारियों, प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन एवं समग्र कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त,प्रशिक्षण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन योग, स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति रेलवे सुरक्षा बल की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

## नि:शुल्क नृत्य कार्यशाला में बच्चों ने दिखाया हुनर

**ग्रामीण अंचलों के प्रतिभागियों को भरतनाट्यम की दी जा रही ट्रेनिंग**



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत निदेशालय और गुलशन वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, लखनऊ में आयोजित 15 दिवसीय निःशुल्क नृत्य कार्यशाला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन विशेष सचिव डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने किया। प्रशिक्षक डॉ. श्रेया बच्चों को कथक और भरतनाट्यम की बारीकियां सिखा रही हैं। दूसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला जज अमित कुमार जैन रहे, जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। शिवा, जेनसी, रोशिका, अंजली, पलक, शिवानी, विशाल और मनजीत सहित कई बच्चों ने कथक व भरतनाट्यम की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यशाला 4 जुलाई तक चलेगी।

## मीडिया 22 के खिलाफ एलसीजेड की शानदार जीत



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** ऐशबाग एनईआर स्टेडियम में शनिवार रात हुए मीडिया 22 और एलसीजेड क्रिकेट मैच में एलसीजेड की शानदार जीत हुई। 20-20 ओवर के हुए मैच में मीडिया 22 के कप्तान विश्व देव राव ने एलसीजेड के कप्तान दिलीप से टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन ओपनिंग बल्लेबाज आसिफ ने तेजी से रन बनाये और नितिन अवस्थी के साथ 50 रन की साझेदारी की जिसमे आसिफ ने 37 रन बनाये और नितिन ने 22 रन की पारी खेली। उसके बाद अखिल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 68 रन बनाकर नाबाद रहे। जिसमे उन्होंने 11 चौके जड़े। और स्कोर को 20 ओवर में 182 रन तक पहुँचाया। जवाब में एलसीजेड के पवन राय और विशाल सिंह की शानदार बल्लेबाजी रही और 150 रन की साझेदारी की। जिसमें पवन राय ने 104 और विशाल ने 50 रन बनाये। जिससे मैच आसानी से अपनी झोली में डाल लिया। एलसीजेड में सबसे अच्छी बॉलिंग दिलीप ने 2 विकेट लेकर की। वही लखनऊ मध्य एसी 59 वर्ष के बावजूद मुकेश त्यागी जी ने शानदार बालिंग की। और अपनी फिल्डिंग से सभी का दिल जीत लिया। मीडिया 22 के कप्तान विश्व देव राव ने एक विकेट लेकर टीम की लाज बचायी। शुरुआती में मिस फील्डिंग की वजह से मीडिया 22 को हार का खामियाजा उठाना पड़ा।

## पुलिस टीम पर पथरावः 39 नामजद व करीब 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के घोसी क्षेत्र के हाजीपुर स्थित पिढवल मोड़ पर शनिवार शाम को सड़क हादसे में महिला की मौत पर हुए पथराव के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में 39 नामजद और करीब 250 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम को सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला शांति देवी की मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वाराणसी-गोरखपुर नेशनल हाईवे जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने लगातार हो रहे सड़क हादसों के लिए प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। जाम के चलते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। पुलिस जब समझाने पहुंची तो भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इसमें कई पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। जिसके बाद हालात बिगड़ गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद तनावपूर्ण स्थिति को संभाला। घटना के बाद उपनिरीक्षक दिवाकर राना की तहरीर पर पुलिस ने 39 नामजद और करीब 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर आरोपितों की पहचान की जा रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है।

## शराब पीने दौरान दोस्त की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** फर्रुखाबाद जिले के कोतवाली कयमगंज क्षेत्र में दोस्त को बुला कर शराब की दावत दी। फिर उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। अपराध छिपाने के लिए शव को फांसी पर लटका दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक चिलसरी निवासी पंखिया (25) बीती रात गांव के महेश जाटव के पुत्र रोहित उर्फ भीमा के साथ गया था। इसी दौरान रोहित ने डंडों से पीट कर पंखिया को मार डाला और शव को गांव के बीरबल के बाग में आम के पेड़ पर फांसी पर लटका दिया पंखिया की हत्या करने के बाद आरोपित पड़ोसी गांव नगला कंजर ममापुर में शराब पीने गया। आरोपित ने शराब के नशे में एक अन्य व्यक्ति मिथुन गिहार को बताया कि उसने पंखिया को मार कर फांसी पर लटका दिया है। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 ने आरोपितों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर मृतक के शव को बरामद किया है। वहीं सूत्रों के मुताबिक गुरदयाल के रिश्तेदार को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि रिश्तेदारी में रहने वाले युवक के कपड़ों पर खून के धब्बे लगे होना बताया उसी आधार पर उसको गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि आरोपित ने पंखिया को पीट कर मार डाला। मैंने उसको बचाने का प्रयास किया। भय के कारण मैंने घटना की किसी को जानकारी नहीं दी। मृतक के परिवार में उसका करीब 5 साल का पुत्र है।

## योग से स्वस्थ जीवन का संदेश

**रेडक्रास ने योग दिवस पर किया वृक्षारोपण**



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रास सोसाइटी, लखनऊ द्वारा कैसरबाग स्थित कार्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडक्रास के प्रदेश महासचिव रामानंद कटियार ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराते हुए नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आम के पौधों का वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता विनय कुमार सिंह, संजय, प्रभात सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

## नीट परीक्षा को लेकर स्टेशनों व रोडवेज बस अड्डों पर उमड़ी भीड़

**-आरपीएफ ने संभाला मोर्चा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** नीट परीक्षा के बाद रविवार शाम को चारबाग, लखनऊ जंक्शन, गोमतीनगर सहित राजधानी के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान स्टेशनों पर व्यवस्था बनाए रखने और भीड़ नियंत्रण के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी ने मोर्चा संभाला। परीक्षा के मद्देनजर उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने चारबाग स्थित लखनऊ स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्मो. हेल्प डेस्क, होल्डिंग एरिया, पेयजल और स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीआरएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और भीड़ प्रबंधन सुचारू रूप से चलता रहे। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए स्टेशन पर अतिरिक्त वाणिज्यिक कर्मचारियों और आरपीएफ के जवानों की तैनाती की गई थी। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक शूरवीर सिंह चौहन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

**परीक्षार्थियों के लिए चलाई गई विशेष ट्रेनें**

- उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडलः तीन विशेष अनारक्षित परीक्षा स्पेशल रेलगाडियों चलाई गई, जिनमें लखनऊ-वाराणसी जं. (04206), लखनऊ-प्रयागराज संगम (04202) और वाराणसी ज-पटना जं. (04208) शामिल हैं।
- पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ से गोरखपुर के बीच चार परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया. जिससे अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों का सफर आसान हुआ।

## योगाचार्य पं. नवीन को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने योगाचार्य पंडित नवीन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लोकबंधु अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत पं. नवीन को यह सम्मान योग के क्षेत्र में उनके योगदान और उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। योगाचार्य पं. नवीन ने इस सम्मान का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा कि वह समाज सेवा के साथ-साथ योग के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर चुके हैं।

## योग शिविर में बच्चों ने सीखे योगासन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर के समीप जानकीपुरम स्थित अर्जुन तिकोना पार्क में कीर्ति फाउंडेशन द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ, कुर्सी रोड के योग गुरु देशराज यादव ने बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. कीर्ति पाण्डेय ने योग के मानसिक और शारीरिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने योग गुरु देशराज यादव को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के प्रबंधक डॉ. इंद्र नील चटर्जी, कोषाध्यक्ष शोभा श्रीवास्तव, सदस्य शंकर शरण श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव और संजय कुमार साहू उपस्थित रहे। डॉ. कीर्ति पाण्डेय ने विजेंद्र जी, उमा अग्रवाल, डॉ. कृष्ण पाल सिंह, अभिष्ट सरन, मयंक चतुर्वेदी, नरेश पाल, महेंद्र पाल, अथर्व आर्य, आनंद लाल श्रीवास्तव और विनय कुमार मनचंदा के सहयोग के लिए आभार जताया। वहीं वॉलंटियर टीम के अंकित सैनी, विकास कुमार पांडेय और आशीष पाल के योगदान की भी सराहना की गई। समापन पर प्रतिभागियों के बीच अंकुरित अनाज, मट्ठा और मिनरल वाटर वितरित किया गया।

## योग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरदोई रोड जीवनधारा योगा एंड वेलनेस स्टूडियो में योगा से निरोग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग एंड वेलनेस की वरिष्ठ अध्यापक डॉ. मधु मिश्रा ने ÷करो योग, रहो निरोग÷ का संदेश देते हुए युवाओं और बुजुर्गों को योग से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग से शरीर और मानसिक गतिविधियों में सामंजस्य स्थापित कर स्वस्थ जीवन का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। स्टूडियो के संस्थापक कैप्टन सरकार हैदर रिजवी ने कहा कि योग एक प्राकृतिक स्वास्थ्य पद्धति है, जिसे अपनाकर व्यक्ति बिना दवा के भी स्वस्थ रह सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर अंतर्राष्टीय योग दिवस के संकल्प को दोहराया और नियमित योग करने का संदेश दिया।

### योग शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विवेक खंड-3 जन कल्याण समिति, गोमती नगर द्वारा एकता पार्क में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलोनी के बड़ी संख्या में निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश ग्रहण किया।

## गलत सेंटर पर पहुंची नीट की छात्रा को पुलिस ने सही सेंटर पहुंचाया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ में 75 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 35594 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। उनमें से 32761 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर सख्त सुरक्षा व्यवस्था रही। पुलिस ने परीक्षा केंद्रों के बाहर 50 मीटर तक पार्किंग के साथ अभिभावकों के खड़े होने पर भी पाबंदी रही। परीक्षा केंद्रों के अंदर-बाहर पुलिस फोर्स मौजूद रही। गोमतीनगर स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय परीक्षा केंद्र पर एक छात्रा पहुंची तो उसे जानकारी हुई कि उसका सेंटर गोमतीनगर राजकीय इंटर कालेज में है और करीब 7 मिनट शेष बचे थे वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने उस छात्रा को अपनी कार से सही परीक्षा केंद्र पर समय रहते पहुंचा कर उसकी परीक्षा छूटने से बचा लिया।

## सरोजनीनगर थाने में हुआ योगाभ्यास



**स्वतंत्र भारत सरोजनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सरोजनीनगर थाना परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में योग गुरु वेदव्यास ने पुलिसकर्मियों और स्थानीय नागरिकों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि योग तनावपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## पिता का हत्यारा कलयुगी बेटा गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** महिगवां थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में पैतृक खेत के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में अपने पिता की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया फावड़ा भी बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रानियामऊ निवासी मालती देवी ने शिकायत दर्ज कराई थी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## भारत-अमेरिका संबंध

आपसी संबंधों में हाल के तनावों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत रिश्तों में सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम कही जा सकती है। इसका महत्व तात्कालिक परिणामों में नहीं बल्कि रणनीतिक संदेश में निहित है। इसका उद्देश्य परस्पर दोनों देशों को यह भरोसा दिलाता है कि हाल में उभरे कुछ मतभेद उस संबंध को व्यर्थ नहीं कर सकेंगे जो उनके संबंधित भू राजनीतिक समीकरणों के लिए अहम है। इस बैठक से भारत को कई बिंदुओं पर सफलता मिली। साथ ही आर्थिक साझेदारियों में विविधता लाने तथा नई तकनीक व सप्लाई चेन के बीच बेहतर तालमेल बनाने की भारतीय कोशिशों को आगे बढ़ाया। अच्छी बात यह है कि चर्चा ने हाल के तनावों को संबंधों पर हावी नहीं होने दिया। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि संबंधों के बीच कुछ समस्याएं और चिंताएं हैं और वह इस बात को बनाए रखना चाहते हैं कि तात्कालिक चिंताएं व्यापक रणनीति के नीचे न दबने पाएं। इसके प्रत्युत्तर में ट्रंप प्रशासन ने साझेदारी के प्रति अपने देश का भरोसा दिलाया। दोनों नेताओं ने उभरती और दीर्घकालिक चुनौतियों पर भी विचार विमर्श किया जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई, आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा सुरक्षा, निवेश और ग्लोबल आर्थिक विकास शामिल हैं। इस तरह यह साफ होता है कि भारत-अमेरिका साझेदारी केवल पारंपरिक सुरक्षा चिंताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ऐसे विषय भी तेजी के साथ शामिल हो रहे हैं जो भविष्य में वैश्विक व्यवस्था को आकार देंगे। बदलती भू राजनीतिक स्थिति को राष्ट्रपति ट्रंप भी अच्छी तरह समझ रहे हैं। इसीलिए कुछ अप्रिय निर्णय थोपने के वाद भी वह जब तब भारत और नरेंद्र मोदी के साथ मित्रता का दम भरते रहते हैं। अब तो वह मोदी के साथ अमेरिका के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भी अपना प्रिय और पसंदीदा नेता बताने लगे हैं। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण विश्व की राजनीतिक और आर्थिक स्थितियां जिस तरह से बदली हैं, उसका अनुभव अमेरिका भी कर रहा है। यह बात अमेरिकी नेताओं और जनता में फैलती बेचैनी से समझी जा सकती है। ट्रंप के बदलते नजरिए का बड़ा इम्तहान भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर होगा जो काफी समय से अमेरिकी शर्तों के कारण ही अधर में है। इसके अलावा अमेरिका को भारत के परिप्रेक्ष्य में व्यापार शुल्क, वीजा और अप्रवासन संबंधी नीतियों को लेकर खुले दिमाग से निर्णय लेना होगा जिसमें अनुचित दबाव बनाने की कोशिशों का एहसास न हो। फिर भी यह कहा जा सकता है कि दोनों देशों के बीच रिश्तों की गर्माहट का सिलसिला सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहा है।

## लाइलाज समस्या

बचपन और किशोरावस्था कल्पनाओं का दौर होता है। सोच को पंख लगते रहते हैं कि यह हो जाता तो कितना अच्छा रहता, वह हो जाता तो कितना अच्छा लगता। जिम्मेदारी की बात कम ही अच्छी लगती है। ऐसे में बाल मन और भागता है तथा 'झंझटों' से बचने के लिए 'सुकून' की तलाश करता है जहां वह केवल सुनहरे सपने देखे। मोबाइल ऐसे ही शौक को भरपूर हवा देता है जिससे दिन तो दिन, देर रात तक भी वे उसी से चिपके रहते हैं। दीवानगी इतनी कि इसके लिए जरा भी रोक-टोक बर्दाश्त नहीं। ज्यादा टोकाटोकी होने पर बच्चे को अपनी जिंदगी ही बेकार लगने लगती है। अब इसके बेहद त्रासद नतीजे सामने आ रहे हैं। बच्चों को लगता है कि मोबाइल की वजह से ही वे अपने दोस्तों के करीब रह पाते हैं या इससे वे चीजें पता लगती हैं जो वे नहीं जानते या इसी से तमाम गेम्स से उनका मनोरंजन होता है। कच्ची उम्र में ये बातें ही असली जीवन लगती हैं जिसमें जरा भी व्यवधान उन्हें पसंद नहीं होता। इसलिए ज्यादा मोबाइल देखने से घर में मां-बाप द्वारा रोके जाने पर घर छोड़ देने, फांसी लगाकर जान दे देने या यहां तक कि माता-पिता या घर के और किसी बुजुर्ग की हत्या कर देने तक का कदम उठा लेते हैं। उम्र का जोश उन्हें समझने ही नहीं देता कि रोका जा रहा है तो उसकी भी वजह है। आगे की जिंदगी सही ढंग से गुजारने के लिए ऐसे कामों में समय बेकार करने का कोई फायदा नहीं है। दूसरी बात यह कि अधिकतर बच्चों का मोबाइल प्रेम परवान चढ़ाने के लिए मां-बाप ही जिम्मेदार हैं जो ज्यादा लाड़-प्यार या फैशन में उन्हें मोबाइल दे देते हैं पर नतीजा दुखद घटनाओं के रूप में आता है। वे खुद पर संयम रखते हुए बच्चे को उसी अनुसार संस्कार दें, आदत डालें, तभी बच्चों में समझदारी आ सकेगी। बच्चों का ज्यादा दुलार पहले भी नुकसानदेह माना जाता था और आज भी है। इसको समय के अनुरूप ढालना ही सबसे बड़ी समझदारी होगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया महान नेता**
घाटे के सौदों से महानता में चार चांद लगते हैं!

**कांग्रेस राज में पिछड़ा बना रहा पूर्वी भारत -मोदी**
कांग्रेस राज में ही भारत का हिस्सा बनाया गया!

**नागपुर के छात्र को आबूधाबी में मिला परीक्षाकेंद्र**
ग्लोबल होते न्यू इंडिया का मुजाहिरा कीजिये!

**जरूरत का सामान नहीं खरीद पा रहे लोग-खरगे**
आम आदमी को जरूरतें कम करनी चाहिये!


**होर्मुज से गुजरने के लिये ईरान का नया फरमान**
दुनिया का दारोगा अमेरिका अब साथ खड़ा है!

**अब ग्रामीण भारत की गलियों का डिजिटल कोड**
एलडीए प्रबंधन अपनी खोई जमीनें ढूंढ़ रहा है!

♦♦♦

# इजरायल पर लगाम जरूरी

अमेरिका -ईरान के मध्य फ़िलहाल युद्धविराम हो चुका है। घोर अविश्वास के बीच हुआ यह युद्ध विराम कब तक चलेगा कुछ कहा नहीं जा सकता। परन्तु ईमानदाराना युद्ध विराम लागू



-तनवीर जाफ़री

होने की स्थिति में हारमूज़ स्ट्रेट जलमार्ग के खुलने से पूरे विश्व पर मंडराने वाले संकट के बादल छंटने से पूरी दुनिया ज़रूर राहत की सांस लेगी। हाँ यदि कोई एक देश इस युद्ध विराम व शांति से ख़ुश नहीं है वह है इकलौता देश इस्राईल। इस्राईल विगत लगभग 50 वर्षों से फ़िलिस्तीन व लेबनान क्षेत्र में रक्तपात करता आ रहा है। अब तक लाखों बेगुनाह लोगों की हत्यायें कर चुका इस्राईल मात्र अपनी सीमाओं के विस्तार के लिये रक्तपात करता आ रहा है। निश्चित रूप से इस्राईल की इस आक्रामकता के पीछे शुरू से ही अमेरिका व अन्य कई पश्चिमी देशों का संरक्षण मुख्य कारण रहा है। परन्तु अब अमेरिका भी इस्राइल विशेषकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अनियंत्रित आक्रामकता से तंग आ चुका है। ग़ज़ा नरसंहार के चलते अंतर्राष्ट्रीय अदालत के वारंट का सामना कर रहे प्रधानमंत्री नेतन्याहू अब अपने 'संरक्षक' अमेरिका से भी आये दिन झिड़कियां खा रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि केवल अमेरिका की सरपरस्ती के चलते परन्तु अमेरिका की इच्छा के विपरीत इस्राइल अनेक बार लेबनान व ग़ज़ा में युद्ध विराम का उललंघन करता आ रहा है। इसकी वजह से कई बार शांति की संभावनाओं को पलीता लग चुका है। अमेरिका के राजनैतिक हल्क़ों में इस बात की भी चर्चा ज़ोरों पर है कि नेतन्याहू ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उकसा व भड़काकर तथा ग़लत जानकारियां देकर ईरान के साथ युद्ध में झोंक दिया। जिसके परिणामस्वरूप न केवल अमेरिका में इसका भारी विरोध हुआ बल्कि कई उच्चाधिकारी यही कहते हुये इस्तीफ़ा भी दे गये कि वे अमेरिकी हितों की रक्षा के लिये तो युद्ध कर सकते हैं परन्तु इस्राइली हितों के लिये हरगिज़ नहीं।

यही वजह है कि अब राष्ट्रपति ट्रंप भी अब इंसानी खून के प्यासे नेतन्याहू की शातिराना चालबाज़ियों को देर से ही सही, परन्तु भांप चुके हैं। पिछले दिनों अमेरिका -इस्राईल बनाम ईरान युद्ध में उलझ चुका अमेरिका जब जब इस युद्ध से बाहर निकलने की कोशिश करता है , तब तब इस्राईल कभी युद्ध विराम का उल्लंघन व अवहेलना कर तो कभी युद्ध विराम को अस्वीकार कर विश्वशांति को धक्का पहुँचाता रहा है। हद तो यह है कि अमेरिका- ईरान के मध्य होने वाली शांति वार्ताओं से ठीक पहले या उसी दौरान इस्राइल द्वारा क़तर की राजधानी दोहा में हमास के वार्ताकारों के दल को निशाना बनाकर हवाई हमला किया गया। इस हमले में हमास के वार्ताकारों के 6 सदस्य मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने इस हमले की निंदा करते हुये इसे क़तर की सम्प्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का खुला उल्लंघन क़रार दिया था।


और अब इस्राइली युद्धोन्माद इस हद तक पहुँच चुका है कि दुनिया में सबसे अधिक युद्धरत रहने वाला अमेरिका भी इस्राइली आक्रामकता पूर्ण रवैये से तंग आकर नेतन्याहू व इस्राईली आक्रामकता के पक्षधर कट्टरपंथी नेतृत्व को न केवल आइना दिखने लगा है बल्कि उसके लिये ऐसी शब्दावली का इस्तेमाल कर रहा है जोकि किसी भी स्वाभिमानी प्रधानमंत्री व उस के देश के लिये शर्म की बात है। इन कड़वे व तल्ख़ बयानों के आधार पर कहा जा सकता है कि 2026 में अमेरिका- इस्राईल रिश्ते न केवल ठन्डे पड़ रहे हैं बल्कि दोनों देशों के संबंध इस वक़्त के सबसे ख़राब दौर से भी गुज़र रहे हैं । उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों जी-7 समिट के मंच से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू को 'क्रेज़ी' कहा और दावा किया- 'मेरे बिना इस्राईल का अस्तित्व नहीं होता' । ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा- 'तुम पागल हो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते'। इसी तरह अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गत 18 जून को ईरान-अमेरिका एमओयू साइन होने के बाद नेतन्याहू व इस्राईल को संबोधित करते हुये कहा कि 'पूरी दुनिया में अमेरिका तुम्हारा इकलौता दोस्त बचा है, तुम उसी के ख़िलाफ़ खड़े हो'? वेंस का यह बयान ईरान-अमेरिका डील होने के बावजूद इस्राईल द्वारा लेबनान पर किये गये हमले के सन्दर्भ में था जिससे ईरान-अमेरिका डील पर असर पड़ा था और हारमूज़ स्ट्रेट खुलने के बाद ईरान द्वारा इसे पुनः बंद करने की घोषणा कर दी गयी थी। अब 20 जून को पुनः ईरान के ख़ातम अल-अंबिया मुख्यालय ने घोषणा की है कि होर्मुज़ स्ट्रेट को जहाज़ों के लिए 'बंद' किया जा रहा है। इस घोषणा के पीछे भी दक्षिणी लेबनान में इस्राईल की ओर से 'लगातार युद्धविराम का उल्लंघन' और लेबनान के 'लोगों का क्रूर जनसंहार और विस्थापन' को कारण बताया गया है। ग़ौरतलब है कि इस्राईल के कुछ कट्टरपंथी मंत्रियों ने अमेरिका-ईरान के बीच हुये



एमओयू(संयुक्त समझौता) का खुलकर विरोध किया है और कट्टरपंथियों का नेतृत्व करने वाले नेतन्याहू भी इस समझौते से क़तई खुश नहीं हैं ।

इसी बीच नेतन्याहू के लिये एक बार फिर बुरी ख़बर आ रही है। उनपर उनके अपने ही देश में भ्रष्टाचार के मामले को लेकर जेल जाने के तो आसार नज़र आ ही रहे हैं साथ ही पांच नॉर्डिक देशों, डेनमार्क, फ़िनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन ने भी संकेत दिया है कि उन्हें इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के सदस्य के तौर पर नेतन्याहू के विरुद्ध जारी आईसीसी के अरेस्ट वारंट पर कार्रवाई करनी होगी। आईसीसी ने नवंबर 2024 में ग़ज़ा संघर्ष से जुड़े कथित युद्ध अपराधों और मानवता के ख़िलाफ़ अपराधों के लिए इस्राईल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के लिए वारंट जारी किए थे। नॉर्वे ने तो साफ़ तौर पर कहा है कि अगर कोई वॉन्टेड व्यक्ति देश में आता है तो उसे अपने क़ानून का पालन करना होगा। परन्तु इन बातों से बेफ़िक्र नज़र आ रहा नेतन्याहू व इस्राइल किस हद तक अनियंत्रित हो गया है कि 1948 में इस्राईल की स्थापना के बाद उसे मान्यता देने वाला पहला देश अमेरिका, जिसके साथ शुरू से ही उसके गहरे रिश्ते रहे,आज वही अमेरिका इस्राइल की आक्रामकता व ग़ैर क़ानूनी सैन्य कार्रवाइयों से इतना दुखी हो गया है कि दोनों देशों के संबंधों में इतिहास में पहली बार कड़वाहट पैदा होती दिखाई दे रही है लिहाज़ा मानवता की रक्षा के लिये किसी भी क़ीमत पर और यथा शीघ्र युद्ध-प्रेमी और जनसंहारी इज़राइल पर लगाम लगाना बेहद ज़रूरी है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

जो निन्दा तथा स्तुति को समान समझनेवाला है, मननशीलता की चरम सीमा पर पहुँचकर जिसकी मनसहित इन्द्रियाँ शान्त हो चुकी हैं, जिस किसी प्रकार शरीर-निर्वाह होने में जो सदैव सन्तुष्ट है, जो अपने निवास-स्थान में ममता से रहित है, भक्ति की पराकाष्ठा पर पहुँचा हुआ वह स्थिरबुद्धिवाला पुरुष मुझे प्रिय है।

ये तु धर्यामृतमिदं यथोक्तं पर्युपासते। श्रद्दधाना मत्परमा भक्तास्तेऽतीव मे प्रियाः ।।20।।

जो मेरे परायण हुए हार्दिक श्रद्धायुक्त पुरुष इस उपर्युक्त धर्ममय अमृत का भली प्रकार सेवन करते हैं, वे भक्त मुझे अतिशय प्रिय हैं।

निष्कर्ष-

गत अध्याय के अन्त में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा कि- अर्जुन। तेरे सिवाय न कोई पाया है, न पा सकेगा- जैसा तूने देखा; किन्तु अनन्य भक्ति अथवा अनुराग से जो भजता है, वह इसी प्रकार मुझे देख सकता है, तत्त्व के साथ मुझे जान सकता है और मुझमें प्रवेश भी पा सकता है। अर्थात् परमात्मा ऐसी सत्ता है, जिसको पाया जाता है। अतः अर्जुन! भक्त बन।

अर्जुन ने इस अध्याय में प्रश्न किया कि भगवन् ! अनन्य भाव से जो आपका चिन्तन करते हैं और दूसरे वे जो अक्षर अव्यक्त की उपासना करते हैं, इन दोनों में उत्तम योगवेत्ता कौन है? योगेश्वर श्रीकृष्ण ने बताया कि दोनों मुझे ही प्राप्त होते हैं; क्योंकि मैं अव्यक्त स्वरूप हूँ। किन्तु जो इन्द्रियों को वश में रखते हुए मन को सब ओर से समेटकर अव्यक्त परमात्मा में आसक्त हैं, उनके पथ में क्लेश विशेष हैं। जब तक देह का अध्यास (भान) है, तब तक अव्यक्त स्वरूप की प्राप्ति दुःखपूर्ण है; क्योंकि अव्यक्त स्वरूप तो चित्त के निरोध और विलयकाल में मिलेगा। उसके पूर्व उसका शरीर ही बीच में बाधक बन जाता है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिविप्रः स उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

♦♦♦

# अब राजनीति में भी नवाचार की जरूरत

देश में एक बार फिर दल-बदल की चर्चा है। आयाराम गयाराम की संस्कृति बलवती हो रही है। आम आदमी पार्टी के सात सांसद पहले ही राघव चड्ढा के नेतृत्व में



सियाराम पांडेय 'शांत'

भाजपा में शामिल हो चुके हैं। तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसद त्रिपुरा की नेशनल सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में विलय कर रहे हैं। इस आशय का पत्र उन्होंने लोकसभा अध्यक्षओम बिरला को दे रखा है। शिवसेना उद्धव बाल ठाकरे के 6 सांसदों की बगावत और उनके शिंदे नीत शिवसेना अथवा भाजपा में जाने की चर्चा चरम पर है। इसे लेकर दिल्ली से महाराष्ट्र तक राजनीतिक घमासान के हालात हैं। और अब तो उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और महाराष्ट्र में शरद पवार के नेतृत्ववाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में तोड़फोड़ की संभावनाओं पर राजनीतिक धमासान मचा हुआ है।

सत्तारूढ़ भाजपा पर आरोप लग रहा है कि वह संविधान संशोधन के लिहाज से यह सब कर रही है। धन बल का इस्तेमाल कर रही है। जहां इससे काम नहीं चल पा रहा है, वहां सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के जरिए डरा-धमका कर अपना उल्‌ लू सीधा कर रही है। इन बातों में कितना दम है, यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन इसमें थोड़ी हकीकत, थोड़ा फसाना की गंध तो आती ही है। बिना आग के धुआं नहीं उठता। वैसे भी चींटी का स्वभाव है गुड़ के पास जाना। जहां शक्ति ही नहीं, संभावना ही नहीं, वहां राजनीति का क्या मतलब? सूखे शंख को बजाने का उद्योग तो कोई बुद्धिहीन ही करता है। वैसे भी विपक्ष दम तोड़ रहा है। डूबते जहाज पर बने रहना बुद्धिमानी नहीं, आत्मघात है। जरा सी सोच-समझ रखने वाला राजनीतिज्ञ भी इस बात को जानता है। अभाव के दौर में गृहकलह का बढ़ जाना सहज स्वाभाविक है। राजनीतिक दलों के साथ भी वही बात है। उनसे अपना घर तो संभल नहीं पा रहा तो आरोप-प्रत्यारोप के सिवा उनके पास विकल्प ही क्या है। विपक्षी विधायकों की बढ़ती महत्वाकांक्षा और पार्टी के प्रति असंतोष ही दरअसल दल -बदल का एक बड़ा कारण है। उद्धव ठाकरे ने तो पार्टी का अध्यक्ष पद छोड़ने की भी बात कह दी है। अब तो स्वेच्छा से या किसी अन्य कारण से किसी भी राजनीतिक दल को छोड़कर अन्य राजनीतिक दलों को नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया जाने लगा है। पढ़ाया भी जानाचाहिए। आखिर नैतिकता भी कोई चीज होती है लेकिन इस नैतिकताकी बात वे लोग कर रहे हैं जिन्होंने खुद कोई राजनीतिक दल तोड़ा और अपनी नई पार्टी बनाई।

बबूल बोकर आम खाने का तो सिद्धांत है ही नहीं। जो बोएंगे, वही काटेंगे, यही ध्रुव सत्य है। कहा तो यह जा रहा है कि जो सांसद एक दल छोड़कर दूसरे दल में शामिल हो जाते हैं, वे जनता के साथ विश्वासघात करते हैं। क्योंकि आम जनता पार्टी को देखकर वोट करती है। यह बिल्कुल नए तरह का तर्क है जो शायद ही किसी के गले उतरे। जनता अपना प्रतिनिधि चुनती है, न कि पार्टी। उसे अपने हित-अहित की चिंता किसी भी राजनीतिक पार्टी से कहीं ज्यादा है। राजनीतिक दल तो चुनाव ही नहीं, पूरे पांच वर्ष तक उसे ठीक से अपने बारे में सोचने भी नहीं देते। विचार तो इस बात का है कि जनता को अपनी पसंद का प्रत्याशी चुनने की भरपूर आजादी दी जाए। उसके दिल और दिमाग पर अनावश्यक दबाव न डाला जाए।

आजकल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीवन में नवाचार की बात कर रहे हैं। राजनीति भी जीवन का एक अंग है। अगर कुछ नवाचार वहां भी हो जाए तो क्या बुराई है ? क्या भारतीय राजनीति को पार्टीविहीन किया जा जा सकता है। कोई भी पार्टी न हो। इस स्थिति में राजनीति के सभी स्थापित वाद स्वतः समाप्त हो जाएंगे। परिवारवाद तो बचेगा ही नहीं। अगर इस एक प्रयोग से अनेक फायदे नजर आते हैं तो राजनीतिक दलों को इस निमित्त थोड़ा रिस्क लेना चाहिए। एक देश-एक चुनाव की वकालत भी आजकल देश में जोर-शोर से हो रही है। दुनिया के कई देशों में सभी चुनाव एक साथ होते हैं। भारत ही ऐसा देश है जहां वर्ष भर चुनाव होते रहते हैं। इससे विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। कितना अच्छा होता कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री , राज्यपाल ,सांसद , विधायक, महापौर और पार्षद सबके चुनाव एक साथ-एक समय पर होते। जनता सबको सीधे चुनती। इसमें एक बात औरजोड़ी जा सकती है कि चुनाव में केवल प्रत्याशी हों और जनता। बीच में कोई चुनाव प्रचार नहीं। इससे प्रचार पर होने वाले अनावश्यक खर्च से भी बचा जा सकेगा। यह देश पर एक तरह से राजनीतिक दलों का बड़ा उपकार होगा। चूंकि कोई दल बीच में नहीं होगा। इसलिए वह पूरी तरह जनता की सरकार होगी। उसके मन मिजाज की सरकार होगी जो जनताके लिए काम करेगी। वैसे भी भारत के संविधान में संशोधनों के इतने पैबंद लग चुके हैं कि उस पर नएसिरे से विचार करने की जरूरत है। अभी देश में एक संसदीय क्षेत्र में जितने गांव आते हैं, उतना तो सांसद का कार्यकाल भी नहीं होता। इसलिए अगर मोदी सरकार सांसदों की सीटें बढ़ाना चाहती हैं और उनका कार्य क्षेत्र घटाना चाहती है, उन्हें कुछ कम गांवों तक जानापड़े। हर गांव में उनकी पहुंच सुनिनिश्चित हो सके तो जनहित के लिहाज से ऐसा करना उचित ही होगा। साल भर में कितने सांसद- विधायक अपने क्षेत्र के सभी गांवों में जा पाते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। जब तक जनप्रतिनिधि जनता से मिलेगा नहीं तो वह समस्याओं के यथार्थ तक कैसे पहुंचेगा। सांसद-विधायक विपक्ष में हैं तो उनके क्षेत्र की अनदेखी भी हो सकती है। जब राजनीतिक दल ही नहीं रहेंगे तो दल बदल की नौबत ही नहीं आएगी। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री , सभी सांसद-विधायक, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री, महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष किसी पार्टी के न होकर केवल जनता के होंगे तो भला कौन किस दल में जाएगा, विचार तो इस पर होना चाहिए। जनता गुण-दोष के आधार पर अपना प्रतिनिधि चुन लेगी। रही मतदान के खर्च की बात तो अब इंटरनेट का युग है। पूरा देश कंप्यूटर और मोबाइल से ऑनलाइन वोट कर देगा। कम दाम-बड़ा काम। ईवीएम और मतपेटिकाओं में हेर-फेर की संभावनाएं भी स्वतः समाप्त हो जाएंगी। दरअसल भारत में दल-बदल का इतिहास बहुत पुराना है। यह सिलसिला साठ के दशक से चला आ रहा है। कांग्रेस कितनी बार टूटी है और उससे कितने नए दलों का जन्म हुआ है, यह किसी को भी बताने-जताने की जरूरत नहीं है। जितने भी क्षेत्रीय और पारिवारिक दल हैं,वे किसी न किसी दल को तोड़कर ही प्रकाश में आए हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### सबसे बड़ा चोर

एक बार एक न्यायाधीश की अदालत में चोरी का मामला आया। चोर ने किसी अमीर के यहां चोरी की थी। पांच सौ रुपये चुरा लिये। न्यायाधीश ने मुकदमे की सुनवाई की। अंत में सिद्ध हो गया कि चोर ने चोरी की थी। न्यायाधीश ने उसे छः महीने की सजा दे दी, साथ ही छः महीने की सजा उस अमीर को भी दे दी, जिसके यहां चोरी हुई थी।

अमीर यह सुनकर चकित रह गया। बोला, 'यह कहां का न्याय है ? मेरे घर में चोरी हुई है और मुझे ही उल्टे सजा दी जा रही है!'

न्यायाधीश ने कहा, मेरा फैसला ठीक है, बल्कि मुझे लगता है कि मैंने तुम्हें कम सजा दी है।' अमीर हैरान होकर राजा के दरबार में गया और फरियाद की कि 'मेरे साथ बड़ा अन्याय हुआ है। मेरे यहां चोरी हुई मुझी को दण्ड दिया गया है!'

राजा ने सुना तो वह भी विस्मित रह गया। उसने कहा कि नहीं, यह न्यायय नहीं है। न्यायाधीश को बुलाया गया। उससे पूछा गया तो उसने कहा, 'राजन, मैंने जो किया है, वह ठीक ही किया है। चोर ने तो मामूली चोरी की है। उसका असर एक आदमी पर पड़ा है, लेकिन इस अमीर ने तो बड़ी भारी चोरी की है। इसने जाने कितनों के यहां डाका डाला है और उन्हें कंगाल बनाकर धन इकट्‌ठा किया है। असल में मैंने तो इसे बहुत थोड़ी सजा दी है। यह तो कहीं अधिक दण्ड का अधिकारी है।' राजा सोच में पड़ गया। उसने मन-ही-मन कहा, 'इस हिसाब से तो सबसे बड़ा चोर मैं हूं, जिसने प्रजा के धन को लुटकर इतनी धन-सम्पत्ति इकट्ठी कर ली है, इतना बड़ा राज्य बना लिया है!'

पर उस समय भी यह कहावत प्रचलित थी कि राजा कभी गलती नहीं करता, और उसके सौ खून भी माफ होते हैं।

## आपका पत्र मिला

### स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित

2024 में देश में कुल जितनी मौतें हुई, उनमें से 45.5 प्रतिशत लोग बिना किसी इलाज के काल-कवलित हुए। गांवों में ये आंकड़ा 48.9 फीसदी रहा। ये आंकेड़े बदतर होते हालात की झलक देते हैं। चौंकाने वाला यह आंकड़ा संकेत है कि किस तरह आम लोग बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित होते जा रहे हैं। इसके मुताबिक 2024 में देश में कुल जितनी मौतें हुई, उनमें से 45.5 प्रतिशत लोग बिना किसी इलाज के काल- कवलित हुए। गांवों में ये आंकड़ा 48.9 फीसदी रहा। सरकार की सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) सांख्यिकी रिपोर्ट में शामिल ये आंकेड़े बदतर होते हालात की झलक देते हैं। गौरतलब है कि 2020 में इलाज से वंचित रहते हुए मरे लोगों की संख्या 18 प्रतिशत थी। एसआरएस रिपोर्ट में उन व्यक्तियों की मौत को बिना इलाज की श्रेणी में रखा जाता है, जो मृत्यु के समय प्रशिक्षित चिकित्साकर्मी की देखभाल में नहीं थे। ऐसी मौतों की संख्या में तेज वृद्धि को लेकर विशेषज्ञ भी भौंचक हैं।

उनके मुताबिक कारण स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव, इलाज का महंगा हो जाना या फिर आंकड़ा जुटाने की विसगंतियां हो सकती हैं। मगर विसंगतियों की बात एक दूसरे आंकड़े से कमजोर नजर आने लगती है। इसके मुताबिक 2024 में कुल मौतों के बीच सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह के अस्पतालों में हुई मौत का जो अनुपात रहा, वह 2014 की संख्या के आसपास ही है। मतलब यह कि इस दौर में अस्पताल सेवाओं का ऐसा विस्तार नहीं हुआ, जो आम जन को सुलभ हो। अब जरूरत इस बात की है कि एसआरएस सांख्यिकी रिपोर्ट से मिले संकेतों की अधिक गहराई से पड़ताल की जाए। मगर मौजूदा सरकार का जो नजरिया है, उसके बीच ऐसा होने की उम्मीद कम ही है।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

# एक गिलास दूध बदल सकता है आपकी सेहत ज्यादातर लोगों को नहीं पता ये बातें

अगर आपको एक ही चीज से कई सारे पोषक तत्वों की पूर्ति करनी है, तो दूध इसका सबसे अच्छा विकल्प माना जाता है। यही वजह है कि बचपन से ही रोज दूध पीने की सलाह की जाती रही है। एक गिलास दूध से आप शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन बी12, फॉस्फोरस, पोटैशियम और कई अन्य पोषक तत्व आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

बढ़ते बच्चों में हड्डियों और दांतों को मजबूती देने से लेकर वयस्कों में मांसपेशियों को फौलादी बनाए रखने तक के लिए दूध पीने को बहुत फायदेमंद माना जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि दूध सिर्फ हड्डियों और दांतों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे शरीर को कई तरह से फायदे दे सकता है?

**पोषक तत्वों से भरपूर है दूध-** मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दूध में उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, विटामिन बी12, राइबोफ्लेविन और कई आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। दूध कैल्शियम का अच्छा स्रोत है। कैल्शियम हड्डियों और दांतों की संरचना के लिए सबसे जरूरी प्रमुख खनिज है। वहीं इसमें पाया जाने वाला विटामिन डी, कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाने में मदद करता है।

**दूध के अन्य फायदे क्या हैं?**

दूध सिर्फ आपकी हड्डियों को ही नहीं मजबूत करता है। ये शरीर के लिए और भी कई तरह से लाभकारी है।दूध में मौजूद प्रोटीन मांसपेशियों की मरम्मत और निर्माण में मदद करता है। इसमें पोटैशियम होता है, जो सामान्य रक्तचाप बनाए रखने में योगदान दे सकता है। दूध में विटामिन-बी12 और राइबोफ्लेविन भी पाया जाता है जो ऊर्जा और तंत्रिका तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। दूध में मौजूद फॉस्फोरस भी हड्डियों और कोशिकाओं के सामान्य कार्य में भूमिका निभाता है।

**क्या दूध से भी हो सकती है एलर्जी?**

दूध वैसे तो सेहत के लिए बहुत लाभकारी है पर ये सभी लोगों को लिए अच्छा हो ये जरूरी नहीं है ।लैक्टोज असहिष्णुता वाले लोगों को दूध पीने पर गैस, पेट दर्द या दस्त हो सकते हैं। कुछ लोगों को दूध में मौजूद प्रोटीन से एलर्जी भी हो सकती है।

**दुग्ध उत्पाद- पोषण का एक संपूर्ण स्रोत**

कैल्शियम, प्रोटीन , विटामिन बी12 और पोटेशियम जैसे प्रमुख पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण , डेयरी उत्पाद सबसे संपूर्ण पोषण वाले खाद्य समूहों में से एक हैं। विश्व स्तर पर, यह मानव आहार में कुल ऊर्जा का 5त्न प्रदान करता है - और इसके बिना, हम उन आवश्यक खनिजों और विटामिनों के एक प्रमुख स्रोत से वंचित हो जाएंगे जिनकी हमें स्वस्थ रहने के लिए आवश्यकता होती है। यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि एक व्यक्ति के रूप में हमारे भावनात्मक कल्याण के लिए भी महत्वपूर्ण है। और यद्यपि मजबूत मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए दूध और अन्य डेयरी उत्पादों का सेवन अनिवार्य नहीं है , विज्ञान हमें बताता है कि इनका हमारे सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है।

**दूध उत्पादन और सेरोटोनिन का विज्ञान**

पहली नजर में शायद यह स्पष्ट न हो, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में डेयरी उत्पादों की भूमिका निभाने की क्षमता के पीछे एक जैविक कारण है ।

यह ऐसे काम करता है- सेरोटोनिन, एक न्यूरोट्रांसमीटर जो मनोदशा को नियंत्रित करने में मदद करता है, चिंता और तनाव को कम करने से जुड़ा है । सेरोटोनिन बनाने के लिए, आपके शरीर को दो प्रमुख पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है- ट्रिप्टोफैन और कैल्शियम। डेयरी उत्पाद इन दोनों का प्राकृतिक स्रोत हैं और ये इन्हें ऐसे रूपों में प्रदान करते हैं जिन्हें मानव शरीर आसानी से उपयोग कर सकता है।



सेरोटोनिन एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है- यह मेलाटोनिन के उत्पादन के लिए आवश्यक है, जो हार्मोन आपके नींद चक्र को नियंत्रित करने में मदद करता है। और चूंकि पर्याप्त मात्रा में अच्छी नींद लेना बेहतर मानसिक स्वास्थ्य से निकटता से जुड़ा हुआ सिद्ध हो चुका है, इसलिए डेयरी और कैल्शियम से मिलने वाले लाभ दिखने में जितने लगते हैं उससे कहीं अधिक व्यापक और गहरे हो सकते हैं।

**दूध से हड्डियां और दांत मजबूत बनते हैं।**

हम कैल्शियम के महत्व को तो जानते ही हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दूध कैल्शियम के सबसे समृद्ध प्राकृतिक स्रोतों में से एक है? दूध में पाए जाने वाले पोषक तत्व, विटामिन डी के साथ मिलकर, हड्डियों और दांतों को मजबूत और स्वस्थ रखते हैं। शोध से पता चलता है कि संतुलित आहार के हिस्से के रूप में जीवन भर पर्याप्त कैल्शियम का सेवन ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करने में सहायक हो सकता है। सोचिए - रोजाना दो गिलास ताजा डोडला दूध पीने से आपके दैनिक कैल्शियम सेवन में योगदान मिल सकता है, जिससे हड्डियों को मजबूती मिलती है।

# इन तरीकों से होगी हॉलिडे होमवर्क की टेंशन खत्म



गर्मी की छुट्टियां खत्म होने की तारीख नजदीक आते ही ज्यादातर घरों में एक ही चिंता शुरू हो जाती है, बच्चों का हॉलिडे होमवर्क। कई बच्चे आखिरी समय तक होमवर्क टालते रहते हैं, जिससे स्कूल खुलने से पहले तनाव का माहौल बन जाता है। ऐसे में उन पर डांट-फटकार या दबाव बनाने के बजाय माता-पिता अगर कुछ आसान और रचनात्मक तरीके अपनाएं, तो बच्चे खुशी-खुशी अपना होमवर्क पूरा कर सकते हैं। जिससे हॉलिडे होमवर्क बच्चों के लिए बोझ नहीं, बल्कि मजेदार अनुभव बन सकता है।

**बड़े काम को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटें-** अक्सर पूरा होमवर्क एक साथ देखकर बच्चे घबरा जाते हैं और उसे पूरा न करने की जिद करने लगते हैं। इसलिए आप सबसे पहले उनके पूरे हॉलिडे होमवर्क को छोटे-छोटे हिस्सों में बांट दें और रोजाना थोड़ा-थोड़ा काम करने का लक्ष्य तय करें। इससे बच्चे पर दबाव कम होगा और वह आसानी से अपना होमवर्क पूरा कर पाएगा।

**एक तय समय और आरामदायक माहौल बनाएं-** होमवर्क करवाने के लिए रोज एक निश्चित समय तय करें। इससे होमवर्क उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन जाएगा और बच्चे इसे किसी तरह के बोझ की तरह नहीं देखेंगे। साथ ही पढ़ाई की जगह शांत, साफ और व्यवस्थित रखें। बीच-बीच में छोटे ब्रेक देने से भी उनका ध्यान बना रहता है और वे ज्यादा उत्साह के साथ काम करते हैं।

**रचनात्मक प्रोजेक्ट्स में बनें उनके साथी-** अगर होमवर्क में चार्ट, मॉडल, ड्रॉइंग या कोई प्रोजेक्ट शामिल है, तो बच्चों के साथ बैठकर उनकी मदद करें। कई बच्चों के लिए यह मुश्किल काम होता है। इस दौरान उन्हें निर्देश देने के बजाय उनकी कल्पनाशक्ति को बढ़ावा देने पर ध्यान दें। जब माता-पिता भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बनते हैं, तो बच्चों को यह काम ज्यादा दिलचस्प लगता है और वे नई चीजें सीखने में रुचि दिखाते हैं।

**गेम और रिवॉर्ड का इस्तेमाल करें-** आप होमवर्क को एक गेम की तरह भी पेश कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, एक टास्क पूरा करने पर स्टार दें या सप्ताह भर का लक्ष्य पूरा होने पर उनकी पसंद की कोई छोटी गतिविधि करने का मौका दें। ऐसे छोटे रिवॉर्ड बच्चों को उत्साहित रखते हैं और वे होमवर्क को खुशी-खुशी पूरा करते हैं।

# वर्किंग वीमेन के लिए खास ब्यूटी टिप्स

अक्सर वर्किंग वीमेन अपने बिजी लाइफस्टाइल की वजह से खुद पर ध्यान नहीं दे पाती। ऐसे में उनको अपनी अपीरियंस का खास ध्यान रखना पड़ता है। ऐसा नहीं होने पर उनका ओवरऑल लुक प्रभावित होता है जो अच्छा नहीं है। वर्किंग विमिन के लिए सबसे ज्यादा मुश्किल होता है खुद की स्किन का ख्याल रखने के लिए समय निकालना। इस वजह से अक्सर उन्हें स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो जाती हैं जो उनके लुक को डल करना शुरू कर देती हैं। ऐसा न हो इसके लिए हम आपके लिए कुछ ख़ास ब्यूटी टिप्स लेकर आए हैं जिससे आपकी स्किन चमक से शाइन करने लगेगी।

**स्किन की डीप क्लीनिंग**

बिजी लाइफस्टाइल के बावजूद अपनी त्वचा की नियमित सफाई करना बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में आपको सुबह और रात को अपने चेहरे को एक अच्छे फेस वॉश से धोएं ताकि त्वचा पर जमी गंदगी, धूल और तेल साफ हो सके। अगर आपकी स्किन सेंसटिव है, तो माइल्ड और हाइपोएलर्जेनिक क्लीनर का उपयोग करें।

**हाइड्रेशन पर ध्यान दें**

हाइड्रेटेड त्वचा ही स्वस्थ और चमकदार त्वचा होती है। दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं।अपने चेहरे और शरीर पर नियमित रूप से हाइड्रेटिंग मॉइश्चराइजर लगाएं, खासकर सोने से पहले। पानी पीने के शरीर को और भी गजब के फायदे मिलते हैं। हो सके तो सुबह खाली पेट जरूर गुनगना पानी पीना चाइए।

**जल्दी और प्रभावी स्किनकेयर रूटीन**

समय की कमी के बावजूद एक सरल और प्रभावी स्किनकेयर रूटीन बनाए रखें। ऐसे स्किनकेयर प्रोडक्ट्स का उपयोग करें जो एक साथ कई काम करें, जैसे कि मॉइश्चराइजर में एसपीएफ (सूरज से बचाव) शामिल हो। टोनर और सीरम को अपने ग्लोइंग स्किन के लिए उसे करे। जल्दी-जल्दी इस्तेमाल किए जाने वाले टोनर और सीरम भी आपकी स्किन को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।

**संतुलित आहार अपनी डाइट में शामिल करे**

आपकी त्वचा की सुंदरता आपके आहार पर भी निर्भर करती है। ऐसे में फ्रूट्स और वेजिटेबल्स को अपनी डाइट में शमिल करे। अपने आहार में ताजे फल और हरी सब्जियाँ शामिल करें, जो त्वचा को आवश्यक पोषण प्रदान करती हैं। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे बेरीज, नट्स और हरी चाय का सेवन करें, जो स्किन को हानिकारक तत्वों से बचाते हैं।



**स्ट्रेस कम ले**

तनाव का आपकी त्वचा पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है, इसलिए इसे मैनेज करना भी जरूरी है। योग और मेडिटेशन से स्किन बहतर होती हैं। इस लिए दिन में कुछ समय योग और मेडिटेशन के लिए निकालें, जो मानसिक शांति और त्वचा की सुंदरता को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। कभी-कभी खुद को छोटा सा ब्रेक दें और अपनी पसंदीदा एक्टिविटी करें ताकि आप मानसिक रूप से तरोताजा महसूस करें।

**फेस मास्क शीट्स**

फेस मास्क शीट का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह कम समय में ही स्किन को डीप नरिशमेंट दे देता है। मार्केट में कई तरह के मास्क उपलब्ध हैं। इनमें से अपनी स्किन के मुताबिक मास्क चुनें और उसे 10 मिनट तक लगा रहने दें। इसके रोज इस्तेमाल से आपके चेहरे का ग्लो कभी भी कम नहीं होगा।वर्किंग विमिन कीबिजी लाइफस्टाइल के बावजूद, अपनी त्वचा और सुंदरता का ध्यान रखना संभव है। ऊपर दिए गए ब्यूटी टिप्स को अपनाकर आप अपनी त्वचा को स्वस्थ, चमकदार और खूबसूरत बनाए रख सकती हैं। याद रखें, थोड़ी सी देखभाल और नियमितता आपकी सुंदरता को बनाए रखने में मदद करेगी।

# क्यों पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रहता है ज्यादा स्ट्रेस?



पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा स्ट्रेस में रहती हैं। दरअसल, अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के सर्वे में यह जानकारी सामने आई है। एकसाथ कई रोल में फिट होने की ललक, बॉडी इमेज से जूझना, कई हेल्थ समस्याओं से परेशान, परिवार साथ होने पर भी अकेले होने का एहसास, अत्यधिक काम का दबाव, वर्क होम लाइफ बैलेंस जैसे कई मुद्दे हैं जो एक महिला को पुरुषों की तुलना में अधिक परेशान करते हैं। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं इसके बारे में।

महिलाएं एक साथ कई काम करने में सक्षम होती हैं फिर वो चाहे इच्छा से करें या मजबूरी में। इससे शारीरिक और मानसिक थकान होती है। इससे निपटने के लिए महिलाओं को अपने सभी काम की लिस्ट को कई घंटों में बांट देना चाहिए, प्राथमिकता के अनुसार काम करना चाहिए और बीच बीच में ब्रेक लेते रहना चाहिए। लिस्ट के सभी काम पूरे करने के लिए दबाव में नहीं आना चाहिए। कुछ काम नहीं होंगे तो भी काम चल जाएगा लेकिन काम का तनाव लेकर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता न देने से कई प्रकार के रोग घर कर सकते हैं। महिलाएं सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अपने जीवन की तुलना दूसरों के हंसते खेलते जीवन से कर के अनावश्यक दुखी हो जाती हैं जिससे तनाव बढ़ता है। इस डिजिटल ओवरलोड को कम करना चाहिए और सोशल मीडिया से ब्रेक लेकर खुद को डिजिटल डिटॉक्स करते रहना चाहिए। एक जगह पड़े पड़े काम करते रहने से घर के माहौल में महिलाओं को सामान्य तौर पर भी एनर्जी ड्रेन होती है और तनाव महसूस होने लगता है। इसलिए घर से बाहर निकल कर फ्रेश हवा जरूर लेनी चाहिए जिससे माहौल बदले,मूड फ्रेश हो और तनाव कम हो। महिलाएं एक रूटीन में बंध कर मशीन की तरह दिन रात काम करती हैं। इससे उन्हें कुछ क्रिएटिव करने का या फिर अपनी हॉबी या पैशन को फॉलो करने का मौका नहीं मिल पाता है। इससे मेंटल स्टिमुलेशन नहीं होता है जिससे बोरिंग और थकान भरी दिनचर्या से मेंटल हेल्थ प्रभावित होती है। इसलिए कुछ आर्टिस्टिक या क्रिएटिव जरूर करते रहना चाहिए।

## एकांत साधना



-डॉ. आशा रस्तोगी

जहाँ अविरल निर्झरणी बहे चित्त की,<br>
वही अंतस के मार्ग का संकेत है।<br>
वही स्थल ब्रह्म- चिंतन के लिए उपयुक्त है,<br>
साधना कर एकांत में साधक हो जाता मुक्त है।<br>
है यह निर्जन प्रदेश जहाँ तपस्वी करते निवास,<br>
वास कर उस प्रदेश में अनुभव करते आत्मा का उजास।<br>
जो रस रूप आत्मा के रस सागर में निमज्जित रहते हैं,<br>
उनके ब्रह्म चिंतन में कोई विघ्न नहीं पड़ते हैं।<br>
यह सत्य है कि सभी साधक नहीं हो सकते हैं,<br>
सामान्य जन भी किसी न किसी साधना में रत हो सकते हैं।<br>
साहित्य, कला, चिंतन, अवलोकन सभी हैं साधना के प्रकार,<br>
साधनारत का स्वयं में प्रवेश का स्वप्न होता साकार।<br>
एकांत में साहित्य सृजन, संगीत की स्वरलहरी का श्रवण,<br>
नयनाभिराम सृष्टि का आत्मविभोर हो करना दर्शन।<br>
ये सभी हैं एक प्रकार के ध्यान,<br>
जो भरते उर में अनुपम सुख, आनंद और मुस्कान।<br>
भले ही चित्त को निर्विकल्प समाधि में न ले जाए यह ध्यान,<br>
किंतु सामान्य चित्त की व्यग्रता का अवश्य करता अवसान।<br>
सृजन का गर्भगृह एकांत, मनुज का स्वयं में प्रवेश कराता है,<br>
विलग कर बाह्य रंगमंच से अंतर्गुंजित ब्रह्म- नाद सुनाता है।<br>
वलगता उन्हें ही काटती है,<br>
जिनके पास साधना का अवलंब नहीं।<br>
अकेलेपन का राग वही अलापते हैं,<br>
जिनके जीवन को साधना का संग नहीं।<br>
आत्मा की निःस्तब्धता को जान,<br>
जिसे एक बार भी दिव्यता का हुआ अनुभव।<br>
वह जान गया कि एकांत कोई अभाव नहीं,<br>
वरन् आत्मालाप वहीं होता संभव।

# खाने में नहीं आ रहा है स्वाद तो न करें ये गलतियां

**स्वाद और सेहत दोनों हो जाते हैं खराब**

अगर आप रोज सब्जी बनाते हैं लेकिन स्वाद या पोषण में कुछ कमी लगती है तो हो सकता है आप अनजाने में खाना बनाते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों से न सिर्फ आपकी सब्जी का स्वाद बिगड़ता है, बल्कि सेहत पर भी बुरा असर पड़ सकता है। आप खाना तो बहुत मन से बनाते हैं लेकिन फिर भी उसमें स्वाद नहीं आता। सब्जी बनाते समय सारी प्रक्रिया भी वही दोहराते हैं, जैसा मां ने सिखाया हो या यूट्यूब देखकर सीखा हो लेकिन फिर भी कोई न कोई कमी रह ही जाती है। आखिर गलती हो कहां रही है? इस लेख में जानिए वो पांच सामान्य गलतियां जो सब्जी बनाते समय लोग करते हैं, जिससे उनके खाने का स्वाद खराब हो जाता है।

**कच्चे तेल में छोंक-**अक्सर लोग सब्जी बनाते समय तेल को अच्छे से पकाए बिना या ठंडे व कच्चे तेल में छोंक लगा देते हैं। इससे तेल की छार और कच्चापन बरकरार रहता है। ये सब्जी बनाते समय सबसे पहली और बड़ी गलती लोग कर जाते हैं। जब तेल अच्छे से गर्म हो जाए तो उसमें पहले जीरा, लहसुन ,प्याज और बाकी सामान डालें।

**ज्यादा देर तक सब्जी पकाना-** बहुत से लोग सब्जी को ढककर ज्यादा देर तक पकाते हैं ताकि वह पूरी तरह से गल जाए। लेकिन इससे सब्जियों के जरूरी विटामिन और मिनरल्स खत्म हो जाते हैं। इससे सब्जी ओवरकुक हो जाती है और उसका स्वाद भी कम हो जाता है। हल्की आंच पर सीमित समय तक पकाएं।

**शुरुआत में नमक डालना-** सब्जी बनाते समय गलत समय पर नमक डालने से भी स्वाद बिगड़ सकता है। शुरुआत में ही नमक डालने से सब्जी गल जाती है और उसका टेस्चर भी खराब हो जाता है। वहीं कुछ लोग देर में नमक डालते हैं, जिससे वह अच्छी तरह से घुल नहीं पाता। जब सब्जी आधी पक चुकी हो तो उसमें सही अनुपात में नमक डालें ताकि वह अच्छे से घुल भी जएं और स्वाद भी बढ़ जाए।

**बार-बार सब्जी को चलाना-**हर दो मिनट में सब्जी को चलाने से उसकी आकृति बिगड़ जाती है और सब्जी मसल जाती है। कम से कम बार हिलाएं, ताकि सब्जी अपनी



शेप और स्वाद बनाए रखे। हालांकि ढककर पकाते न रहे, बीच-बीच में उसे चलाते रहें, लेकिन सीमित मात्रा में।

**तेल ज्यादा डालना-**आप मसाले, नमक आदि सभी कुछ का अनुपात बराबर रखते हैं लेकिन अगर आपने सब्जी में तेल ही ज्यादा डाल दिया हो तो स्वाद बिगड़ जाता है। अक्सर स्वाद बढ़ाने के चक्कर में लोग तेल की मात्रा ज्यादा कर देते हैं, जिससे कैलोरी इनटेक बढ़ता है और सब्जी भारी हो जाती है। एक से दो चम्मच तेल ही काफी होता है।

**हर सब्जी में एक ही तरह के मसाले-**सब्जी चाहे ग्रेवी वाली हो या ड्राई वेज, आलू की सब्जी हो या पनीर की सब्जी हो, कुछ लोग एक ही तरह के मसाले का उपयोग करते हैं। इससे हर सब्जी का स्वाद एक ही जैसा लगता है। हमेशा सब्जी के हिसाब से मसाले डालें। ये ध्यान रखें कि किस सब्जी में अजवाइन का तड़का अच्छा लगता है और किस सब्जी में मेथी या जीरा का। कौन सी सब्जी हल्दी डाली जाती है और किस सब्जी में हल्दी का उपयोग नहीं करना चाहिए। कई सब्जियां ऐसी होती हैं, जिसमें भरपूर मसाले डाले जाते हैं, वहीं कुछ सब्जियों में सिर्फ खड़े मसालों से ही स्वाद बढ़ जाता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**सोमवार, 22 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ द्वितीया ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे अष्टमी तिथौ सोम वासरे 15/41/ उत्तर फाल्गुन नक्षत्रे 10/23/ व्यतिपात योग 10/31/ बव करणे 15/41/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** श्री दुर्गाष्टमी व्रत। धूमावती जयंती। करिदिन।

**मेष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कॉलेज से जुड़े किसी काम की भागदौड़ रहेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में रुतबा बढेगा।

**वृष :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे, जिनको आप अपने बिजनेस में इन्वेस्ट करके बिजनेस बढ़ाएंगे।

**मिथुन :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आपको कम मेहनत के उपरांत भी अच्छा लाभ होगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**कर्क :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला :**आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए।

**मीन :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। वर्किंग पेरेंट्स आज अपने बच्चो के लिए समय निकालेंगे और बच्चों के साथ गेम खेलेंगे।

# ‘योगा फॉर हेल्दी एजिंग’ थीम के साथ मनाया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) ऑडिटोरियम, बाराबंकी में जनपद स्तरीय भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ‘योगा फॉर हेल्थी एजिंग’ निर्धारित की गई थी। इस थीम का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना है कि योग केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि बढ़ती आयु के साथ शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य



को बेहतर बनाए रखने का प्रभावी साधन भी है।कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक शशिकांत अवस्थी के निर्देशन में उपस्थित जनसमूह को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर : सतीश चन्द्र शर्मा

राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, ऊर्जावान एवं तनावमुक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व के अनेक देशों में लोग योग को अपनाकर निरोग जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## योग भारत की गौरवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है : डीएम

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारत की गौरवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है, जो संपूर्ण मानवता को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को जन-जन की जीवनशैली बनाना समय की आवश्यकता है। वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली जनित बीमारियों से बचाव के लिए योग अत्यंत प्रभावी उपाय है। योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है तथा समाज में सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास करता है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई नीट परीक्षा

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की जा रही है। जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर कुल 2788 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं।यह परीक्षा देशभर में आयोजित की जा रही है, जिसमें लगभग 22 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं और 5500 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।जनपद के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित सभी केंद्रों पर दोपहर 12 बजे से अभ्यर्थियों का प्रवेश शुरू हो गया था। प्रवेश से पहले छात्रों की सघन जांच की गई। सुरक्षा कर्मियों ने मेटल डिटेक्टर और विशेष स्कैनिंग उपकरणों का उपयोग कर अभ्यर्थियों के बालों तक की जांच की।परीक्षा



दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जा रही है। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले ही केंद्रों में प्रवेश दे दिया गया था। जिले के सभी आठ केंद्रों पर पुलिस, प्रशासन, सीआरपीएफ और एसटीएफ की टीमें सतर्कता से तैनात हैं। सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी आसपास निगरानी कर रहे हैं।परीक्षा के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। पहले सुरक्षा घेरे में केंद्रों के बाहर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तैनात हैं। इसके तहत केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में अनावश्यक व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध है।दूसरे सुरक्षा घेरे में अभ्यर्थियों की पहचान, एडमिट कार्ड सत्यापन और बायोमीट्रिक जांच की जा रही है। तीसरे और सबसे महत्वपूर्ण घेरे में परीक्षा कक्षों के भीतर सीसीटीवी कैमरों, फ्लाइंग स्क्वॉड और पर्यवेक्षकों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## खबर एक नजर

### हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस मंगलवार को

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** कस्बा के लोहिया वार्ड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर का पांचवा स्थापना दिवस आगामी 23 जून मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा ।इस अवसर पर बजरंगबली को 56 भोग का भोग लगाने के अलावा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। संतोष सैनी ने बताया कि आगामी 22 जून को मंदिर पर श्री रामचरितमानस अखंड पाठ का शुभारंभ होगा मंगलवार को पाठ समापन के पश्चात दोपहर 1:00 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 8:00 बजे 56 भोग लगाने के बाद मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

### पल्लेदारी का पैसा लेकर लौट रहे युवक पर हमला

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में पल्लेदारी का पैसा लेकर घर लौट रहे एक युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।नगर पंचायत सुबेहा के जवाहर नगर वार्ड निवासी राजेश गौतम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 20 जून को बिद्दी का पुरवा गांव पल्लेदारी का पैसा लेने गया था। वहां से वापस लौटते समय अल्पी का पुरवा के पास हसनपुर निवासी पवन पुत्र दुलारे ने उसे रोक लिया।पीड़ित के अनुसार किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने ईंट से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में चोट लग गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद घायल युवक ने थाना सुबेहा पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### खूंटा उखाड़ने का विरोध करने पर युवक को पीटा, चार पर मुकदमा

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के देवपुरा मजरे शहरी इस्लामपुर गांव में दरवाजे पर गाड़े गए खूंटे उखाड़ने का विरोध करने पर युवक की पिटाई कर दी गई। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी उमाशंकर मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 जून की शाम करीब साढ़े छह बजे उनके पड़ोसी रोहित मौर्य, मोहित मौर्य, त्रिवेणी और त्रिवेणी की पत्नी उनके दरवाजे पर पहुंचे और जानवर बांधने के लिए गाड़े गए खूंटों को उखाड़ने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद विपक्षियों ने ईंट और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया।प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस ने लकड़ी का अवैध परिवहन करते पिकअप को पकड़ा,सीज

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।**सुबेहा पुलिस ने क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान बिना वैध परमिट और ट्रांजिट पास के आम की लकड़ी का परिवहन कर रही एक पिकअप को पकड़ा है। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई शनिवार देर रात की गई। उपनिरीक्षक छोटेलाल अपने हमराह कांस्टेबल रूपेंद्र सिंह और कांस्टेबल कृष्ण कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान शुकुल बाजार तिराहे पर शुकुल बाजार की ओर से आ रही एक मैक्स महिंद्रा पिकअप को रोककर उसकी जांच की गई।पूछताछ में चालक ने अपनी पहचान राहुल पुत्र राम बहादुर, निवासी हसनपुर, नगर पंचायत कस्बा एवं थाना सुबेहा के रूप में बताई। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें आम की लकड़ी के हरे बोटे लदे मिले। पुलिस द्वारा लकड़ी के परिवहन संबंधी वैध परमिट, ट्रांजिट पास या अन्य दस्तावेज मांगे जाने पर चालक कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका।पुलिस ने इसे प्रथम दृष्टया अन्य वन उपज नियमावली- 1978 की धारा 3/28 का उल्लंघन माना। इसके बाद लकड़ी को कब्जे में लेकर चालक राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के दौरान चालक वाहन से संबंधित वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने वाहन का चालान कर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत पिकअप को सीज कर दिया।थाना प्रभारी बेचू सिंह ने बताया कि बिना परमिट और अभिवाहन पास के प्रतिबंधित आम की लकड़ी से लदी पिकअप और चालक को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।

### तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** लखनऊ-गोंडा हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी भाभी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।जनपद गोण्डा के थाना करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम याकूबपुर निवासी 45 वर्षीय राकेश रावत पुत्र संतराम रावत अपनी भाभी 40 वर्षीय सरस्वती पत्नी पप्पू रावत को बाइक से लेकर रामपुर भैसुरिया में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान थाना रामनगर क्षेत्र में लखनऊ-गोंडा हाईवे पर चौकाघाट रेलवे स्टेशन के निकट दुर्गापुर मोड़ के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया।

# एससी/एसटी एक्ट का वांछित हुआ गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिले के फतेहपुर में मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने मारपीट और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में राकेश यादव पुत्र स्वर्गीय शिवप्रसाद यादव के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज किया गया था। राकेश यादव ग्राम बबुरी मजरा दुर्गापुर नौबस्ता का निवासी है। उस पर मारपीट और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं के तहत आरोप थे। घटना के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और स्थानीय जांच के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की गई और सभी विधिक औपचारिकताएं पूरी की गईं।कोतवाल अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए थाना स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में पुलिस टीमें सक्रिय हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। मोहम्मदपुर खाला पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया कार्यक्रमों का आयोजन

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को क्षेत्र में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।योग दिवस को जन-आंदोलन का स्वरूप देते हुए ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, सरकारी कार्यालयों, शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों सहित सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रमों में सहभागिता की और स्वस्थ रहने के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। मनरेगा उद्यान मंगौवा के सुरम्य वातावरण में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सूबेहा रणवीर सिंह मोनू के नेतृत्व में आयोजित योग शिविर में प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह व बड़ी संख्या में ग्रामीणो ने हिस्सा लिया। रामदेव सिंह ने कहा स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है इसलिए स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए हमें अपनी दैनिक दिनचर्या में



योग और प्राणायाम को शामिल करना होगा। ब्लॉक मुख्यालय पर एडियो पंचायत अखिलेश दुबे की अध्यक्षता में मोहित चतुर्वेदी पंचायत सचिव पवन कुमार राहुल कुमार बड़ी संख्या में विकास कर्मियों ने योग शिविर में हिस्सा लिया। इसी क्रम में त्रिवेदीगंज ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित योग शिविर में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा कृतज्ञ प्रताप, एकागा, आदि ने योगाभ्यास किया और नियमित रूप से योग्य भास्कर जी का संकल्प लिया ग्रामोदय विकास संस्थान एवं दिव्यांग स्कूल फतेहगंज में दिव्यांग बच्चों सहित समस्त स्टाफ ने योग शिविर में भाग लिया। ग्रामोदय पब्लिक एवं दिव्यांग स्कूल प्रबंधक देवी प्रसाद यादव उपस्थित रहे। ।इस योग शिविर में स्कूल के सभी दिव्यांग बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योग प्रशिक्षक के निर्देशों का पालन करते हुए विभिन्न आसन व प्राणायाम किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से काउंसलर अजय यादव, विशेष शिक्षक मोहम्मद नसीर, शिक्षक संदीप श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।पंचायत भवन सरायगोपी में प्रधान जसवंत मौर्य, सचिव राजकुमार के नेतृत्व में माताफेर सिंह, अमित संतोष चौधरी, समर बहादुर मौर्य धर्मेंद्र, पुनीत, रमेश, संतराम बसंत, शिवमंगल आदि ने प्रशिक्षक के निर्देशन में प्राणायाम व योगासनों का अभ्यास किया ।

# फाड़ी गयी भाजपा नेताओं की होर्डिंग्स गौरी कान्त दीक्षित ने दी तहरीर

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही रामनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के टिकट दावेदारों के बीच सियासी खींचतान खुलकर सामने आने लगी है। क्षेत्र में जगह-जगह लगाए जा रहे नेताओं के होर्डिंग और बैनर रातों-रात फाड़े जाने से पार्टी के भीतर नाराजगी बढ़ गई है। भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित ने इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए पुलिस से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।रामनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा का टिकट पाने के लिए दो दर्जन से अधिक नेता सक्रिय हैं। संभावित प्रत्याशी अपने-अपने स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने के साथ बड़े-बड़े होर्डिंग और बैनर लगाकर अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं। प्रमुख चौराहों, बाजारों, सड़क किनारे बिजली के खंभों और गांवों में बड़ी संख्या में होर्डिंग लगाए गए हैं। लेकिन बीते कुछ दिनों से इन होर्डिंगों को रात के अंधेरे में फाड़ने और हटाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुढ़वल चौराहे से फतेहपुर मोड़ के बीच प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के चित्रों के साथ अपना एक बड़ा होर्डिंग लगवाया था। आरोप है कि शनिवार देर रा अज्ञात लोगों ने उक्त होर्डिंग को फाड़ दिया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।रविवार को गौरीकांत दीक्षित समर्थकों के साथ थाना रामनगर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज तथा फटे हुए होर्डिंग के फोटो पुलिस को सौंपते हुए शिकायती पत्र दिया। उन्होंने कहा कि कुछ अराजक तत्व जानबूझकर माहौल खराब करने और पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।उधर, भाजपा नेत्री अल्का मिश्रा ने भी होर्डिंग फाड़े जाने पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि उन्होंने पूरे क्षेत्र में सैकड़ों होर्डिंग लगवाए थे, लेकिन एक सप्ताह के भीतर अधिकांश होर्डिंग फाड़ दिए गए और अब इक्का-दुक्का होर्डिंग ही बचे हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत बताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।भाजपा के अन्य टिकट दावेदारों का भी कहना है कि एक दिन होर्डिंग लगाए जाते हैं और अगले दिन वे फटे हुए या गायब मिलते हैं। इससे कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है। नेताओं का कहना है कि यदि समय रहते ऐसी गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो इसका सीधा असर पार्टी की छवि और चुनावी तैयारियों पर पड़ सकता है।पुलिस ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्थानांतरण के बावजूद कुर्सी पर जमा है बाबू

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** एक कनिष्ठ लिपिक के स्थानांतरण के बाद भी उसे कार्यमुक्त न किए जाने का मामला सामने आया है। आरईडी से संबंधित कनिष्ठ लिपिक मुकेश कुमार स्थानीय निवासी है और पिछले लगभग आठ वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत है। हाल ही में प्रशासनिक आधार पर उनका ट्रांसफर अमेठी हुआ है लेकिन विभागीयअधिकारियों द्वारा अभी तक उनको रिलीव नहीं किया गया है। सूत्रों की माने तो संबंधित कर्मचारी स्वयं यह दावा कर रहा है कि वह अपना स्थानांतरण रुकवा लेगा। ए सी अयोध्या मंडल से मिल चुका है । उसे कोई कार्यमुक्त नहीं कर सकता। सूत्र यह भी बताते है भ्रष्टाचार के लिए जिले के दो माननीय भी इनकी शिकायत मुख्यमंत्री से कर चुके है फिर भी यह रिलीव नहीं हुए।इस संबंध में विभाग के एसी अयोध्या मंडल के के मिश्रा से जब बात हुई तो उनका कहना था कि स्थानांतरण आदेश हुआ है।रोकने की बात गलत है।

# रेलयात्रियों को मिष्ठान व जल वितरण कर धर्मसेवकों ने किया योग

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** धर्मसेवकों ने अयोध्या लखनऊ पैसेंजर के रेल यात्रियों को इस भीषण गर्मी में मिष्ठान व जल वितरण करने के पश्चात सैदखानपुर स्टेशन पर योग किया है विदित हो अमित अवस्थी ‘अधिवक्ता’ संयोजक धर्मजागरण बाराबंकीधाम उ.प्र. द्वारा पिछले 5 वर्षो से बाराबंकी जनपद के सभी रेलवे स्टेशनों पर मिष्ठान सहित जल वितरण किया जा रहा है जिसके क्रम में आज सैदखानपुर स्टेशन में भी यह कार्यक्रम रेलमेध यज्ञ के नाम से आयोजित था विशेष बात यह रही कि इस मिष्ठान व जल वितरण कार्यक्रम में आए हुए धर्मसेवकों ने रेल चले जाने के बाद प्लेटफार्म पर ही स्टेशन मास्टर मो. रफी के साथ मिलकर योग किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत द्विवेदी ने उपस्थित धर्मसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व गुरु तभी बन सकता है जब उसकी संस्कृति को लोग माने। हम हथियार के बल पर विश्व को अपने कब्जे में करने का विचार नहीं रखते हम अपनी संस्कृति को संसार में मानवता के लिए फैलाना चाहते हैं योग इसी का एक माध्यम है। जिसको आज विश्व के सभी देशों ने स्वीकार किया है अपने जीवन में स्वास्थ्य के लिए लगभग सभी लोग योग करते हैं लेकिन आज विश्व योग दिवस के अवसर पर इसके उचित प्रचार प्रसार के लिए हम सभी को योग करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से वेद प्रकाश पांडे, सूर्यकांत द्विवेदी, अखंड प्रताप सिंह, अजय कुमार दीक्षित, शिव शंकर मिश्र, कमलाकान्त शुक्ल, अनुराग सिंह, करुणा शंकर तिवारी, ज्ञान प्रकाश, कृष्ण द्विवेदी, जीत बहादुर, सुरेश गौतम, राजेश मिश्र, उत्तम शुक्ल, मुकेश शुक्ल, सौरभ द्विवेदी, पवन मिश्र, अरविंद राजपूत आदि धर्मसेवक बंधु उपस्थित थे। अंत में धर्मजागरण के सैदखानपुर रेलवे स्टेशन प्रभारी वीरेंद्र वर्मा ने सभी धर्मसेवकों का आभार व्यक्त किया।

# प्रसूता के उपचार में लापरवाही का आरोप

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** सामुदायिक स्वस्थ केंद्र हैदरगढ़ मे बीती रात प्रसूता के इलाज में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया हैं। इस लापरवाही के चलते प्रसूता रात भर तड़पती रही। सुबह होने पर परिजन एक निजी अस्पताल में ले गये, जहां प्रसूता ने एक बच्ची को जन्म दिया।मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ का है। क्षेत्र के बनवारगंज मजरे बहुता गांव निवासी देवराज की पत्नी सीमा को शनिवार शाम प्रसव पीडा हुई। जिसकी सूचना आशा बहू बिटाना को दी गई । जिसके बाद आशा बहू ने प्रसूता को देर शाम सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया । अचानक देर रात प्रसूता सीमा को जोरदार दर्द होने लगा। दर्द होने की सूचना परिजनो ने ड्यूटी में लगी नर्स व अन्य स्वास्थ्यकर्मी महिलाओं को दी।आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी महिलाओं ने कोई उपचार नहीं किया और पुनः कुंडी लगाकर अंदर सो गई। इस लापरवाही के चलते प्रसूता रात भर दर्द से जोर जोर से चिल्लाती रही। परिजन बंद दरवाजे के बाहर गुहार लगाते रहे। लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों ने रात में उठकर दवा देने की जहमत उठाई। महिला स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यशैली से नाराज परिजन रविवार सुबह बोलेरो वाहन से प्रसूता को लेकर चले गए और भिलवल स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्रसूता ने थोड़ी देर बाद ही एक बच्ची को जन्म दे दिया। जहां जच्चा बच्चा सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वही परिजनों ने महिला स्वास्थ्य कर्मियों की शिकायत जिला अधिकारी से करने की बात कही है। । इस मामले में अधीक्षक जयशंकर पांडेय ने बताया कि लापरवाही नही बरती गई है।हालत ठीक ना होने के कारण उसे सुबह रेफर किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा राजयोग एवं योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बाराबंकी शाखा, दिव्य शक्ति भवन द्वारा शहीद स्मारक उद्यान में विशेष राजयोग एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 नागरिकों तथा वी.पी.एस. ग्लोबल अकैडमी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया।बाराबंकी सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी अनुराधा दीदी ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि आत्मा और परमात्मा के संबंध का अनुभव कर आंतरिक शांति, आत्मबल एवं सकारात्मकता प्राप्त करने की श्रेष्ठ विधि है। उन्होंने सभी को राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से तनावमुक्त, संतुलित एवं खुशहाल जीवन अपनाने के लिए



प्रेरित किया।इस अवसर पर राजयोगिनी प्रीति दीदी ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को म्यूज़िकल योगा का अभ्यास कराया। वहीं बीके प्रदीप (योग प्रशिक्षक एवं प्रधानाचार्य, वी.पी.एस. ग्लोबल अकैडमी) तथा बीके रामसेन ने उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योगासन, व्यायाम एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।कार्यक्रम के दौरान योग, ध्यान एवं आध्यात्मिक जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा सभी को नियमित रूप से योग एवं राजयोग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी लोगों ने स्वस्थ, नशामुक्त एवं सकारात्मक समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, ऊर्जा, अनुशासन एवं आध्यात्मिक अनुभूतियों से ओत-प्रोत रहा।अंत में प्रसाद वितरण के साथ साथ सभी ने शरबत का भी आनंद लिया।इसी क्रम में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल, ग्राम छन्दवल में वृहद योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सहभागिता कर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी द्वारा प्रशिक्षित योगाचार्य अमर सिंह वर्मा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया।

## खबर एक नजर

### गुरुबक्सगंज में रात के अंधेरे में जेसीबी से अवैध मिट्टी खनन, किसान की फसल पर संकट

**रायबरेली।** थाना गुरबक्शगंज क्षेत्र के ग्राम धर्म सिंह खेड़ा मजरे गुझरी में रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन लगाकर अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। ग्राम निवासी किसान हरिकिशोर सिंह ने थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके कृषि योग्य खेत गाटा संख्या 2066 के बगल में अज्ञात लोगों द्वारा बीती रात से अवैध खनन किया जा रहा है। गहरी खुदाई से खेत की मेड़ धंसने का खतरा पैदा हो गया है। हरिकिशोर सिंह का आरोप है कि बरसात में इन गहरे गड्ढों में पानी भरने से आसपास के खेतों में जलभराव होगा और फसलें बर्बाद हो जाएंगी। उपजाऊ मिट्टी के कटाव से उत्पादन पूरी तरह ठप होने की आशंका है। पीड़ित किसान ने बताया कि खनन करने वाले लोग रात में रास्ता रोक देते हैं और विरोध करने पर झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। इससे जान-माल का खतरा बना हुआ है। अवैध खनन के चलते उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। किसान ने थानाध्यक्ष से तत्काल मौके का निरीक्षण कराकर खनन रुकवाने की मांग की है। साथ ही दोषियों पर कठोर कानूनी कार्यवाही और भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द कार्यवाही की मांग की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**ऊँचाहार, रायबरेली।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है, घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। भाभीपुर मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव निवासी प्रदीप कुमार 23 वर्ष शनिवार की रात बाबूगंज से बाइक द्वारा घर वापस लौट रहा था, तभी लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित चड्ढई चौराहे पर सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना में प्रदीप गम्भीर रूप से घायल हो गया, स्थानीय लोगों की मदद से उसे एम्बुलेंस द्वारा जगतपुर सीएचसी ले जाया गयाए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कार्यवाहक कोतवाल संजय कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, वाहन की तलाश की जा रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक परिसर जगतपुर में हुआ योगाभ्यास

**जगतपुर, रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को विकास खंड परिसर जगतपुर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए तथा योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति तनावमुक्त रहकर स्वस्थ जीवन जी सकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगासन, ध्यान और प्राणायाम का अभ्यास किया। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित लोगों ने योग के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर पंचायत अनिल कुमार वर्मा, राकेश कुमार पाण्डे, कृष्णा पटेल संदीप पांडे, मांगें लाल, शिव शंकर, संतोष तिवारी सहित ब्लॉक परिसर के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सभी के स्वस्थ एवं निरोग जीवन की कामना के साथ किया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त

**ऊँचाहार, रायबरेली।** ग्रेटर नोएडा में रहकर ड्राइवरी करके परिवार का भरण पोषण कर रहे युवक ने किसी बात से क्षुब्ध होकर शनिवार की रात कमरे में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है। परिजन शव लेने के लिए रवाना हो गए हैं। क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल गांव निवासी अरुण मिश्रा का 27 वर्षीय पुत्र पीयूष मिश्रा सेक्टर 23 नोएडा में रहकर किसी ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित पिकअप की ड्राइवरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार की रात किसी बात से क्षुब्ध होकर उसने कमरे में लगे पंखे से फ सी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। वही पुलिस की सूचना पर परिजन अपने निजी वाहन से शव लेने के लिए रवाना हो गए हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी दीक्षा व चार साल के बेटे को छोड़ गया, जिनका घटना के बाद से रोरोकर बुरा हाल है।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 58 मरीजों का हुआ उपचार

**जगतपुर, रायबरेली।** हरदी टीकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के 58 मरीजों ने पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार कराया। मेले में सुबह से ही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने विभिन्न बीमारियों के लिए चिकित्सकों से परामर्श लिया और आवश्यक जांच कराई। आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस मेले की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सक डॉ सुफैल अहमद ने की। उन्होंने बताया कि मेले में खांसी, जुखाम, बुखार, हाइपरटेंशन, एनीमिया, एलर्जी समेत सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंचे। सभी मरीजों की जांच कर मौके पर ही उपचार उपलब्ध कराया गया। मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से अलग.अलग जांच काउंटर लगाए गए थे, जिससे लोगों को बिना किसी परेशानी के सेवाएं मिल सकें। उपचार के बाद फार्मासिस्ट अजय गुप्ता द्वारा मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को स्वच्छता, पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक भी किया। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य मेले गांवों में काफी लाभदायक साबित हो रहे हैं।

### शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील

**ऊँचाहार, रायबरेली।** मोहर्रम को लेकर कस्बे में पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। रविवार को कस्बे में मोहर्रम त्योहार को लेकर कार्यवाहक कोतवाल संजय कुमार शर्मा की अगुवाई में रैपिड एक्शन फोर्स व पुलिस ने पैदल मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इस दौरान कार्यवाहक कोतवाल ने कहा कि सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है और सौहार्द बिगड़ने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा नहीं जायेगा। कस्बे के मुख्य चौराहे से होकर विभिन्न मार्गों पर मार्च किया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक सौरभ पांडेय, उपनिरीक्षक मनीष जायसवाल, उपनिरीक्षक संजय यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रमुख सचिव ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास

**रायबरेली।** अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद रायबरेली में विभिन्न स्थलों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इसी क्रम में नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग उ0प्र0 शासन अनिल कुमार सागर द्वारा 25वीं वाहिनी पीएसी परिसर में आयोजित 12वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जवानों के साथ निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है।

## मोदी सरकार के लगातार 12 साल पूरे होने पर मंत्री दिनेश सिंह ने निकाली बारह किमी. लम्बी पदयात्रा

**सताँव से हाजीपुर तक अनेक जगह हुआ भव्य स्वागत, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय व पूर्व विधायक राकेश सिंह ने किया यात्रा का नेतृत्व**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सताँव, रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार के विश्वास, विकास व जन कल्याण के गौरवशाली बारह वर्ष पूरे होने पर उप्र सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह व हरचन्दपुर के पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह ने रविवार को सताँव स्थित माता गौरा पार्वती मंदिर से गाँव पूरे लाल साहब मजरे हाजी पुर तक 12 किमी लम्बी पदयात्रा की। पदयात्रा आरम्भ करने के पूर्व दोनो नेताओं ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। यात्रा मे शामिल हो रहे भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं को भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, मंत्री दिनेश सिंह व पूर्व विधायक राकेश सिंह ने संबोधित किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि बतौर प्रधानमंत्री लगातार बारह वर्ष काम करने वाले नरेन्द्र मोदी ने इतिहास रच दिया है। उन्होने देश को विश्व पटल पर मान सम्मान दिलाया, विकास और जन कल्याण के लिए ऐतिकासिक योजनायें बनाईं और उन्हे धरातल पर उतारा है। संजय राय ने मोदी सरकार की अनेक उपलब्धियों और विकास कार्यों की चर्चा की। स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि हरचन्दपुर से चुनाव हारने वाले विधायक राकेश सिंह गाँव-गाँव घूम कर लोगों से पूछ कर नाली, खड़ंजे व सीसी रोड का निर्माण करा रहे है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं व कार्यक्रमों को धरातल पर उतार रहे है। राकेश सिंह ने कहा कि विकास का संचालन जारी रहेगा। सताँव से कोरिहर के लिए निकली पद यात्रा का ढकिया चौराहा और कोरिहर में कई जगह भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश महामंत्री संजय राय, मंत्री दिनेश सिंह व पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह पूरी यात्रा मे पैदल चले। कोरिहर में खेल मैदान पर एक विशेष जन चौपाल में भारी भीड़ नजर आई। कोरिहर के बाद पूरे लाल साहब मजरे हाजीपुर के लिए निकली पद यात्रा का पूरे बालादीन, हाजीपुर मोड़ व पूरे कोदे मे भी भव्य स्वागत किया गया। पद यात्रा मे शामिल सभी लोग पूरे लाल साहब स्थित प्राथमिक विद्यालय मे रात्रि विश्राम के लिए रुके। यहाँ जिला उपाध्यक्ष बीरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी का शानदार स्वागत किया। बीरेन्द्र सिंह के संयोजन में यहाँ भी एक जन चौपाल आयोजित की गई। पदयात्रा मे भाजपा के जिला पदाधिकारियों के अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर सताँव मण्डल अध्यक्ष शिव सागर तिवारी, खीरो मंडल अध्यक्ष सन्तोष पासवान, मनोज पासवान, जिला पंचायत सदस्य शिवराम सिंह, रजत त्रिवेदी, प्रेम पाण्डेय, देवी सहाय त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रतिनिधि पिन्टू शर्मा ने किया।

## ऊंचाहार की जनता मेरे परिवार की तरह-अतुल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के मेलखा साहब, पूरे जुड़ावन सिंह, कुतुपुर आदि गांवों में चौपाल एव जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी और उसे जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है। आवारा पशुओं एवं बिजली की भारी कटौती जैसी समस्याओं से लोग बेहद परेशान हैं क्षेत्रीय विधायक को इन वास्तविक समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है, केवल अपने स्वागत-सत्कार, प्रचार में व्यस्त है। मंत्री के द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके यात्रा निकाली जा रही है जिसमें प्रधानों और कोटेदारो पर दबाव बनाया जाता है कि भीड़ लेकर आओ फिर भी यात्रा पूरी तरह से फ्लॉप रही है। श्री सिंह ने कहा कि पीने के पानी की बहुत समस्या है गांवों में लगे हैंड पंप खराब हैं रिबोर कराने की आवश्यकता है। श्री सिंह ने कहा ऊंचाहार की जनता मेरे परिवार की तरह है मैं आप सबकी सेवा करता रहूंगा। इतनी गर्मी में भी बड़ी संख्या में आप लोगों का आशीर्वाद मिल रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस जिला सचिव शैलेन्द्र सिंह, दल बहादुर सिंह, प्रदीप अग्निहोत्री, राघवेंद्र सिंह, जसवंत सिंह चौहान, भोला साहू, अभय सिंह, अनुराग गुप्ता, गोलू अग्रहरि, राजकुमार ब्रजवासी, जितेन ब्रजवासी, विकास सिंह, मनु सिंह, आजाद सविता, मोहित सैनी, ओम प्रकाश पटेल, रमेश गौतम आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भारत आना चाहते थे इमाम हुसैन, मजलिस में सुनाया गया दास्तान ए हिन्द



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।** रविवार को पांचवीं मुहर्रम पर ऊंचाहार कस्बे में कई मजलिसे हुई। जिसमें बाहर शहरों में रहने वाले ऊंचाहार के मूल निवासी लोग भी यहां पहुंचे और गम के माहौल में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मजलिसों में कर्बला की घटना को याद करके हुसैन और उनके कुनबे की शहादत को नमन किया गया। नगर के अली मुक़्दा के मकबरे में हुई मजलिस में बड़ी संख्या में लोग ही शरीक हुए। यहां पर ताबिश हैदर ने कहा कि आग से तपती रेत पर मासूम बच्चे, महिलाएं व बीमार आगे बढ़ रहे थे, दीन और इमान की रक्षा के लिए उनके कदम रसूल के बताए रास्ते पर थे, लेकिन जालिम यजीद का कहर जारी रहा। भूख प्यास से तड़प रहे बच्चों पर भी जालिम ने रहम नहीं खाया। हुसैन भारत देश आना चाहते थे। उन्होंने यजीद से कहा था कि वह भारत जाना चाहते है, लेकिन जालिम ने उनकी राह रोक दी। जमा जैदी ने बताया कि हुसैन का भारत से गहरा रिश्ता था। भारत देश के हर हिन्दू, मुसलमान से उनको बहुत प्यार था। उनकी चाहत थी कि वह भारत आ जाए, लेकिन अतंकवादी यजीद जानता था कि भारत पहुंच जाने के बाद हुसैन महफूज हो जाएंगे, इसीलिए उसने उनको भारत नहीं आने दिया। उन्होंने कहा कि इस्लाम की रक्षा के लिए हुसैन ने अपने 72 लोगों की कुर्बानी देकर इस्लाम को मिटाने वाले यजीद की हस्ती को मिटा दिया। आज दुनिया हुसैन को याद करती है। जबकि यजीद का कोई नामलेवा नहीं है। उन्होंने पढ़ा कि षु सिर गैर के आगे न झुकाने वाला और नेजे पे भी कुरान सुनाने वाला, इस्लाम से क्या पुंछते हो कि कौन हुसैन, हुसैन हैं इस्लाम को इस्लाम बनाने वाला। एक मजलिस में तसव्वर अब्बास ने बताया कि इमाम हुसैन ने हिंदुस्तान नहीं आ सके किंतु उनका पैगाम भारत के घर घर तक पहुंच गया। तभी तो यहां हर मजहब के लोग मुहर्रम में इमाम हुसैन को याद करते हैं। उधर छठवीं मुहर्रम बुधवार शाम को अली असगर के झूले को लेकर भी तैयारी चल रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुल्तान अब्बास, असरफहुसैन असद, शाजू नकवी, आरिस नकवी, शानू नकवी, अजहर अब्बास नकवी, रजा रिजवी, अबुजर रिजवी, चमन नकवी, अमन नकवी, आमिर नकवी, सादिक नकवी, इंतिजार हुसैन, साहब नकवी, अरशद नकवी आदि मौजूद थे।

## वृहद जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन संपन्न



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रायबरेली के विकास खंड अमावां की ग्राम पंचायत लोधवामऊ स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देशन में वृहद जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर अदिति सिंह ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से संवाद किया। शिविर में पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही उनका पंजीकरण भी कराया गया। आयुष्मान भारत योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री आवास योजना समेत केंद्र और प्रदेश सरकार की दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया गया। विधायक सदर अदिति सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। स्वयं सहायता समूह की एक दीदी को ग्राम संगठन के माध्यम से ट्रैक्टर उपलब्ध कराए जाने पर ट्रैक्टर की चाभी भी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुष्टाहार का वितरण किया गया। आयोजित रात्रि चौपाल में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह, अंजू यादव, संजय सिंह, संगीता देवी, एडीओ सहकारिता राजन सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अमावां ऋषि सिंह समेत सभी अधिकारी कर्मचारी और कई ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## योग से होगा शारीरिक व मानसिक विकास-जनपद न्यायाधीश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आज विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में विशेष योग शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित योग शिविर में सभी न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा योग से शारीरिक व मानसिक विकास होगा। मानसिक व शारीरिक विकास स्वस्थ के लिए योग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

इस संबंध में शिविर जनपद न्यायालय, जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह तथा बालिका आश्रय गृह में आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जनपद के सभी न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनिशा ने कार्यक्रम का संचालन किया और जेल प्रशासन को बंदियों के स्वास्थ्य हेतु निरंतर योग गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनिशा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ राजकुमार सिंह, डिप्टी जय सिंह यादव, असिस्टेंट योगेश चंद्र व विपिन कुमार उपस्थित रहे। साथ ही जेल प्रशासन से अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमांशु रौतेला, जेल चिकित्साधिकारी डॉ सुनील अग्रवाल, डिप्टी जेलर अंकित गौतम तथा बड़ी संख्या में पराविधिक स्वयं सेवकगण उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ आरेडिका

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 का आयोजन स्वस्थ आयु के लिए योग थीम के अंतर्गत अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं व्यापक जनसहभागिता के साथ किया गया। महाप्रबंधक रामन कृष्णन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत सप्ताहभर विभिन्न जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा 21 जून को गोमती इंडोर स्टेडियम में मुख्य योग समारोह संपन्न हुआ। योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ सभी प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित योगजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोलकाता से प्रसारित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संदेश एवं संबोधन देखा। योगाचार्य अमित त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में महाप्रबंधक रामन कृष्णन, प्रमुख विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आरेडिका के विभिन्न परिसरों में भी योग शिविर आयोजित किए गए। अधिकारी क्लब में महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया। सुपरवाइजर क्लब में योगाचार्य अमित त्रिपाठी द्वारा वरिष्ठ कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को योग कराया गया। कर्मचारी क्लब में आयोजित योग शिविर में बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने सहभागिता करते हुए योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। योग सप्ताह के दौरान प्रतिभागियों को योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 16 जून को सेंट्रल पार्क में सामूहिक योग सत्र आयोजित किया गया। 17 जून को योग विषयक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योग साइकिल रैली का आयोजन हुआ। 18 जून को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता तथा 19 जून को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, योग टॉक, निबंध लेखन प्रतियोगिता, मानसिक



स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषयक जागरूकता शिविर, योग शिविर एवं जागरूकता रैली आयोजित की गई। स्काउट एवं गाइड के बच्चों द्वारा निकाली गई योग जागरूकता रैली ने कॉलोनीवासियों को योग के महत्व एवं लाभों से अवगत कराया। 20 जून को योग के लाभ विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छोटे छोटे बच्चों ने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का प्रभावी संदेश प्रस्तुत किया। योग सप्ताह के दौरान बैनर, पोस्टर एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया। योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का संचालन आदित्य प्रकाश ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक एवं समग्र पद्धति है। इसी भावना के साथ आरेडिका परिवार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 को उत्साह एवं सामूहिक सहभागिता के साथ मनाते हुए स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

## 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जनपद स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

**योग को जीवनशैली बनाकर स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में करें योगदान-मनोज कुमार पाण्डेय**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मोती लाल नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, रायबरेली में भव्य योग समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उ0प्र0 मनोज कुमार पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग उ0प्र0 शासन अनिल कुमार सागर, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तथा योग गुरु डॉ0 रवि प्रताप सिंह द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा उपस्थित जनसमूह ने उनके प्रेरणादायक उद्बोधन को सुना। ;कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर देवेंद्रानंद जी महराज व वरिष्ठ योग शिक्षा राम शरण जी उपस्थित रहें। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मंत्री ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि यह हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन का अभिन्न अंग है। योग शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित कर व्यक्ति को स्वस्थ, ऊर्जावान एवं सकारात्मक बनाता है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व ने योग की महत्ता को स्वीकार किया है और यह भारत की वैश्विक पहचान बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस की शुरुआत हुई, जो आज जन.जन के स्वास्थ्य और कल्याण का माध्यम बन चुका है। मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली एवं बढ़ते तनाव के बीच योग अत्यंत आवश्यक हो गया है।

नियमित योगाभ्यास से न केवल रोगों से बचाव संभव है, बल्कि मानसिक शांति एवं कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और एक स्वस्थ एवं अनुशासित समाज के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए योग के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। योग को जन-आंदोलन के रूप में विकसित करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने सभी उपस्थित जनसमूह को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया तथा स्वस्थ, निरोग एवं समृद्ध भारत के निर्माण में सहभागिता हेतु प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद में व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ समस्त तहसील मुख्यालयों, विकास खण्ड मुख्यालयों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी रही। सभी स्थानों पर प्रातः निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया तथा योग के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके पश्चात विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विजयी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा, अपर जिलाधिकारी वि.रा0 सहदेव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक विशाल कुमार यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 पूनम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह सहित संबंधित अधिकारी व जनसामान्य उपस्थित रहे।


# 14,000 फीट की ऊंचाई पर हिमवीरों ने किया योग

**लेह।** इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवानों ने रविवार को पूर्वी लद्दाख में 14,000 फीट की ऊंचाई पर 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। उन्होंने पैंगोंग त्सो के किनारे योग सत्र आयोजित कर अपनी शारीरिक सहनशक्ति और मानसिक मजबूती का प्रदर्शन किया। यह आयोजन देश के सबसे मुश्किल इलाकों में से एक में हुआ। यह योग सत्र इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस की 47वीं बटालियन ने आयोजित किया था। पैंगोंग त्सो झील समुद्र तल से लगभग 4,350 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। ऊबड़-खाबड़ हिमालयी इलाके और खराब मौसम इसे योग के लिए एक अनूठी जगह बनाते हैं। इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस ने बयान में कहा कि यह शरीर, मन और आत्मा को मजबूत करने का प्रतीक है। हिमवीर, जो इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवान हैं, ने इसमें भाग लिया। यह मुश्किल हालात में शारीरिक फिटनेस और परिचालन तैयारी बनाए रखने पर जोर देता है। इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत की सीमा की सुरक्षा करती है। वे दुनिया के सबसे मुश्किल मौसम वाले इलाकों में काम करते हैं। योग उनकी शारीरिक फिटनेस और स्वास्थ्य दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। पिछले कुछ साल से बल दूर-दराज की रणनीतिक जगहों पर योग सत्र आयोजित करता रहा है। जवानों को पहले भी 18,000 फीट से ज़्यादा ऊंचाई पर योग करते देखा गया है। इन पहलों का मकसद सुरक्षा कर्मियों के बीच योग के फायदों को बढ़ावा देना है। यह भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियों को भी उजागर करता है। योग एकाग्रता बढ़ाता है, तनाव कम करता है और मानसिक मजबूती बेहतर करता है। संयुक्त राष्ट्र ने 2014 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अपनाया था। हर साल 21 जून को यह दुनिया भर में मनाया जाता है। इस साल 2026 के समारोह का विषय स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के रेड रोड पर मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का नेतृत्व किया। वहां हजारों लोगों ने सामूहिक योग सत्र में भाग लिया।

### ■ एलएसी पर सीमा की सुरक्षा करते हैं जवान



## अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गूंजा योग का संदेश



**कठुआ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला के तहत हीरानगर स्थित भारत-पाक सीमा से सटे गांव कडयाल में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। वीरवार को शिविर का आयोजन हाईस्कूल कडयाल के परिसर में किया गया। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, ग्रामीणों, बीएसएफ जवानों, गृह विभाग के कर्मचारियों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की निगरानी उपमंडल मजिस्ट्रेट हीरानगर फुलैल सिंह तथा जिला आयुष अधिकारी कठुआ डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने की। एसडीएम फुलैल सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि योग स्वास्थ्य संरक्षण और रोगों की रोकथाम का एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने तथा 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में सक्रिय भागीदारी निभाने की सामूहिक शपथ ली।

# मुंबई में बारिश, मानसून फिर हुआ एक्टिव



**मुंबई।** मुंबई को जिस बारिश का कई हफ्तों से इंतजार था, वह आखिरकार रविवार सुबह पहुंच गई। शहर के कई इलाकों में सीजन की पहली अच्छी बारिश हुई। इससे लंबे समय से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। इस महीने की शुरुआत में मानसून दक्षिण कोंकण तक पहुंच गया था, लेकिन 8 जून से सोलापुर के पास रुका था। आईएमडी ने कहा है कि 23 जून के आसपास दक्षिण-पश्चिम मानसून के महाराष्ट्र और इससे आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। मुंबई में हो रही बारिश की एक बड़ी वजह पश्चिमी घाट में बनने वाले बादल हैं। अरब सागर से आने वाली नम हवाएं जब पश्चिमी घाट की पहाड़ियों से टकराती हैं, तो ऊपर उठकर ठंडी हो जाती हैं और घने बादलों में बदल जाती हैं। बाद में ऊपरी हवाएं इन बादलों को मुंबई ले आती हैं। देश के ज्यादातर हिस्सों में अभी प्री-मानसून एक्टिव है। इसके बावजूद 8 राज्यों में तापमान 40 डिग्री के पार है। उत्तर प्रदेश का बांदा एक बार फिर देश में सबसे गर्म रहा। यहां शनिवार को पारा 44.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में भी तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया।

# वर्दी ने फेरा मुंह, यात्री ने निभाई इंसानियत

## ट्रेन की सीट के नीचे मिले लावारिस बच्चे का किया रेस्क्यू

**बूंदी।** आगरा फोर्ट-रतलाम एक्सप्रेस के एक जनरल कोच में करीब एक वर्ष से अधिक आयु का एक मासूम बालक लावारिस हालत में मिलने का मामला सामने आया है। ट्रेन की सीट के नीचे अकेले बैठे मिले इस बच्चे को एक जागरूक यात्री की सक्रियता और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की तत्परता से सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। फिलहाल बालक को बाल कल्याण समिति के निर्देश पर बूंदी स्थित शिशु गृह में संरक्षण दिया गया है, जबकि उसके परिजनों की तलाश की जा रही है। बूंदी चाइल्ड हेल्पलाइन के कोऑर्डिनेटर रामनारायण गुर्जर ने बताया कि शनिवार को ट्रेन संख्या 19818 आगरा फोर्ट-रतलाम एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग पर संचालित हो रही थी। इसी दौरान कोटा रेलवे स्टेशन पर यात्रा कर रहे यात्री लव कुश की नजर इंजन से तीसरे जनरल डिब्बे में सीट के नीचे बैठे एक छोटे



बच्चे पर पड़ी। बच्चा अकेला था और उसके आसपास कोई परिजन दिखाई नहीं दे रहा था। प्रारंभ में यात्री को लगा कि बच्चा अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहा होगा, लेकिन काफी समय तक किसी के सामने नहीं आने पर उन्हें संदेह हुआ। उन्होंने तत्काल ट्रेन में मौजूद खाकी वर्दीधारी महिला को इसकी जानकारी दी। हालांकि महिला ने अपनी ड्यूटी समाप्त होने का हवाला देते हुए मामले में कोई कार्रवाई नहीं की और ट्रेन से उतर गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यात्री लव कुश ने जिम्मेदारी का परिचय देते हुए तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क किया और पूरे घटनाक्रम की सूचना दी। सूचना मिलते ही बूंदी चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम सक्रिय हो गई और बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

# बेटे के सपने के लिए पिता ने किस्मत से खेला दांव

## हाईकोर्ट की नौकरी छोड़ किया मुंबई का रुख

**देहरादून।** एक पिता अपने बेटे के सपने के लिए कितना आगे जा सकता है इसकी मिसाल हैं दीपक भसीन। उत्तराखंड हाईकोर्ट की स्थायी नौकरी छोड़कर वह बेटे यज्ञ भसीन को अभिनेता बनाने के लिए मुंबई पहुंच गए। अनजान शहर, सीमित संसाधन और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद हार नहीं मानी। संघर्ष के बाद बेटे को एक्टर बनाया। बेटे ने कंगना रनौत की फिल्म पंगा से अपना डेब्यू किया। हरिद्वार निवासी दीपक भसीन ने अपने बेटे यज्ञ भसीन के सपने को साकार करने के लिए बड़ा फैसला लिया। उत्तराखंड हाईकोर्ट से उन्होंने साल 2017 में अपने बेटे के अभिनेता बनने के सपने को पूरा करने के लिए सरकारी नौकरी छोड़ दी और परिवार सहित मुंबई चले गए। पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी दीपक के पिता चाहते थे कि वह सरकारी नौकरी करें। उनकी पहली नियुक्ति एक सरकारी स्कूल में प्राथमिक शिक्षक के रूप में हुई। इसके बाद उन्होंने उत्तराखंड हाईकोर्ट की भर्ती परीक्षा दी और चयनित हो गए और 14 साल वहां काम किया। उन्होंने बताया कि मुंबई पहुंचने के बाद उनके संघर्ष का असली दौर शुरू हुआ। वहां उनका कोई परिचित नहीं था। सबसे पहले रहने की व्यवस्था की और फिर बेटे का स्कूल में दाखिला कराया जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित न हो। लोगों से जानकारी जुटाकर उन्होंने अभिनय की दुनिया को समझा और ऑडिशन की प्रक्रिया सीखी। संघर्ष के दिनों में आर्थिक स्थिति भी बेहद कठिन हो गई। एक समय ऐसा आया जब उनके पास पैसे तक खत्म हो गए। दीपक बताते हैं कि एक बार ऑडिशन के लिए जाते समय रास्ते में नदी आ गई। समय कम था इसलिए उन्होंने बेटे को गोद में उठाकर नदी पार कराई और समय पर ऑडिशन तक पहुंचाया।

# कॉकरोच जनता पार्टी का दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का जंतर-मंतर पर रविवार को दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके और उनके समर्थक शनिवार रात से जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने शनिवार शाम 5 बजे के बाद प्रदर्शन की अनुमति खत्म होने की बात कहकर जगह खाली करने के लिए कहा था। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे। दीपके ने लोगों से आंदोलन का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने नीट री-एग्जाम देने वाले छात्रों से भी परीक्षा के बाद प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। इससे पहले शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अगर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते हैं, तो वे 27 जून से अनशन शुरू करेंगे।

### ■ शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर जंतर-मंतर पर रातभर धरना



# टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के करीबी पर शिकंजा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी के करीबी सहयोगी सुमित रॉय की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का नया मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस के अनुसार, सुमित रॉय पहले से ही एक कथित जमीन कब्जा मामले में आरोपी हैं। इस मामले में उनकी तलाश की जा रही है और पश्चिम बंगाल पुलिस ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया है। सुमित रॉय काफी समय से फरार बताए जा रहे हैं। हाल ही में पुलिस ने सुमित रॉय की तलाश में कोलकाता स्थित अभिषेक बनर्जी के आवास पर भी तलाशी अभियान चलाया था, लेकिन वह वहां नहीं मिले। रविवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पश्चिम मेदिनीपुर जिले के देबरा थाने में सुमित रॉय के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि रॉय ने फर्जीवाड़ा और धोखे से संबंधित गतिविधियों को अंजाम दिया। इस मामले में गिरफ्तार पूर्व विधायक सुजॉय हाजरा का नाम भी शिकायत में शामिल किया गया है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक आरोपों के बारे में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी दस्तावेजों और तथ्यों को खंगाला जा रहा है और जरूरत पड़ने पर स्थानीय पुलिस को हर संभव सहायता दी जाएगी। अधिकारी ने कहा, हम शिकायत की सामग्री की जांच कर रहे हैं और संबंधित दस्तावेज एकत्र किए जा रहे हैं। सभी आरोपों का सबूतों के आधार पर सत्यापन किया जाएगा और उसके बाद कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ■ सुमित रॉय पर धोखाधड़ी और जालसाजी का नया केस दर्ज

# सोशल मीडिया पर बढ़ती तुलना की प्रवृत्ति हानिकारक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है। घंटों तक सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना और दूसरों की जिंदगी से अपनी तुलना करना तनाव, चिंता और आत्मविश्वास में कमी का कारण बन सकता है। इसका प्रभाव न केवल मानसिक स्वास्थ्य बल्कि पढ़ाई, कामकाज और सामाजिक संबंधों पर भी पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि सोशल मीडिया पर अक्सर लोगों की सफलता, जीवनशैली और उपलब्धियों की तस्वीरें सामने आती हैं। इन्हें देखकर कई युवा खुद को कमतर आंकने लगते हैं, जिससे मानसिक दबाव बढ़ सकता है। वहीं अत्यधिक स्क्रीन टाइम और देर रात तक मोबाइल के इस्तेमाल से नींद प्रभावित होती है, जिसका सीधा असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान की मनोचिकित्सक डॉ. अपर्णा गोयल ने कहा कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग तनाव, चिंता और आत्मविश्वास में कमी का कारण बन सकता है। लगातार ऑनलाइन रहने और दूसरों से तुलना करने की आदत मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्क्रीन टाइम सीमित रखने, पर्याप्त नींद लेने और खेलकूद व सामाजिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी करने की जरूरत है।

### ■ युवाओं में बढ़ा रही तनाव और चिंता



## ऐसे पड़ रहा दुष्प्रभाव

लगातार सोशल मीडिया पर समय बिताने से तनाव और चिंता बढ़ सकती है। दूसरों की उपलब्धियों और जीवनशैली से तुलना करने पर आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। देर रात तक मोबाइल इस्तेमाल करने से चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी हो सकती है। संतुलित उपयोग, पर्याप्त नींद और ऑफलाइन गतिविधियां मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद करती हैं।

# सिद्धू मूसेवाला की हत्या में पिस्टल सप्लायर गिरफ्तार

## गोल्डी–गोदारा गैंग से क्या है कनेक्शन?

**श्रीगंगानगर।** चार साल पहले पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की जिगना और ग्लॉक पिस्टल से गोली मारकर हत्या की गई थी, उसका सप्लायर और गैंगस्टर को शकील अंसारी उर्फ आदिल को श्रीगंगानगर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा गैंग के लिए हथियार सप्लाई करने का आरोप है। पुलिस का दावा है कि वह कई संगीन मामलों में वांछित था और विभिन्न राज्यों की कानून प्रवर्तन एजेंसियां उसकी तलाश कर रही थीं। पुलिस के अनुसार, शकील अंसारी पंजाब के लुधियाना का रहने वाला है। उसे गुरुवार तड़के श्रीगंगानगर में उस समय घेरा गया, जब वह किसी संभावित आपराधिक वारदात की योजना के तहत क्षेत्र में पहुंचा था। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने कथित तौर पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके दाहिने पैर में लगी, जिसके बाद उसे काबू कर लिया गया।

## एक नजर

### सुरक्षाबलों ने जांची त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता व संचार व्यवस्था की हकीकत

**कठुआ।** श्री अमरनाथ यात्रा को देखते हुए जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को लखनपुर स्थित रिसेप्शन सेंटर में व्यापक कंटिजेंसी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में सुरक्षा बलों के बीच आपसी समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा संचार व्यवस्था की भी जांच की गई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और किसी भी संभावित आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस बलों ने संयुक्त रूप अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल में सीआरपीएफ की 121वीं बटालियन, ई/229वीं बटालियन, सीआईएसएफ तथा जम्मू-कश्मीर पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। अभ्यास के दौरान विभिन्न संभावित सुरक्षा चुनौतियों और आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह मॉक ड्रिल विशेष रूप से कठुआ-रावी क्षेत्र में संभावित खतरों और आपात स्थितियों को ध्यान में रखकर आयोजित की गई।

### खीर भवानी मेले ने पंडितों की वापसी की उम्मीद फिर जगाई

**गांदरबल।** तुलमुल्ला में सालाना खीर भवानी मेले की तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। इस दौरान स्थानीय लोगों, समुदाय के नेताओं और श्रद्धालुओं ने सांप्रदायिक सद्भाव, भाईचारे और कश्मीरी पंडितों की अपनी मातृभूमि में वापसी का मजबूत संदेश दिया है। 21 और 22 जून को होने वाले इस सालाना मेले के लिए जम्मू-कश्मीर और देश के अन्य हिस्सों से श्रद्धालु पवित्र खीर भवानी मंदिर पहुंचने लगे हैं। मंदिर परिसर का माहौल आस्था, पुरानी यादों और मिलन के अनोखे संगम को दर्शाता है। स्थानीय निवासी बिलाल भट्ट ने कहा कि इस इलाके के मुसलमानों ने हमेशा कश्मीरी पंडितों का खुले दिल से स्वागत किया है और वे घाटी में उनकी स्थायी वापसी की उम्मीद करते रहते हैं। उन्होंने कहा, हमारे घर और दिल हमारे कश्मीरी पंडित भाई-बहनों के लिए हमेशा खुले हैं। हम चाहते हैं कि वे कश्मीर में अपने घरों को लौटें। जब भी वे आते हैं, हम उनसे प्यार से मिलते हैं, उन्हें गले लगाते हैं और पुरानी यादें साझा करते हैं। उनकी वापसी से सभी को खुशी मिलती है। भट्ट ने इस बात पर जोर दिया कि यह सालाना मेला सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक है, जहां स्थानीय मुसलमान और बाहर से आने वाले पंडित एक साथ आते हैं और पीढ़ियों से चले आ रहे रिश्तों को और मजबूत करते हैं।

### भारत पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के ग्रामीण बना रहे बंकर

**पुंछ।** पुलस्त्य नदी के इस पार गांव जलास सलोत्री के लोग अपने पैसों से बंकर का निर्माण कार्य करवा रहे हैं। ऐसे में पैसों की कमी से कुछ लोगों के बंकरों का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर लोगों ने जिला प्रशासन से वित्तीय सहायता की मांग की है। गांव में अधिक से अधिक बंकरों का निर्माण करवाने की मांग कर रहे हैं। गांव जलास निवासी संतोष कुमार,राकेश शर्मा,केतन कुमार आदि का कहना है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में बने हालात से नियंत्रण रेखा पर स्थित गांव में रहने वाले हम लोगों को पाकिस्तान की तरफ से नापाक हरकतें करने की आशंका बनी हुई है। पाकिस्तान के अंदर के हालत खराब होते हैं तो वह भारत के खिलाफ नापाक हरकतें शुरू कर देता है। ऐसे में हम चाहते हैं कि प्रशासन हमें वित्तीय सहयोग दें। गांव जलास की सत्या देवी का कहना अप्रेशन सिंदूर में जिस पर हमें अपनी और बच्चों की जान बचाने के लिए भटकना पड़ा था उसे देखते हुए मैंने अपनी कुछ जमा पूंजी और सोने की दो अंगूठियां बेच कर बंकर बनाया है। इसका काफी काम बाकी है। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिले में पाकिस्तानी गोलाबारी में भारी नुकसान हुआ था। इसके बाद केंद्र सरकार ने जिले में अधिक से अधिक बंकरों के निर्माण की घोषणा की थी मगर एक वर्ष बीतने के बाद भी बंकरों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाने के बाद लोगों ने खुद ही बंकर बनाए हैं।

# तमिलनाडु की सीफूड फैक्ट्री में गैस रिसाव, सात की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में रविवार को एक सीफूड एक्सपोर्ट फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार हादसे में 7 महिला कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 65 से ज्यादा घायल हैं। घायलों में भी 9 वेंटिलेटर पर हैं। गैस रिसाव की घटना सेंट पीटर्स पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स यूनिट में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही अरक्कोनम स्थित एनडीआरएफ की चौथी बटालियन मुख्यालय से 30 सदस्यों वाली एनडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा गया। हालात के मद्देनजर एनडीआरएफ टीम गैस डिटेक्शन डिवाइस, रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं परमाणु (सीबीआरएन) आपदा से निपटने वाले विशेष उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जिला कलेक्टर एस. कविता ने बताया कि 46 मरीजों को वेल्स हॉस्पिटल और 21 मरीजों को वेंकटेश्वरा हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। इनमें से नौ गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए एम्बुलेंस के जरिए चेन्नई के सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। हादसे का शिकार हुई अधिकांश कर्मचारी 24 से 25 वर्ष की युवा महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों की नाड़ी और रक्तचाप की निगरानी की जा रही है। हालांकि कई मरीजों का ब्लड प्रेशर कम है, लेकिन उनकी कम उम्र को देखते हुए उनके स्वस्थ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### ■ मरने वालों में सभी महिलाएं



# चिंताजनक : हिमालय की हवा में भी जहर

**नई दिल्ली।** हिमालय को लंबे समय से स्वच्छ और जीवनदायी हवा का पर्याय माना जाता रहा है, लेकिन अब यह धारणा चुनौती के दौर से गुजर रही है। उत्तराखंड के सीमांत पर्वतीय क्षेत्र मुनस्यारी में किए गए एक नए वैज्ञानिक अध्ययन से पता चला है कि मानव गतिविधियों से पैदा होने वाला प्रदूषण अब उन ऊंचाई वाले इलाकों तक भी पहुंच रहा है जिन्हें अब तक अपेक्षाकृत प्रदूषण-मुक्त माना जाता था। अध्ययन में हवा में बेंजीन सहित कई हानिकारक रसायनों की मौजूदगी दर्ज की गई है, जो लंबे समय में स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए चिंता का कारण बन सकते हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के स्वायत्त संस्थान आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंस (एरीज) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस अध्ययन के नतीजे प्रतिष्ठित शोध पत्रिका एनवायरनमेंटल साइंस एंड पॉल्यूशन रिसर्च में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि फिलहाल प्रदूषण का स्तर महानगरों की तुलना में काफी कम है और तत्काल स्वास्थ्य जोखिम सीमित हैं, पर यह स्थिति भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी है। अध्ययन के तहत वर्ष 2022-23 के दौरान मुनस्यारी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता की पूरे एक वर्ष तक निगरानी की गई। अध्ययन में यह भी पाया गया कि मुनस्यारी में प्रदूषण का स्तर मौसम के अनुसार बदलता है। सर्दियों और मानसून के दौरान हवा अपेक्षाकृत साफ रहती है, जबकि बसंत और पतझड़ के मौसम में हानिकारक गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह बदलाव मुनस्यारी जैसे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार, वाहनों की बढ़ती आवाजाही, निर्माण कार्यों और ऊर्जा के लिए एलपीजी तथा डीजल के उपयोग ने वायु गुणवत्ता पर दबाव बढ़ाया है।

### ■ मुनस्यारी में मिले कैंसर से जुड़े रसायन
### ■ हवा में बेंजीन ने भी बढ़ाई फिक्र



### सेंसेक्स की रफ्तार से चमके दिग्गज शेयर

# टॉप-10 कंपनियों की झोली में आए 2.15 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में बीते सप्ताह जबरदस्त तेजी देखने को मिली, जिससे देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 9 का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 2.15 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान भारती एयरटेल सबसे बड़ी लाभार्थी रही, जबकि टीसीएस को नुकसान उठाना पड़ा। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव में कमी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और बेहतर वैश्विक माहौल ने बाजार को मजबूती दी। भारतीय शेयर बाजार में बीते सप्ताह निवेशकों की संपत्ति में बड़ा इजाफा देखने को मिला। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से बाजार का माहौल सकारात्मक रहा। इसका असर देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों पर भी दिखा। बीते सप्ताह इन कंपनियों में से 9 के बाजार पूंजीकरण में कुल 2.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान भारती एयरटेल सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी।



क्या वैश्विक माहौल ने भारतीय बाजार को नई ताकत दी- बीते सप्ताह बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 1,274.95 अंक यानी 1.68 प्रतिशत चढ़ा। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया से जुड़ी चिंताओं में कमी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की बढ़ती क्षमता ने भारतीय शेयर बाजार को मजबूती दी। हालांकि कुछ अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत अभी जारी है, लेकिन अनिश्चितता कम होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

**किन कंपनियों ने सबसे ज्यादा कमाई की-** शीर्ष 10 कंपनियों में भारती एयरटेल सबसे बड़ी लाभार्थी रही। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 52,432.67 करोड़ रुपये बढ़कर 11.62 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके बाद भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 51,675.23 करोड़ रुपये बढ़कर 5.56 लाख करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 26,553.71 करोड़ रुपये बढ़ी, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्यांकन में 22,464.02 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ।

**किन अन्य कंपनियों को हुआ फायदा-** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का बाजार पूंजीकरण 21,929.12 करोड़ रुपये बढ़कर 5.79 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 16,753.57 करोड़ रुपये बढ़कर 9.55 लाख करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक के बाजार मूल्य में 11,948.72 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में 6,661.10 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी 4,724.22 करोड़ रुपये बढ़ा।

**किस कंपनी को झटका लगा-** जहां अधिकांश कंपनियों ने बढ़त दर्ज की, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को नुकसान उठाना पड़ा। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 12,699.49 करोड़ रुपये घटकर 7.69 लाख करोड़ रुपये रह गया। इसके बावजूद टीसीएस देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में शीर्ष स्थानों पर बनी हुई है।

**कौन सी कंपनी बनी सबसे मूल्यवान-** देश की सबसे मूल्यवान कंपनी के रूप में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वैश्विक परिस्थितियां अनुकूल बनी रहती हैं, तो भारतीय बाजार में आगे भी तेजी जारी रह सकती है।

# क्या दिल्ली मेट्रो के कोच को कर सकते हैं बुक?

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो में हर रोज लाखों की संख्या में लोग सफर करते हैं। वहीं कई लोग इस बारे में नहीं जानते हैं कि विशेष परिस्थितियों में पूरा मेट्रो कोच भी बुक कराया जा सकता है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने बड़े समूहों की यात्रा को आसान बनाने के लिए इस सुविधा को उपलब्ध करा रखा है। स्कूलों, पर्यटक समूहों, परिवारों या अन्य संगठित ग्रुप के लिए यह विकल् काफी उपयोगी साबित हो सकता है। अगर आप दिल्ली मेट्रो का कोच बुक करना चाहते हैं, तो आपको कुछ बातों के बारे में जानना जरूरी है। इस सुविधा को केवल निर्धारित शर्तों के तहत ही दिया जाता है। इसके लिए आपको पहले से आवेदन करना जरूरी है। ध्यान रहे यह व्यवस्था फिल्म, वेब सीरीज, विज्ञापन या म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के लिए लागू नहीं होती, क्योंकि ऐसे मामलों के लिए अलग प्रक्रिया और नियम निर्धारित किए गए हैं। इस सुविधा का लाभ पर्यटक समूह, ट्रैवल ऑपरेटर के माध्यम से आने वाले यात्री, परिवार, दोस्तों के बड़े ग्रुप और शैक्षणिक संस्थान उठा सकते हैं। दिल्ली मेट्रो के नियमों के अनुसार स्कूल समूहों के लिए न्यूनतम 50 विद्यार्थियों के साथ कम से कम दो शिक्षकों की उपस्थिति होनी जरूरी है। आवेदन की स्वीकृती होने के बाद संबंधित समूह को निर्धारित समय और स्टेशन के अनुसार यात्रा की अनुमति दी जाती है। कोच आरक्षण का शुल्क मेट्रो लाइन, यात्रा के दिन और अन्य परिचालन परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तय किया जाता है। सामान्य तौर पर प्रति कोच किराया लगभग 8,000 रुपये से 18,000 रुपये तक हो सकता है। इसके अलावा सुविधा शुल्क और लागू कर को अलग देना पड़ सकता है। इस कारण आवेदन करते समय सभी शुल्क, शर्तों और उपलब्धता के बारे में पता करना जरूरी है। एक बार कोच आरक्षित हो जाने पर पूरा डिब्बा केवल संबंधित समूह के लिए निर्धारित रहता है। हालांकि, ध्यान देने वाली बात है कि अंतिम सुविधाएं छ्रस्रक्ष्ट के नियमों, उपलब्ध संसाधनों और स्वीकृत बुकिंग की शर्तों पर ही निर्भर करती हैं।

# कमाई अच्छी पर महीने के अंत में जेब खाली? अपनाएं यह 50-30-20 का गोल्डन रूल

**नई दिल्ली।** आज के इस बढ़ती महंगाई के दौर में हर कोई चाहता है कि उसकी कमाई का सही इस्तेमाल हो और भविष्य के लिए पर्याप्त पैसों की भी बचत की जा सके। अक्सर देखने को मिलता है कि कई लोग अच्छी आय होने के बावजूद महीने के अंत तक पैसे बचाने में सफल नहीं हो पाते हैं। इस कारण आपको 50-30-20 के गोल्डन रूल के बारे में समझना जरूरी है। इसमें आपकी मासिक आय को तीन हिस्सों में बांटा जाता है, जिससे जरूरी खर्च, व्यक्तिगत इच्छाएं और निवेश के बीच संतुलन बना रहता है। 50-30-20 नियम में अपनी मासिक आय का 50 प्रतिशत हिस्सा आपको केवल जरूरतों पर खर्च करना चाहिए। इसमें घर का किराया या होम लोन की ईएमआई, बिजली-पानी के बिल, बच्चों की पढ़ाई, राशन, दवा, बीमा प्रीमियम आदि खर्च शामिल हैं। ये आपकी रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने का काम करता है। वहीं आय का 30 प्रतिशत हिस्सा आपको अपनी इच्छाओं और बेहतर जीवनशैली पर खर्च करना चाहिए। इसमें बाहर खाना, घूमना-फिरना, ऑनलाइन शॉपिंग, मनोरंजन, नई गैजेट्स खरीदना आदि चीजें शामिल हैं। इससे आप अपने शौक को पूरा कर सकते हैं। वहीं आय का 20 प्रतिशत आपको निवेश और बचत में लगाना चाहिए। इस राशि को म्यूचुअल फंड, पब्लिक प्रोविडेंट फंड , नेशनल पेंशन सिस्टम, फिक्स्ड डिपॉजिट, शेयर बाजार बाजार में निवेश कर सकते हैं। इसी में से कुछ हिस्सा आप इमरजेंसी फंड के लिए भी इकट्ठा कर सकते हैं। गौर करने वाली बात है कि 50-30-20 का यह गोल्डन रूल भविष्य और जरूरतों को ध्यान में रखकर मार्गदर्शन करने का काम करता है। अगर किसी व्यक्ति पर अधिक लोन है या आय सीमित है तो वह अपनी परिस्थितियों के अनुसार इस अनुपात में बदलाव भी कर सकता है। अगर आप 50-30-20 के इस गोल्डन रूल को फॉलो करते हैं, तो आप अपनी जरूरतों और इच्छाओं को पूरा करते हुए भविष्य को सुरक्षित भी कर सकते हैं।




# आरबीआई रेपो रेट में नहीं कर सकता बदलाव

**नई दिल्ली।** वैश्विक अस्थिर में कमी आने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रेपो रेट को लेकर अपनी वेट-एंड-वॉच नीति को जारी रख सकता है और आने वाली मौद्रिक नीति में ब्याज दर को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा जा सकता है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका-ईरान शांति समझौते से ग्लोबल अनिश्चितता में बड़ी कमी आई है। इससे केंद्रीय बैंकों को एनर्जी की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर प्रतिक्रिया देने के बजाय डेटा पर आधारित फैसले लेने की ज्यादा जगह मिली है।

## वैश्विक अनिश्चितता घटी




**आरबीआई का न्यूट्रल पॉलिसी का रुख बरकरार**

रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई पॉलिसी की दिशा में कोई भी बदलाव करने से पहले मानसून की प्रगति, खाने-पीने की चीजों की महंगाई के ट्रेंड और कच्चे तेल की कीमतों पर नजर रखना जारी रखेगा। आरबीआई ने जून में हुई एमपीसी की बैठक में वैश्विक आर्थिक माहौल और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर चिंताओं के बीच रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखा और अपनी न्यूट्रल पॉलिसी का रुख भी बरकरार रखा।

**महंगाई का अनुमान 50 आधार अंक बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत किया**

इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने अपने मैक्रो-इकोनॉमिक अनुमानों में बदलाव किया। मौसम से जुड़े जोखिमों और खाने-पीने की चीजो की कीमतों को लेकर अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए, बैंक ने वित्त वर्ष 27 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 30 आधार अंक घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया, जबकि महंगाई का अनुमान 50 आधार अंक बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया। एमपीसी की बैठक के मिनट्स से पता चला कि सभी सदस्य महंगाई के बढ़ते जोखिमों और अस्थिर आर्थिक माहौल को लेकर एकमत थे। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, नीति निर्माताओं ने यह भी माना कि महंगाई नियंत्रण में है और व्यापक स्तर पर महंगाई का असर आगे भी बने रहने के कोई तत्काल संकेत नहीं हैं। मिनट्स में अस्थिर आर्थिक माहौल और महंगाई के बढ़ते जोखिमों पर आम सहमति दिखी। हालांकि, सदस्यों ने कहा कि महंगाई का दबाव नियंत्रण में रहा है, इसलिए डेटा पर आधारित अप्रोच अपनाना सही कदम होगा।

# क्या है प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना? सिर्फ 5 प्रतिशत की ब्याज दर पर मिल रहा इतना लोन

**नई दिल्ली।** भारत सरकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का संचालन कर रही है। इसकी शुरुआत देश के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए की गई है। देशभर में यह स्कीम काफी लोकप्रिय है। इस योजना के अंतर्गत कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता और डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने जैसी कई तरह की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, दर्जी, राजमिस्त्री, नाई, धोबी, मोची, मूर्तिकार जैसे पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े लोगों को दिया जाता है। इस स्कीम के अंतर्गत पहले चरण में 1 लाख रुपये तक का लोन और दूसरे चरण में 2 लाख रुपये तक का अतिरिक्त लोन दिया जाता है। इस लोन पर लाभार्थी को सिर्फ 5 प्रतिशत की ब्याज दर देनी पड़ती है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सिर्फ लोन ही नहीं बल्कि कारीगरों के कौशल विकास पर भी विशेष जोर दिया गया है। पात्र लाभार्थियों को बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग दी जाती है। इन सब के अलावा टूलकिट खरीदने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। इस स्कीम का लाभ लेने के लिए आपके पास कुछ दस्तावेजों का होना जरूरी है। इसमें आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक खाता और आवश्यक पहचान संबंधी दस्तावेजों की जरूरत होती है। पात्रता की जांच और सत्यापन के बाद आपको योजना का लाभ दिया जाता है। इस योजना के अंतर्गत कम ब्याज दर पर लोन, कौशल प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरणों की सुविधा मिलने से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने में मदद मिल रही है। सरकार इस योजना के जरिए देश के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें देश की विकास यात्रा में भागीदार बनाना चाहती है।

# भारत ने बढ़ाई रूस और यूएई से तेल खरीद

**नई दिल्ली।** हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पूरी तरह सामान्य होने से पहले भारत ने रूस और संयुक्त अरब अमीरात से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। विश्लेषकों के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों ने आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया है, ताकि पश्चिम एशिया संकट के असर को कम किया जा सके। समुद्री और कमोडिटी इंटेलिजेंस फर्म कपलर के आंकड़ों के मुताबिक, जून में 19 जून तक भारत ने रूस से औसतन 26.6 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया, जो मई में 19.1 लाख बैरल प्रतिदिन था। इसके साथ ही रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

**ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर भारत**

भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस की जरूरत का करीब 50 प्रतिशत और एलपीजी खपत का लगभग 65 प्रतिशत आयात करता है। युद्ध से पहले खाड़ी क्षेत्र से भारत को कुल कच्चे तेल आयात का लगभग आधा, एलएनजी की दो-तिहाई जरूरत और एलपीजी आयात का लगभग 90 प्रतिशत गुजरता था। हाल के दिनों में स्थिति सामान्य होने के संकेत भी मिले हैं। भारत के तीन ध्वजवाहक तेल टैंकर, जिनमें 8.6 लाख टन से अधिक कच्चा तेल लदा था, और एक भारतीय एलएनजी पोत युद्धविराम समझौते के बाद सफलतापूर्वक हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर चुके हैं।




**एलपीजी बाजार में अमेरिका की बढ़ी भूमिका**

हॉर्मुज संकट के दौरान एलपीजी क्षेत्र में सबसे बड़ा बदलाव देखने को मिला। खाड़ी क्षेत्र से आपूर्ति प्रभावित होने के बाद अमेरिका भारत के लिए एक प्रमुख एलपीजी आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा। पिछले वर्ष हुए दीर्घकालिक आपूर्ति समझौते ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि, लंबी दूरी के कारण परिवहन लागत बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि हॉर्मुज के पूरी तरह सामान्य होने के बाद खाड़ी देशों की बाजार हिस्सेदारी फिर बढ़ सकती है, लेकिन भारत का आयात स्रोत पहले की तुलना में अधिक विविध बना रहेगा।

### अमेरिका को दिया झटका

वहीं, संयुक्त अरब अमीरात से जून में 6.36 लाख बैरल प्रतिदिन तेल आयात किया गया, जो मई में दर्ज रिकॉर्ड 6.44 लाख बैरल से थोड़ा कम है। इस दौरान वेनेजुएला 2.09 लाख बैरल प्रतिदिन की आपूर्ति के साथ भारत का चौथा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा, जबकि सऊदी अरब से 3.84 लाख बैरल प्रतिदिन तेल आयात हुआ। इसके विपरीत, अमेरिका से तेल आयात में तेज गिरावट दर्ज की गई। जून में यह घटकर 91,000 बैरल प्रतिदिन रह गया, जबकि मई में यह 2.52 लाख बैरल प्रतिदिन था।

### रूस और यूएई पर बढ़ा भरोसा

विशेषज्ञों का कहना है कि रियायती दरों पर उपलब्ध रूसी तेल भारतीय रिफाइनरों के लिए अब भी पहली पसंद बना हुआ है। वहीं यूएई से बढ़ी खरीद ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता की भरपाई करने में मदद की है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा आयातक भारत अपनी तेल, प्राकृतिक गैस और रसोई गैस की जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर खाड़ी क्षेत्र पर निर्भर है। ईरान युद्ध के बाद हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किए जाने से ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई थी। यह जलमार्ग वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत वहन करता है और सऊदी अरब, इराक, कुवैत, यूएई तथा कतर जैसे देशों के लिए प्रमुख निर्यात मार्ग है। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम समझौते के बाद पिछले सप्ताह के अंत से इस मार्ग से तेल आपूर्ति धीरे-धीरे बहाल होने लगी है। फिर भी ईरान द्वारा इस्राइल पर युद्धविराम उल्लंघन का आरोप लगाए जाने के कारण स्थिति को अभी भी नाजुक बनी हुई है।

# 31 जुलाई तक फाइल कर दें इनकम टैक्स रिटर्न-अगर इनकम 2.50 लाख से ज्यादा तो भरना जरूरी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न यानी आईटीआर फाइलिंग शुरू हो चुकी है। आम टैक्सपेयर्स के लिए रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2026 है। वहीं, बिजनेस क्लास (आईटीआर -3 और 4) के कुछ लोगों के लिए यह 31 अगस्त है। अगर आप 31 जुलाई तक चूक जाते हैं, तो 31 दिसंबर तक जुर्माना भरकर बलेटेड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। आईटीआर आपकी पूरी आय, निवेश और वित्तीय लेन-देन का आधिकारिक रिकॉर्ड होता है।

## इन 10 बातों का रखें ध्यान

**इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आपकी दी जानकारी पर रखता है नजर-** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट AI, डेटा एनालिटिक्स और विभिन्न पोर्टलों के जरिए बैंक खातों, TDS, शेयर-म्यूचुअल फंड, प्रॉपर्टी और विदेश यात्रा तक की जानकारी जुटाकर ITR में दी गई जानकारी से मिलाता है। ऐसे में छोटी सी चूक भी टैक्स डिमांड, ब्याज और पेनाल्टी का कारण बन सकती है। यहां टैक्स एक्सपर्ट और सीए आनंद जैन, इंदौर आपको बता रहे हैं कि आईटीआर भरते समय किन 10 जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए-

**सिर्फ फॉर्म 16 पर भरोसा न करें-** बहुत से सैलरीड लोगों को लगता है कि फॉर्म 16 में जो कुछ है, वही काफी है। लेकिन फॉर्म 16 सिर्फ सैलरी और उस पर कटे TDS की जानकारी देता है। अगर आपको FD, RD, सेविंग अकाउंट का ब्याज, डिविडेंड, किराया, फ्रीलांस आय, शेयर-म्यूचुअल फंड का लाभ या विदेशी इनकम हुई है तो उसे भी आईटीआर में शामिल करना जरूरी है। इन्हें छिपाने पर बाद में अतिरिक्त टैक्स और ब्याज चुकाना पड़ सकता है।




**सही आईटीआर फॉर्म चुनना बहुत जरूरी-** गलत फॉर्म चुनने पर रिटर्न डिफेक्टिव माना जा सकता है, यानी मान लिया जाएगा कि आपने रिटर्न फाइल ही नहीं किया। आईटीआर 1- सैलरी, पेंशन और साधारण ब्याज आय वालों के लिए। आईटीआर 2- कैपिटल गेन, एक से ज्यादा घर, विदेशी संपत्ति या आय वालों के लिए। आईटीआर 3- बिजनेस, फ्रीलांस, F&O या ट्रेडिंग करने वालों के लिए। आईटीआर 4- छोटे बिजनेसमैन और प्रोफेशनल्स के लिए ।

**AIS, TIS और Form 26AS जरूर चेक करें-** रिटर्न भरने से पहले फॉर्म 16, फॉर्म 26AS, एनुअल इंफॉर्मेशन स्टेटमेंट (AIS) और टैक्सपेयर इंफॉर्मेशन समरी (TIS) का मिलान जरूर करें। अगर इनमें दिख रही आय आपके रिटर्न से अलग है तो विभाग स्पष्टीकरण मांग सकता है। गलत जानकारी दिखे तो पोर्टल पर सुधार के लिए शिकायत दर्ज करें।

**नौकरी बदलने पर दोनों कंपनियों की सैलरी जोड़ें-** अगर वित्त वर्ष में जॉब चेंज की है तो पुराने और नए दोनों एम्प्लॉयर से मिली सैलरी को जोड़कर ही रिटर्न भरें। ऐसा न करने पर कम TDS कटने की वजह से बाद में टैक्स चुकाना पड़ सकता है।

**बैंक खातों की डिटेल सही भरें-** सभी बैंक अकाउंट्स की जानकारी दें। रिफंड आने वाले अकाउंट का IFSC कोड और अकाउंट नंबर बिल्कुल सही डालें। गलती से रिफंड में देरी हो सकती है।

**ब्याज आय छिपाने की भूल न करें-** कई लोग सोचते हैं कि ञ्जष्ठस्न कटे तो आय कर योग्य नहीं। यह गलत है। स्नष्ठ, ऋष्ठ, सेविंग अकाउंट और बॉन्ड का ब्याज विभाग को ढ्ढस् और बैंक डेटा से पता चल जाता है। इन्हें छोड़ना महंगा पड़ सकता है।

# घर की रजिस्ट्री कराने के बाद कौन कौन से काम कराने हैं जरूरी?

**नई दिल्ली।** घर की रजिस्ट्री कराने के बाद अक्सर लोग यह मान लेते हैं कि संपत्ति खरीदने की जो प्रक्रिया थी वह पूरी हो चुकी है। हालांकि, इसके बाद भी कुछ जरूरी कार्य पूरे कराने होते हैं। अगर संपत्ति खरीदने के बाद आप इन कुछ जरूरी कार्यों को नहीं कराते हैं, तो आगे चलकर दिक्कतें आ सकती हैं। इसी सिलसिले में आइए जानते हैं कि घर की रजिस्ट्री कराने के बाद किन-किन कार्यों को कराना जरूरी होता है। रजिस्ट्री पूरी होने के बाद सबसे पहला और जरूरी काम नगर निगम में नामांतरण (म्यूटेशन) कराना होता है। म्यूटेशन कराने के बाद सरकारी रिकॉर्ड में नए मालिक का नाम दर्ज हो जाता है। इससे संपत्ति कर (हाउस टैक्स) और अन्य सरकारी रिकॉर्ड सही तरीके से अपडेट हो जाते हैं। यह करने से आप भविष्य में स्वामित्व संबंधी विवादों से बच सकते हैं। अगर आपने घर पर लोन लिया गया है तो इस स्थिति में रजिस्ट्री की प्रमाणित प्रति बैंक में जमा करनी होती है। इन सब के अलावा बिजली, पानी, गैस और अन्य आवश्यक सेवाओं के कनेक्शन भी नए मालिक के नाम पर ट्रांसफर करवाना जरूरी होता है। अगर आप किसी हाउसिंग सोसाइटी में रह रहे हैं, तो सोसाइटी कार्यालय में जाकर स्वामित्व परिवर्तन की जानकारी देकर वहां भी अपने नाम का रिकॉर्ड अपडेट करवाना जरूरी है। वहीं अगर किसी बीमा योजना के अंतर्गत घर का बीमा कराना है तो रजिस्ट्री के बाद यह प्रक्रिया भी जल्द पूरी करानी चाहिए। अगर आप रजिस्ट्री के बाद की सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी कर लेते हैं, तो भविष्य में संपत्ति बेचने, उत्तराधिकार, बैंक लोन लेने या किसी कानूनी प्रक्रिया के दौरान परेशानी नहीं होती। इन सब के अलावा आपको अपने प्रॉपर्टी से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेजों की डिजिटल और फिजिकल कॉपी सुरक्षित रखना भी जरूरी है।



# नीदरलैंड ने स्वीडन को 5-1 हराया ग्रुप में मजबूत हुई नीदरलैंड



**नई दिल्ली।** ग्रुप-एफ के अहम मुकाबले में नीदरलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वीडन को 5-1 के बड़े अंतर से हरा दिया। ह्यूस्टन स्टेडियम में खेले गए इस मैच में डच टीम शुरू से ही पूरी तरह हावी नजर आई। अटैक और डिफेंस दोनों मोर्चों पर बेहतरीन खेल दिखाते हुए नीदरलैंड ने स्वीडन को पूरे मैच में संभलने का मौका नहीं दिया। मैच की शुरुआत होते ही नीदरलैंड ने तेज रफ्तार से खेलना शुरू कर दिया। इसका फायदा उसे बहुत जल्दी मिल गया। पांचवें मिनट में ब्रायन ब्रॉबी ने शानदार गोल कर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। इस गोल के बाद स्वीडन की टीम दबाव में आ गई और नीदरलैंड लगातार आक्रमण करता रहा। पहला गोल करने के बाद भी ब्रॉबी नहीं रुके। 17वें मिनट में उन्होंने एक बार फिर स्वीडन की डिफेंस लाइन को चकमा देते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया और स्कोर 2-0 कर दिया। पहले हाफ में स्वीडन ने कुछ मौके बनाने की कोशिश की, लेकिन नीदरलैंड के डिफेंडरों ने उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिलने दी।

दूसरे हाफ में भी तस्वीर नहीं बदली। मैदान पर उतरते ही नीदरलैंड ने आक्रामक रुख बरकरार रखा। 47वें मिनट में कॉडी गैक्पो ने गोल कर अंतर को 3-0 कर दिया। इसके कुछ ही मिनट बाद गैक्पो ने अपना दूसरा गोल भी दाग दिया और स्वीडन की मुश्किलें और बढ़ गईं। 54वें मिनट तक स्कोर 4-0 हो चुका था और मुकाबला लगभग एकतरफा दिखाई देने लगा था। हालांकि स्वीडन ने हार नहीं मानी। 59वें मिनट में एंथनी एलांगा ने शानदार प्रयास करते हुए टीम के लिए पहला गोल किया। इस गोल ने स्वीडन को थोड़ी उम्मीद जरूर दी, लेकिन टीम उस लय को आगे नहीं बढ़ा सकी। मैच के अंतिम चरण में भी नीदरलैंड ने अपना दबदबा बनाए रखा। 89वें मिनट में क्राइसेंसियो समरविले ने शानदार गोल कर जीत पर आखिरी मुहर लगा दी। इसके साथ ही स्कोर 5-1 हो गया और स्वीडन की वापसी की सारी संभावनाएं खत्म हो गईं। इस बड़ी जीत ने ग्रुप-एफ में नीदरलैंड की स्थिति काफी मजबूत कर दी है। दूसरी ओर स्वीडन के लिए यह हार चिंता बढ़ाने वाली है। अगर उसे टूर्नामेंट में आगे तक जाना है तो आने वाले मुकाबलों में कहीं बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

# नॉकआउट दौर में पहुंचा जर्मनी, कोटे डी आइवर को 2-1 से दी मात



**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप ई मुकाबले में जर्मनी ने शानदार वापसी करते हुए कोटे डी आइवर को 2-1 से हराया. टीम की इस जीत के हीरो डेनिज उन्दाव रहे, जिन्होंने दो गोल दागे. कोटे डी आइवर के खिलाफ मिली रोमांचक जीत के साथ ही जर्मनी ने राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह पक्की कर ली है. यह मुकाबला शुरुआत से लेकर अंत तक बेहद रोमांचक रहा. इससे पहले जर्मनी ने कुराकाओ को 7-1 से धोकर टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की थी। आज खेले गए मुकाबले में शुरुआती मिनटों में ही काई हैवर्ट्ज के पास गोल करने का शानदार मौका था, लेकिन उनका हेडर क्रॉसबार के ऊपर से निकल गया।

इसके बाद जोशुआ किमिच ने एक बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर हैवर्ट्ज ने फिर कोशिश की, लेकिन कोटे डी आइवर के गोलकीपर याहिया फोफाना ने शानदार बचाव किया. जर्मनी को एक और मौका कॉर्नर किक पर मिला, जब एलेक्जेंडर पावलोविच ने हेडर से गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दी. हालांकि, रेफरी ने फाउल का फैसला देते हुए गोल को अमान्य करार दिया। दूसरी ओर, कोटे डी आइवर ने भी जवाबी हमले जारी रखे. यान डियोमांडे ने बाईं ओर से तेजी से एक लो क्रॉस दिया जो अमाद डियालो के पैरों पर गिरा. हालांकि, नैथेनियल ब्राउन इस शॉट को ब्लॉक करने में सफल रहे, लेकिन वह केसी को रिबाउंड पर गोल करने से नहीं रोक सके. इस गोल के साथ ही कोटे डी आइवर ने मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

दूसरे हाफ में भी अफ्रीकी टीम ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन जर्मनी के कोच जूलियन नेगल्समैन ने समय रहते बदलाव किए. उन्होंने लगभग एक घंटे के खेल के बाद नदीम अमीरी और डेनिज उन्दाव को मैदान पर उतारा. यह फैसला मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। सबस्टिट्यूट खिलाड़ी के तौर पर उतारे गए डेनिज उन्दाव ने दो गोल करते हुए मैच का पासा पलटा. उन्दाव को जब मैदान पर उतारा गया, तो कोटे डी आइवर 1-0 से आगे था. हालांकि, आठ मिनट के अंदर उन्दाव ने पहला गोल दागते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर किया।

कोटे डी आइवर के पास भी दोबारा बढ़त हासिल करने का शानदार मौका था. निकोलस पेपे और साइमन एडिंगरा ने एक अच्छा हमला बनाया, लेकिन वह अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण नहीं रख सके और मौका हाथ से निकल गया. मैच जब ड्रॉ की ओर बढ़ता दिख रहा था, तभी स्टॉपेज टाइम में जर्मनी के लिए उन्दाव ने निर्णायक गोल किया। लुकास नेमेचा ने उन्दाव को शानदार पास दिया. उन्दाव ने गेंद को नियंत्रित करते हुए बेहतरीन फिनिश किया और जर्मनी की जीत पक्की कर दी. उन्दाव के लिए यह प्रदर्शन खास रहा, क्योंकि जर्मनी के लिए उनके पिछले 8 मैचों में यह 9वां गोल रहा.

## इक्वाडोर 0-0 कुराकाओ : एलोय रूम के 15 बचाव और विश्व कप में एक ऐतिहासिक अंक



**नई दिल्ली।** 0-0 से ड्रॉ आमतौर पर एक नीरस मैच की छवि प्रस्तुत करता है, लेकिन 2026 विश्व कप के ग्रुप बी के दूसरे मैचडे में इक्वाडोर और कुराकाओ के बीच हुआ मुकाबला एक दुर्लभ अपवाद था। यह दृढ़ता की एक महाकाव्य गाथा थी, जहां एक अकेले खिलाड़ी ने दक्षिण अमेरिकी टीम के दम घोंटने वाले दबाव के सामने डटकर खड़े होकर कैरेबियन फुटबॉल इतिहास में एक नया अध्याय लिखा। इक्वाडोर ने क्वालिफिकेशन जल्दी हासिल करने के लिए तीनों अंक जीतने के इरादे से मैच में प्रवेश किया। मोइसेस कैसिडो और परविस एस्टुपिनन जैसे यूरोप में खेल चुके सितारों से सजी एक मजबूत टीम के साथ, दक्षिण अमेरिकी टीम ने जल्दी ही अपना दबदबा कायम कर लिया। हालांकि, उन्हें गोलकीपर के रूप में एक असली 'स्पाइडर-मैन' यानी एलोय रूम का सामना करने की उम्मीद नहीं थी। 42वें मिनट में ही रूम ने बिजली की तेज़ी से बचाव करते हुए इक्वाडोर के स्ट्राइकरों को निराश कर दिया। दूसरे हाफ में भी दबाव बढ़ता रहा, लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया।

# जापान ने विश्व कप 2026 में ट्यूनीशिया को 4-0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया



**नई दिल्ली।** मैक्सिको के मोन्टेर्रे में एस्टेडियो बीबीवीए में जापान ने ट्यूनीशिया को 4-0 से हरा दिया, जिससे उत्तरी अफ्रीकी टीम दो समूह चरण के मैचों में शून्य अंकों के साथ विश्व कप से बाहर हो गई। परिणाम कभी संदेह का विषय नहीं रहा। दाइची कमाडा ने केवल 4वें मिनट में गोल किया। आयसे उएडा ने 31वें मिनट में दूसरा गोल किया, और जुन्या इतो ने 69वें मिनट में 3-0 कर दिया। उएडा ने फिर 83वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके धुलाई पूरी की। यह फीफा विश्व कप के इतिहास में आधिकारिक तौर पर 1,000वां मैच था, जो टूर्नामेंट फुटबॉल के लगभग एक शताब्दी के दायरे में एक मील का पत्थर है। जापान ने समूह चरण में 4 अंक प्राप्त किए, जिन्होंने पहले नीदरलैंड्स के साथ बराबरी की थी। इसके विपरीत, ट्यूनीशिया का टूर्नामेंट समाप्त हो चुका है। दो मैच खेले, दो हारें, शून्य अंक प्राप्त। उनका समूह चरण का अभियान स्वीडन के खिलाफ 5-1 की हार के साथ शुरू हुआ, और जापान के खिलाफ इस 4-0 की हार का मतलब है कि उन्होंने अपने दो पूर्ण मैचों में कुल मिलाकर नौ गोल किए। ट्यूनीशिया के लिए, मर्मज्ञ विश्लेषण कठोर होगा। स्वीडन के खिलाफ 5-1 की हार के बाद जापान के खिलाफ 4-0 की हार दो मैचों में कुल 9-1 के गोल अंतर का प्रतिनिधित्व करती है। कार्थेज के ईगल्स ने 2022 के कतर विश्व कप में फ्रांस को डराया और डेनमार्क के साथ ड्रॉ पर रखा था, जहां उन्होंने प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन का अनुकरण करने की आशा के साथ प्रतियोगिता में प्रवेश किया था। दो मैचों से जापान के 4 पॉइंट्स, नीदरलैंड्स के खिलाफ ड्रॉ और ट्यूनीशिया के खिलाफ इस आक्रामक जीत, उन्हें अपने अंतिम समूह-चरण मैच की ओर एक अनुकूल स्थिति में ले जाते हैं। अब समूह का सामान्य चित्र जापान, नीदरलैंड्स और स्वीडन के बीच क्वार्टरफाइनल स्टेज की स्थितियों के लिए प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित है। इस विश्व कप के विस्तारित 48-टीम फॉरमेट को देखते हुए, जापान के 4 पॉइंट्स अंतिम मैचदिवस की ओर उन्हें एक सुरक्षा प्रदान करते हैं।

**गोल करने वाले खिलाड़ी**

जापान के लिए दाइची कामाडा (चौथे मिनट), अयासे उएदा (31वें और 83वें मिनट) और जुन्या इतो (69वें मिनट) ने शानदार गोल दागे।

**टूर्नामेंट से बाहर**

इस हार के बाद ट्यूनीशिया की टीम लगातार दूसरी हार के साथ विश्व कप 2026 से बाहर हो गई है।ऐतिहासिक रिकॉर्डः चौथे मिनट में किया गया दाइची कामाडा का गोल फीफा विश्व कप इतिहास में किसी भी जापानी खिलाड़ी द्वारा किया गया सबसे तेज़ गोल है।

**मैच का विवरण**

यह मुकाबला मैक्सिको के मॉन्टेरी में एस्टेडियो बीबीवीए में खेला गया। पहले हाफ में जापान 2-0 से आगे था और पूरे मैच में उनका दबदबा (57% बॉल पजेशन) रहा।

# इंग्लैंड के खिलाफ टीम घोषित, कोहली की सशर्त वापसी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। विराट कोहली को भी इस सीरीज के लिए टीम में मौका मिला है, लेकिन उनका इसमें खेलना फिटनेस पर निर्भर करता है। वहीं, अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में शतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल को मौका नहीं मिला है। बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम का एलान तो कर दिया है, लेकिन इसमें स्पष्ट कहा है कि विराट कोहली का इस सीरीज में खेलना फिटनेस टेस्ट पर निर्भर करता है। कोहली की फिटनेस जांच बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 22 जून को होगी। विराट कोहली ने आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ नाबाद 75 रन की पारी खेलते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को जीत दिलाई थी। इसी मैच के दौरान विराट को हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई थी। चोट के कारण विराट को अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रहना पड़ा। विराट फिलहाल लंदन म

रिहैब कर रहे हैं।

बीसीसीआई ने बताया कि आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में एक बदलाव किया गया है। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती बीसीसीआई सीओई में जारी रिहैब के अपने अंतिम चरण में हैं जिस कारण वह आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज में नहीं खेल सकेंगे। वरुण चक्रवर्ती की जगह प्रिंस यादव को टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली*, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नीतीश रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार।

आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए अपडेटेड स्क्वॉडः श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नीतीश रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी, प्रसिद्ध कृष्णा।

# वैभव सूर्यवंशी की सुनामी में उड़ी श्रीलंका टीम



**नई दिल्ली।** बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने मैदान पर गदर मचा दिया। उन्होंने सिर्फ 11 गेंदों में हाफ सेंचुरी ठोककर लिस्ट ए क्रिकेट का 21 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। वैभव ने अपनी विस्फोटक पारी में 29 गेंदों पर 94 रन बनाए। उनकी इस आतिशी पारी के दम पर भारत ए ने ट्राई-सीरीज के फाइनल मैच में श्रीलंका ए को 66 रनों से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। पहले बैटिंग करने उतरी इंडिया ए की टीम ने 9 विकेट खोकर 377 रनों का बहुत बड़ा स्कोर खड़ा किया। वैभव सूर्यवंशी ने प्रियांश आर्य (39 रन) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 132 रनों की तूफानी पार्टनरशिप की। वैभव के आउट होने के बाद कप्तान तिलक वर्मा ने कप्तानी पारी खेलते हुए 67 रन बनाए, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ ने 40 रनों का योगदान दिया। आखिरी ओवरों में अनुकूल रॉय (39 रन) और विपराज निगम (27 रन) ने तेजी से रन बटोरकर टीम को एक मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 378 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका ए की शुरुआत बेहद खराब रही। भारत के गेंदबाजों ने कसी हुई बॉलिंग की और श्रीलंका के टॉप ऑर्डर को टिकने नहीं दिया। श्रीलंका की ओर से वानुज सहान ने सबसे ज्यादा 62 रन और सदीरा समरविक्रमा ने 52 रन बनाए, लेकिन ये पारियां उनकी टीम को जीत नहीं दिला सकीं। पूरी श्रीलंकाई टीम 47.1 ओवर में 311 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत की इस शानदार जीत में गेंदबाजों का रोल सबसे अहम रहा। यश ठाकुर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 45 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि विपराज निगम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा अनुकूल रॉय को 2 विकेट मिले, जबकि कप्तान तिलक वर्मा और अशोक शर्मा ने 1-1 विकेट लेकर श्रीलंका की पारी को समेटने में मदद की।

## हरमनप्रीत कौर ने बनाया वर्ल्ड् रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** महिला टी-20 विश्व कप 2026 के 18वें मुकाबले में हरमनप्रीत कौर ने मैदान में उतरते ही इतिहास रच दिया है। वे 200 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर बन गई हैं। महिला या पुरुष किसी भी क्रिकेट

**■ 200 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर बनीं**

में अब तक किसी के नाम यह रिकॉर्ड दर्ज नहीं था, जिस कौर ने अपने नाम करते हुए विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। हरमनप्रीत कौर अपने करियर का 10वां टी-20 विश्व कप खेल रही हैं। वे भारत की ओर से सर्वाधिक विश्व कप खेलने वाली क्रिकेटर भी हैं। उनके बाद रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 9 टी-20 विश्व कप खेले हैं।

**सर्वाधिक टी-20 मैच खेलने वाली क्रिकेटर हैं हरमनप्रीत कौर**

हरमनप्रीत कौर ने 200 टी-20 मैच खेले हैं और पुरुष और महिला दोनों सीनियर क्रिकेट की फेहरिस्त में सबसे अधिक टी-20 मैच खेलने वाली खिलाड़ियों में शीर्ष पर बनी हुई हैं। उनके बाद सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड की सुज़ाना विल्सन बेट्स हैं, जिन्होंने 184 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। पुरुष क्रिकेट में सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में आयरलैंड के पॉल स्टर्लिन शीर्ष पर बने हुए हैं, जिन्होंने अब तक 163 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 153 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ इस सूची में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं।

## विमेंस नेशंस कप में भारत की बादशाहतः न्यूजीलैंड को 2-0 से रौंदकर बेटियों ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने इतिहास रचते हुए एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप 2025-26 का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को ऑकलैंड में खेले गए बेहद रोमांचक खिताबी मुकाबले में भारत ने मेजबान न्यूजीलैंड को 2-0 से शिकस्त दी। इस शानदार और ऐतिहासिक कामयाबी के तुरंत बाद हॉकी इंडिया ने पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ के लिए बंपर प्राइज मनी की घोषणा कर दी है। रविवार को खेले गए इस फाइनल मैच की शुरुआत में मेजबान न्यूजीलैंड की टीम ने गेंद पर ज्यादा नियंत्रण बनाए रखा और वे शुरुआती बढ़त हासिल करने के प्रयास में थे। हालांकि, मेहमान भारतीय टीम ने मैच का पहला बड़ा मौका तब भुनाया जब नवनीत कौर को पेनाल्टी कॉर्नर मिला। नवनीत ने मैच के चौथे ही मिनट में एक जबरदस्त और दमदार स्ट्राइक के साथ इस सेट-पीस को गोल में तब्दील कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।

इसके बाद भारतीय टीम ने ट्रांजिशन में कमाल का खेल दिखाया और अपनी आक्रामकता से न्यूजीलैंड के डिफेंस को लगातार छकाया। पहले क्वार्टर में मिले पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर भारत ने अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। मैच के 15वें मिनट में सुनीलिता टोप्पो ने दीपिका के एक तेज शॉट को चतुराई से दिशा दिखाई और गेंद को गोल पोस्ट में डाल दिया, जिससे स्कोर 2-0 हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप में खिताब जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय हॉकी खिलाड़ी देश के लिए गर्व और खुशी लेकर आए हैं। उन्होंने टीम को इस जीत के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि देश के कई युवाओं को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित करेगी।

## करो या मरो मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की जीत



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका ने भारत को छह विकेट से हरा दिया। रविवार को मैनचेस्टर में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 161 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनकी ओर से मारिजान काप ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, भारत के लिए श्री चरणी ने तीन विकेट लिए जबकि शेफाली वर्मा को एक सफलता मिली। इसके अलावा किसी भी अन्य गेंदबाज को कोई सफलता नहीं मिली।

**भारत की तेज शुरुआत, फिर लड़खड़ाई पारी-** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 30 रन जोड़े।

# हलिया ब्लॉक परिसर में धूमधाम से मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' रहा थीम



स्वतंत्र भारत हलिया, (मिर्जापुर)। 'योगा फॉर हेल्थी अगेग' थीम पर आधारित 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस रविवार को हलिया ब्लॉक परिसर में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।योग प्रशिक्षक रामगोविंद और विमला देवी ने उपस्थित लोगों को विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। प्रतिभागियों ने योग के नियमित अभ्यास से शरीर और मन को स्वस्थ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी और एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव विशेष रूप से मौजूद रहे। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है और स्वस्थ जीवन के लिए इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। आयोजित कार्यक्रम में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के संदेश के साथ स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग के महत्व पर जोर दिया गया। ब्लॉक परिसर में सुबह 7 बजे से शुरू हुए इस आयोजन मुं पुरुषों, महिलाओं और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।आयोजन का संचालन जिला प्रशासन और आयुष विभाग, मिर्जापुर के सहयोग से किया गया।इसी प्रकार रेंज परिसर में फारेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह ने वन कर्मियों को योगाभ्यास कराया है थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने पुलिसकर्मियों के साथ योगाभ्यास किया है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ योगाभ्यास किया है विकास खंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में योगाभ्यास किया है इस दौरान भेजा जिला कार्यसमिति सदस्य तारा चंद्र अग्रहरी, राजीव कुमार, वन दरोगा नीटू शर्मा, राजकुमार वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मिर्जापुर वन प्रभाग द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन



स्वतंत्र भारत मिर्जापुर। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मीरजापुर वन प्रभाग द्वारा जनस्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मीरजापुर वन प्रभाग कार्यालय परिसर, कोटवा वन विश्राम गृह तथा विभिन्न रेंज कार्यालय परिसरों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र मीरजापुर, प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर, उप प्रभागीय वनाधिकारी चुनार, क्षेत्रीय वन अधिकारी, वन विभाग के कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं आम जनमानस ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा नियमित योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र मीरजापुर, प्रभागीय वनाधिकारी, मिर्जापुर वन प्रभाग, मिर्जापुर उप प्रभागीय वनाधिकारी चुनार एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। मिर्जापुर वन प्रभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे तथा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उद्देश्यों को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से ग्रामीणों को मिली बेहतर आवागमन सुविधा, सड़कों पर दौड़ रही बसें

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को आसान और सुलभ बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना धरातल पर असर दिखा रही है। योजना के तहत संचालित बस ग्रामीण मार्ग पर यात्रियों को लेकर जाती नजर आ रही है।बस के अगले हिस्से पर मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना है, जो ग्रामीणों के लिए शुरू की गई इस सुविधा को दर्शाता है। योजना के तहत छोटे और दुर्गम गांवों को मुख्य सड़कों और कस्बों से जोड़ने के लिए निजी ऑपरेटरों को सब्सिडी पर बसें उपलब्ध कराई जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले ग्रामीणों को स्कूल, अस्पताल और बाजार जाने के लिए साधन की भारी दिक्कत होती थी। अब नियमित बस सेवा शुरू होने से छात्र, किसान और महिलाएं आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच पा रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और अंतिम छोर तक परिवहन सुविधा पहुंचाना है। जैसी कई बसें जिले के विभिन्न ब्लॉकों में संचालित हो रही हैं।ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न सिर्फसमय की बचत हो रही है, बल्कि आवागमन का खर्च भी कम हुआ है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 229 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



स्वतंत्र भारत हलिया, (मिर्जापुर)। हलिया ब्लॉक के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में कुल 229 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर निशुल्क परामर्श और दवाएं प्राप्त कीं। पीएचसी हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 53 लोगो का उपचार किया इसी प्रकार पीएचसी मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 41,पीएचसी बरौधा डॉक्टर अभिषेक जायसवाल ने 45 पीएचसी ड्रमडगंज डॉक्टर बाल कृष्ण ने 47 लोग पीएचसी मुड़पेली में डॉक्टर मनीष कुमार ने 43 लोगो के सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया, और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव और योग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे मेलों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। लोगों ने मेले में मिल रही सुविधाओं की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें समय और पैसे दोनों की बचत हुई।

## विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने पैथ काइंड ब्लड कलेक्शन सेंटर का किया उद्घाटन



स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)। विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र नदिहार में पैथ काइंड ब्लड कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमाशंकर सिंह पटेल ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं एवं जांच सेवाओं की उपलब्धता से लोगों को समय पर बेहतर चिकित्सा परामर्श प्राप्त होगा। उन्होंने सेंटर संचालकों सुधीर सिंह से कहा कि चाहे गरीब हो या अन्य वर्ग का कोई भी ब्लड सेंटर से वापस न जाए पैसा हो या ना हो सब की जांच कराई जाए। जिससे मरीज की जान बच जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यह ब्लड सेंटर क्षेत्र वासियों को वरदान से कम नहीं है सीनियर पैथोलॉजिस्ट डॉ. सुधीर सिंह ने कहा कि कम पैसों में अच्छी जांच यहां पर की जाती है जहां पर मरीजों को विश्वास रहता है। उन्होंने कहा कि पैसे हो या ना हो लेकिन मदद की जाती है। इस मौके पर ग्राम प्रधान रविशंकर सिंह, डॉ. रमेश कुमार सिंह, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. ओम प्रकाश सिंह, सुजीत केसरी, रामबली सिंह, बिहारी लाल, हृदय नारायण तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 315 बोर कट्टा कारतूस के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। हलिया थाना क्षेत्र के पोखरौड बाण सागर नहर पुलिया के पास से शनिवार की रात्रि में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को 315 बोर के कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति को जेल भेज दिया है चौकी प्रभारी मतवार अमर नाथ यादव मय हमराह एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल योगेंद्र यादव के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे की मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति 315 बोर के कट्टा व कारतूस लेकर कंही जा रहे है जिस पर पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गए स्थान बाण सागर नहर पुलिया पोखडौर गांव पहुंचकर पोखडौर गांव निवासी लालबाबू उर्फबब्बू के पास से 315 बोर का एक कट्टा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तार व्यक्ति को थाने पर लाकर गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति को जेल भेज दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की 315 बोर के कट्टा व दो कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है।

# पंचशील डिग्री कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास



स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। महाविद्यालय पंचशील डिग्री कॉलेज प्रागण में रविवार को बारहवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 6:00 बजे शुरू होकर 8:0 बजे तक चला, जिसमें योग की सभी विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय द्वारा आमंत्रित क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य लोग, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं और पंचशील पब्लिक स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे शामिल हुए। पूर्व जिला जज छोटेलाल मैत्रेय, महाविद्यालय के प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य प्राचार्य डॉक्टर राघवेंद्र श्रीवास्तव और समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक योगी शिवमूरत, दीपनगर पटेहरा के निर्देशन में कराया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया और नियमित योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में पहुंचे।उपस्थित लोगों में मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरि, जिला कार्य समिति सदस्य पंकज सिंह चंदेल, मंडल उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, महामंत्री दिलीप सिंह, महामंत्री राजपति पाल, मंडल मंत्री राजेंद्र कुमार, जगदीश विश्वकर्मा और विभूति नारायण सिंह शामिल रहे। इसके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी कमलेश मिश्रा, समाजसेवी कमलेश सिंह नौगवां और बृजेश सिंह नौगवां भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।आयोजकों ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है और युवाओं को इससे जोड़ना समय की जरूरत है। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया।

## वाहन के धक्के से बाइकसवार वृद्ध की मौत, स्वजनों में मचा कोहराम

स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)। वाहन के धक्के से बाइक सवार वृद्ध की मौत। जानकारी के अनुसार बाइक सवार श्यामलाल मौर्य 58 वर्षीय निवासी बिशनपुरा अपने घर से किसी कार्य हेतु सोनभद्र जा रहे थे। रास्ते में ही हिंदुवारी के पास वाहन के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल सोनभद्र लेकर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने श्यामलाल को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही यह जानकारी स्वजनों को मालूम चली कोहराम मच गया और गांव में सन्नाटा छा गया मौके पर लोग अस्पताल पहुंचे और पोस्टमार्टम करने में जुट गए।

## भूमि पर टीन शेड लगाने से मना करने पर महिला को मारपीट किया घायल

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के परसिया खुर्द गांव निवासी रामरती पत्नी रामसेवक ने शनिवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो व्यक्तिओ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है दी गई तहरीर में बताया है की भूमि पर गांव निवासी बृजेश व तेजू टीन शेड लगा रहे थे की मना करने पर गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जहा पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

## रोडवेज बस और एसयूवी में आमने-सामने टक्कर, एक की मौत दूसरा घायल

स्वतंत्र भारत मऊ। दोहरीघाट थाना क्षेत्र के बुढ़ावर गांव के पास शनिवार की देर रात तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस और स्कार्पियो में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें स्कार्पियो सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल को जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर, स्कार्पियो में टक्कर के बाद रोडवेज बस ने सड़क किनारे लगे बिजली के पोलो को टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया, जबकि चालक फरार है। मिली जानकारी के अनुसार चंदौली जनपद के कुटिया सिटी पिपरी निवासी 41 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र बाबूलाल और वाराणसी के मिश्रपुरा चौबेपुर निवासी 32 वर्षीय संतोष कुमार यादव पुत्र सोमनाथ यादव दोहरीघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में बरात में आए थे। शनिवार की देर रात दोनों स्कार्पियो से किसी काम के सिलसिले में दोहरीघाट कस्बा आए हुए थे। वापस बारात लौटते समय बुढ़ावर गांव के पास सामने से आ रही रोडवेज से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही अनिल कुमार की मौत हो गई, जबकि संतोष कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं टक्कर के बाद रोडवेज बस ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कई बिजली के पोलो को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया। वहीं चालक फरार है।

## वलीदपुर इलेक्ट्रो होम्यो पैथिक स्टडी सेंटर पर मनाया गया विजय दिवस समारोह

स्वतंत्र भारत मऊ।मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत वलीदपुर स्थित इलेक्ट्रो होम्यो पैथिक स्टडी सेंटर पर पैथी का विजय दिवस समारोह रविवार को मनाया गया। सेंटर संचालक डॉ अयाज़ अहमद ने उपस्थित लोगों को बताया कि इलेक्ट्रो होम्यो पैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इलेक्ट्रो होम्योपैथी की रिसर्च एवं विकास हेतु कार्य करता है। 21 जून 2011 का आदेश जो भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फेमिली वेलफेयर हेल्थ रिसर्च विभाग ने जारी किया था इसी संस्था की कोशिशों का नतीजा था। इस आदेश को सभी राज्य सरकारों को कार्यवाही हेतु भेजा गया था इस आदेश के अनुसार इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विकास,रिसर्च एवं शिक्षा पर कोई रोक नहीं है।जब तक कोई नया आदेश जारी नहीं होता तब तक इसी आदेश के अनुसार इलेक्ट्रो होम्योपैथी का कार्य आगे बढ़ता रहेगा। इसी आदेश को उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग 6 ने 4 जनवरी 2012 को जारी कर समस्त अपर निदेशकों को एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इस के क्रियान्वयन हेतु कहा था। इस अवसर पर डॉ अयाज़ अहमद, डॉ अबुल कैश, डॉ मोहम्मद अशरफ, डॉ निसार अहमद, मुहम्मद आसिफ एवं जमील अहमद आदि उपस्थित रहे।

# घाघरा की बाढ़ से मिलेगी राहत : सिंचाई मंत्री ने 3.86 करोड़ की लागत से बने बंधे का किया लोकार्पण



स्वतंत्र भारत मऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार देर शाम गोधनी गांव में 3 करोड़ 86 लाख 61 हजार रुपये की लागत से निर्मित बीबीपुर-बेलौली बंधे से हेड कैनाल तक 700 मीटर लंबे नवनिर्मित बंधे का फीता काटकर लोकार्पण किया और इसे जनता को समर्पित किया। इस बंधे के निर्माण से क्षेत्र के ठाकुरगांव, गोधनी, सरया, धरमपुर, गौरीडीह, जमीरा, चौराडीह सहित दर्जनों गांवों के लोगों को घाघरा नदी की बाढ़ और कटान से सुरक्षा मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने के रूप में देखा।लोकार्पण के बाद आयोजित रात्रि चौपाल को संबोधित करते हुए मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में विकास की परिभाषा बदल गई है। अब शासन का केंद्र सत्ता नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर गरीबों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है।मंत्री ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण भारत और उत्तर प्रदेश आज विकास के हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।कार्यक्रम में विनय राय, संतोष राय, राहुल प्रधान, मुख्य अभियंता विकास सिंह, शिव प्रसाद मौर्य, के.पी. सिंह, हरदेव प्रसाद, बिट्टू राय, रमेश उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने जन चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

स्वतंत्र भारत मऊ। मुख्य विकास अधिकारी ने गोदभराई एवं बच्चों के अन्नप्राशन कार्यक्रम में सहभागिता करने के उपरांत जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।जन चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।जन चौपाल के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड घोसी के पिडवा ताल में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल का स्थलीय निरीक्षण किया।

## डॉ. पीएल गुप्ता को पद्म पुरस्कार देने की उठी मांग

स्वतंत्र भारत मऊ। मऊ जनपद के समाज सेवियों, चिकित्सकों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर पूर्वांचल के वरिष्ठ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. पीएल गुप्ता को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि गुप्ता सर्जिकल एवं पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट के संस्थापक डॉ. गुप्ता पिछले 39 वर्षों से चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

## कलश यात्रा द्वारा 33 कोटि देवताओं को आमंत्रण

बदलापुर जौनपुर। सराय भानी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व प्रयागराज से पधारे विनयानंद सरस्वती के निर्देशन में कलश यात्रा निकाली गई जो कथास्थल से प्रारंभ होकर सराय गौरा,वर्जी, केशवपुर, राईपुर के भ्रमण के पश्चात पुनः कथा स्थल पर समाप्त हुई। इस दौरान लगभग 200 महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। इस संदर्भ में विनयानंद सरस्वती जी ने कहा की मंगल कलश यात्रा के साथ 33 कोटि देवताओं को कथा श्रवण हेतु आमंत्रित किया जाता है।भागवद् कथा श्रवण से इस संसार सागर से मुक्ति व परमात्मा मिलन संभव हो पाता है।मानव के मानवीय गुणों का विकास होता है।सत्कर्म की प्रेरणा मिलती है। सत्संग से मानव महामानव व देवत्व प्राप्त करने में सक्षम हो पाता है।कथा श्रवण से प्राप्त ज्ञान के प्रकाश से व्यक्ति को स्वयं को पहचान पाता है। ऐसे में परमात्मा से साक्षात्कार की संभावना बढ़ जाती है। राजा परीक्षित से कलयुग ने अपने रहने का स्थान मांगा तो उन्होंने हिंसालय, मदिरालय, वेश्यालय जुआलय व अनीति से कमाए गए सोने में रहने का स्थान दिया था। जरासंध के चमकदार सोने के मुकुट अनीति से अर्जित किया गया था। उसी मुकुट को जब राजा परीक्षित ने अपने सिर पर धारण कर लिया तो उनके अंदर कलयुग ने प्रवेश करके उनके द्वारा संतों का अपमान कराया। आज भी इन पांचो जगहों पर कलयुग का वास होता है।ऐसे में हमें इन पांचो चीजों से हमेशा बचना चाहिए। इस दौरान आयोजक सभाजीत मिश्रा, दीपक यादव,शिव प्रसाद मिश्रा, राम संजीवन मिश्रा, सुरेश तिवारी,डा. कैलाश नाथ मिश्रा, रामसुख मिश्रा आदि सैकड़ो ग्रामीण व श्रोता मौजूद रहे।

## योग दिवस पर कार्यक्रम

स्वतंत्र भारत मऊ। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति, मऊ द्वारा रमाशंकर सिंह महाविद्यालय, मखना पिंडोहरी (रतनपुरा) में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 250 से अधिक छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक कन्हैयालाल बरनवाल ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के लाभों की जानकारी दी।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अतुल शुक्ला द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, सोमवार, 22 जून 2026

# ईरानी फंड पर कतर संग काम कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** ईरान में मानवीय कार्यों के लिए रोके गए अरबों डॉलर के फंड को जारी करने की योजना बनाने के लिए अमेरिका अब कतर के साथ मिलकर काम करने पर विचार

- **हालिया शांति समझौते का हिस्सा है वित्तीय प्रोत्साहन**

कर रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि यह शुरुआती वित्तीय प्रोत्साहन तेहरान और वाशिंगटन के बीच हाल ही में हुए शांति समझौते का ही एक हिस्सा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, योजना का मकसद ईरान को दुनिया भर में रोकी गई अपनी अनुमानित 100 अरब डॉलर की नकदी का कुछ हिस्सा खर्च करने और इस्तेमाल करने की सुविधा देना है। जिसमें सबसे पहले कतर में रखे छह अरब डॉलर तक पहुंच शामिल है। समझौते के तहत ईरान के सेंट्रल बैंक द्वारा ऑर्डर किए गए मानवीय सामान कतर खरीदेगा। इससे




ईरान को परोक्ष रूप से सीधी मदद मिल सकेगी।

कतर के विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह ईरान में मानवीय कार्यों के लिए फंड देने की बातचीत स्विट्जरलैंड के बर्गनस्टॉक रिसॉर्ट में प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी तथा स्विस विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस के बीच हुई बातचीत के दौरान सामने आई। स्विस विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह बातचीत में मदद करने के लिए तैयार है।

एक्सिओस की रिपोर्ट के अनुसार, मामले से जुड़े अमेरिकी और राजनयिक सूत्रों का हवाला देते हुए, अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ स्विट्जरलैंड जाने वाले हैं। यह यात्रा पश्चिम एशिया में तनाव खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के बीच हाल ही में घोषित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद अमेरिका-ईरान बातचीत के नए दौर की तैयारियों के तहत हो रही है।

**पहली शर्त लागू न करने से ईरानियों का भरोसा घटा**

ईरान ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह पश्चिम एशिया में सैन्य कार्रवाई रोकने से जुड़े समझौते के तहत किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रहा है। ईरान ने चेतावनी दी कि अगर मौजूदा हालात-खासकर लेबनान पर इस्राइल के लगातार हमले जारी रहे, तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि समझौते की पहली शर्त को लागू न करने से ईरानियों का भरोसा कम हुआ है।

**लेबनान मोर्चे पर कार्रवाई रोकनी होगी**

अमेरिका-ईरान एमओयू की पहली शर्त के अनुसार, दोनों पक्ष लेबनान समेत सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई को तुरंत और स्थायी रूप से रोकने पर सहमत होंगे। हिजबुल्ला के हमलों के बाद इस्राइली सेना ने बेका घाटी में उसके ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की।

## जासूसी में फ्रांस ने बंद किए चीन के नौ गुप्त केंद्र, दो लोग निष्कासित

**पेरिस।** फ्रांस ने देश में संचालित चीन के नौ गुप्त केंद्रों को बंद कर दिया है। फ्रांसीसी अधिकारियों का आरोप है कि ये केंद्र सांस्कृतिक, सामुदायिक और व्यावसायिक संगठनों की आड़ में काम कर रहे थे और चीन सरकार के आलोचकों तथा प्रवासी चीनी नागरिकों पर नजर रखने का काम करते थे। मामले में तीन लोगों की पहचान की गई है, जिन पर इस नेटवर्क को संचालित करने का आरोप है। इनमें से दो को फ्रांस से निष्कासित कर दिया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांस की खुफिया एजेंसियों ने जांच के बाद इन केंद्रों का पता लगाया। इनमें से अधिकांश पेरिस और उसके आसपास के इलाकों में संचालित हो रहे थे। जांचकर्ताओं का मानना है कि ये केंद्र चीन की सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था के अनौपचारिक विस्तार के रूप में काम कर रहे थे। जांच तब तेज हुई जब वर्ष 2024 में चीन के एक असंतुष्ट नागरिक लिंग हुआझान को जबरन चीन भेजने की कोशिश की गई। फ्रांसीसी पुलिस ने इस प्रयास को विफल कर दिया था।

**दुनिया को मजबूत संदेश :** फ्रांस की इस कार्रवाई को यूरोप में विदेशी हस्तक्षेप और जासूसी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है इससे दुनिया को मजबूत संदेश गया है। इन गुप्त केंद्रों का उपयोग चीन के असंतुष्टों और प्रवासियों की निगरानी करने और उन्हें वापस चीन लौटने के लिए डराने-धमकाने के लिए किया जाता था।

**चीन ने आरोपों को किया खारिज :** चीन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि ऐसे सेवा केंद्र विदेशों में रहने वाले चीनी नागरिकों को दस्तावेजों के नवीनीकरण और अन्य प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए हैं। हालांकि मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि दुनिया के कई देशों में ऐसे केंद्रों का इस्तेमाल निगरानी, दबाव बनाने और चीन के आलोचकों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जाता है।

# होर्मुज पर अमेरिका लगाएगा शुल्क : ट्रंप

### क्या पश्चिम एशिया संघर्ष का खर्च दुनिया से वसूलेंगे?

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि अगर ईरान के साथ अंतिम समझौता नहीं हो पाता है तो वॉशिंगटन होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगा सकता है। उन्होंने कहा कि यह शुल्क पश्चिम एशिया क्षेत्र के लिए संरक्षक की भूमिका निभाने के बदले दी गई सेवाओं के लिए होगा।



ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत लागू 60 दिनों के युद्धविराम के दौरान कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा, युद्धविराम की 60 दिनों की अवधि के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में कोई शुल्क नहीं होगा और 60 दिन पूरे होने के बाद भी कोई शुल्क नहीं होगा, जब तक कि समझौता पूरा नहीं हो जाता। अगर समझौता पूरा नहीं होता है, तो अमेरिका द्वारा और उसके लिए शुल्क लगाया जा सकता है। यह मध्य पूर्व के देशों के लिए संरक्षक की भूमिका निभाने तथा अतीत, वर्तमान और भविष्य में हुए खर्चों की भरपाई के लिए होगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ईरान के साथ बातचीत के लिए स्विट्जरलैंड जाने की संभावना जताई जा रही है। एक्सियोस ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि वेंस इन वार्ताओं में शामिल हो सकते हैं। होर्मुज में शुल्क के मुद्दे को लेकर ईरान के साथ हुए समझौता ज्ञापन पर ट्रंप को अमेरिका में काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है। यह समझौता केवल 60 दिनों तक बिना शुल्क के आवाजाही सुनिश्चित करता है और इसके बाद भविष्य में शुल्क लगाए जाने की संभावना को खारिज नहीं करता।

## म्यांमार में काम आ रही भारत की डिप्लोमैसी

**एथेंस।** म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग की हालिया भारत यात्रा सिर्फ एक औपचारिक कूटनीतिक दौरा नहीं थी, बल्कि इसके कई रणनीतिक और सुरक्षा संबंधी मायने हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब म्यांमार अपने पड़ोसी देशों के साथ संतुलित संबंध बनाने की कोशिश कर रहा है और भारत भी अपने अस्थिर पड़ोसी के साथ संवाद बनाए रखना चाहता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की तुलना में भारत म्यांमार को बड़े पैमाने पर आर्थिक सहायता, विशाल बुनियादी ढांचा परियोजनाएं या दबाव की राजनीति नहीं देता। लेकिन भारत के पास एक ऐसी ताकत है जो चीन के लिए आसान नहीं है- एक ऐसा रिश्ता जो वर्चस्व या दबदबे की भावना से कम प्रभावित है। भारत और म्यांमार के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा है, जो अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम से होकर गुजरती है। सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों के बीच पारिवारिक, जनजातीय, भाषाई और धार्मिक संबंध हैं।

# दुनियाभर में योग दिवस की धूम, अमेरिका से लेकर नेपाल तक सजे शिविर

**वाशिंगटन/काठमांडो/बीजिंग।** दुनियाभर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर भारतीय दूतावास के सहयोग से योग कार्यक्रम चलाए गए। अमेरिका में जहां 30 से ज्यादा कार्यक्रमों में हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है वहीं ह्यूस्टन में एक दिन पूर्व योग शिविर लगाया गया। इसी तरह चीन में भी लोगों ने योग में विशेष उत्साह दिखाया। नेपाल के लुम्बिनी में लोगों ने योग कार्यक्रम में विशेष उत्साह दिखाया। जापान में भारतीय दूतावास ने कहा कि वह रविवार को सुकिजी होंगन-जी मंदिर में समारोह आयोजित करेगा। ओमान में, राजदूत प्रशांत पिसे ने भारतीयों को योग दिवस के लिए आमंत्रित किया।



**ह्यूस्टन में कई लोगों ने जताया उत्साह :** अमेरिका के ह्यूस्टन में भारत के कॉन्सुलेट जनरल और सहयोगी संगठनों द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर दक्षिणी अमेरिका में 30 से ज्यादा कार्यक्रमों में हजारों लोग शामिल हो रहे हैं। इस साल के इवेंट्स का मकसद उन समुदायों तक पहुंचना है जहां योग की सुविधाएं कम हैं। इससे लोगों का शामिल होना आसान होगा।

### लुम्बिनी से मिलेगी योग को पहचान

नेपाल में भारतीय दूतावास ने बताया, लुम्बिनी गौतम बुद्ध की जन्मस्थली है, जो एक बहुत महत्वपूर्ण जगह है। यहां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने से इस कार्यक्रम को बड़ी पहचान मिलती है, जो दुनिया के लिए बहुत मायने रखती है। इसकी थीम स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग है। योग की वैश्विक पहचान और बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 11 दिसंबर 2014 को 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया है।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर दे सकते हैं इस्तीफा

**पार्टी के 100 सांसद खिलाफ**
**10 साल में 5 पीएम ने कार्यकाल से पहले पद छोड़ा**

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सोमवार को इस्तीफे का ऐलान कर सकते हैं। साथ ही वे अपने पद छोड़ने का रोडमैप भी बता सकते हैं। यह दावा ब्रिटेन के अखबार 'द ऑब्जर्वर' की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक स्टार्मर ने कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और ट्रेड यूनियन नेताओं से बातचीत के बाद तय किया है कि उनका पद पर बने रहना अब मुश्किल है। हालांकि, रॉयटर्स के मुताबिक सरकारी सूत्रों ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि स्टार्मर अभी भी प्रधानमंत्री के तौर पर अपने काम करने पर ध्यान दे रहे हैं। रॉयटर्स के मुताबिक स्टार्मर की लेबर पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि पीएम को इस्तीफा दे देना चाहिए या अपने पद छोड़ने की समयसीमा घोषित करनी चाहिए। स्टार्मर के खिलाफ हुए सांसद, हाउस ऑफ कॉमन्स में पार्टी के कुल सांसदों का करीब एक चौथाई हैं।

# फ्रांस में गर्मी का जबर्दस्त कहर

**पेरिस।** यूरोप के कुछ हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी से निपटने के लिए फ्रांस ने इमरजेंसी सेवाओं और सेना को जंगल की आग (वाइल्डफायर)

- **सार्वजनिक जगह पर शराब पीना प्रतिबंधित**
- **बाहर खेलने पर रोक**
- **सेना को भी किया अलर्ट**

के खतरे को लेकर अलर्ट पर रख रहा है, साथ ही सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने पर रोक लगा रहा है और कुछ आउटडोर स्पोर्ट्स इवेंट्स रद्द कर रहा है।

रविवार को फ्रांस का लगभग एक-तिहाई हिस्सा राष्ट्रीय मौसम सेवा के हीट रेड अलर्ट के दायरे में रहा और पूरे देश में तापमान बहुत अधिक है। कुछ इलाकों में रविवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि इस देश में एयर कंडीशनिंग का इस्तेमाल बहुत अधिक नहीं होता है। सोमवार को और भी ज्यादा गर्मी पड़ने का अनुमान है। जोखिम



कम करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय अधिकारियों ने कई उपाय किए हैं, जिनमें भीड़ को ठंडा रखने के लिए एफिल टॉवर और पेरिस की अन्य जगहों पर मिस्टिंग स्टेशन (ठंडी फुहार छोड़ने वाली मशीनें) लगाया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के यूरोप कार्यालय ने इस महीने कहा कि पिछले चार वर्षों में यूरोप में गर्मी से जुड़ी वजहों से 2,00,000 से अधिक लोगों की मौत हुई, और इनमें से ज्यादातर मौतों को रोका जा सकता था। इस गर्मी में औसत से अधिक तापमान रहने की उम्मीद है, जिससे हीट एग्जॉशन (गर्मी से अत्यधिक थकान) और जानलेवा हीट स्ट्रोक (लू लगना) हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के यूरोप कार्यालय ने देशों और संस्थाओं से हीट प्लान लागू करने को कहा है, जैसे कूलिंग सेंटर खोलना या काम के बीच ब्रेक देना अथवा फ्लेक्सिबल शिफ्ट शुरू करना, ताकि कर्मचारी दोपहर की तेज धूप से बच सकें।

# रूसी मिसाइल-ड्रोन के राज खोलेगा यूक्रेन

### लॉन्च किया ट्रॉफीलैब प्लेटफॉर्म, सामने आएंगी हथियारों की कमजोरियां

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन ने ट्रॉफीलैब नाम से एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। इसके तहत यूक्रेन युद्ध के मैदान से कब्जे में लिए गए आधुनिक रूसी हथियारों के गोपनीय तकनीकी दस्तावेज, ब्लूप्रिंट्स और उनकी कमजोरियां अपने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ साझा करेगा।

यूक्रेन के रक्षा मंत्री मिखाइलो फेदोरोव ने यह घोषणा करते हुए कहा कि युद्ध के मैदान से जब्त रूसी मिसाइल, ड्रोन या टैंक वॉर ट्रॉफी होने के साथ ही यह ज्ञान भी है कि दुश्मन के हथियार कैसे काम करते हैं। क्रेमलिन की जो तकनीक गोपनीय थी, वह अब खुली किताब बन चुकी है। ट्रॉफीलैब एक केंद्रीयकृत शोध का मंच है, जिसे यूक्रेन के खुफिया महानिदेशालय और सेना के अनुसंधान संस्थानों के समन्वय से तैयार किया गया है। फिलहाल इस डेटाबेस में रूसी हथियारों के 115 से अधिक लाइव सैंपल और 79 सैन्य श्रेणियां शामिल की जा चुकी हैं। इसमें रूसी मिसाइलें, ड्रोन, संचार प्रणालियां, इलेक्ट्रॉनिक



युद्ध उपकरण व बख्तरबंद वाहन शामिल हैं। यह पोर्टल आम लोगों के लिए उपलब्ध नहीं है, इस पर केवल सत्यापित उपयोगकर्ताओं को ही लॉग-इन की सुविधा मिलेगी। जिनमें नाटो और पश्चिमी सहयोगी देशों की सरकारें व रक्षा मंत्रालय शामिल हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय व घरेलू रक्षा उपकरण निर्माता कंपनियां, सैन्य वैज्ञानिक, इंजीनियर और अनुसंधान संस्थान भी शामिल हैं। प्लेटफॉर्म से इंजीनियर डिजिटल ब्लूप्रिंट और वास्तविक रूसी हार्डवेयर को भौतिक रूप से जांचने के लिए अनुरोध भेज सकते हैं। यूक्रेन के इस कदम के गहरे सामरिक व कूटनीतिक मायने हैं। अब तक पश्चिमी देशों को रूसी मिसाइलों व इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर प्रणालियों की आंतरिक बनावट का केवल अनुमान था।

## ऑस्ट्रेलिया में बर्ड फ्लू के पहले मामले की पुष्टि

**वन्यजीवों पर मंडराया बड़ा खतरा**

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में घातक एच5एन1 बर्ड फ्लू के पहले मामले की आधिकारिक रूप से पुष्टि हो गई है। शनिवार को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में पाए गए एक ब्राउन स्कुआ समुद्री पक्षी में इस वायरस की मौजूदगी की पुष्टि की गई। यह समुद्री पक्षी पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर से लगभग 700 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व स्थित केप ले ग्रांड नेशनल पार्क के निकट पाया गया था। इसी क्षेत्र में मिले एक अन्य समुद्री पक्षी, साउदर्न जायंट पेट्रेल, के भी इस वायरस से संक्रमित होने की आशंका जताई गई है। शुरुआती जांच के बाद दोनों पक्षियों से लिए गए नमूनों को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान संगठन भेजे गए, जहां एच5एन1 वायरस की पुष्टि की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि इस वायरस ने दुनिया के अन्य महाद्वीपों में वन्यजीव आबादी को भारी नुकसान पहुंचाया है और ऑस्ट्रेलिया में इसकी मौजूदगी देश के पक्षियों और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए एक लंबी चुनौती की शुरुआत हो सकती है।

**विशेष सम्मान** | जारी किया ऐतिहासिक घोषणापत्र

# योग की भारतीय विरासत को दी मान्यता

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की कड़ी में अब अमेरिका का डेलावेयर राज्य भी शामिल हो गया है। राज्य के गवर्नर मैथ्यू मेयर ने 21 जून 2026 को आधिकारिक रूप से अपने राज्य में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का घोषणापत्र जारी किया है। इस कदम के जरिए उन्होंने भारत की इस प्राचीन पद्धति को स्थानीय स्तर पर विशेष सम्मान दिया है।

**योग को बताया भारत की 5,000 वर्ष पुरानी परंपरा**

गवर्नर कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक घोषणापत्र में गवर्नर मेयर ने योग की सराहना करते हुए इसे भारत की 5,000 वर्ष पुरानी प्राचीन विधा बताया, जो मानव के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मन, शरीर और आत्मा को एक सूत्र में पिरोती है।

**शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लाभों पर जोर**

घोषणा में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के फायदों पर जोर दिया गया। इसमें कहा गया, योग का अभ्यास शारीरिक ताकत, लचीलापन, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक



संतुलन को बढ़ाता है, जो तनाव को प्रबंधित करने और सामुदायिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक मूल्यवान साधन प्रदान करता है। गवर्नर ने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक रूप से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी है, ताकि योग के अनेक फायदों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस घोषणा में डेलावेयर में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की इस दिन को मनाने की कोशिशों को भी मान्यता दी गई। इसमें कहा गया कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय, डेलावेयर और न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास के साथ मिलकर वेलनेस, शांति और एकता को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। मेयर ने औपचारिक रूप से 21 जून को डेलावेयर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### 2014 में हुई थी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर साल दुनिया भर में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2014 में भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र में रखे गए प्रस्ताव के बाद हुई थी। पूरे विश्व में भारतीय राजनयिक मिशन और भारतीय-अमेरिकी संगठन सार्वजनिक स्थलों तथा सामुदायिक केंद्रों में योग कार्यक्रम आयोजित करते हैं। यह वार्षिक आयोजन भारत की सांस्कृतिक विरासत और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उसके योगदान का सबसे प्रमुख वैश्विक उत्सव बन चुका है।

## बलूचिस्तान में उत्पीड़न पर ब्रिटेन ने खींचा दुनिया का ध्यान


**यूनिसॉन सम्मेलन में उठा मुद्दा**

**लंदन।** भारत में बिगड़ते हालात पर दुनिया में आवाज उठाने वाला पाकिस्तान अपने ही देश में लोगों को जबरन गायब करने और हत्याओं को लेकर वैश्विक आलोचना का शिकार होता जा रहा है। ताजा मामलों के तहत बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा समेत कब्जे वाले कश्मीर को लेकर उसे आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ब्रिटेन में आयोजित सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र संघ (यूनिसॉन) ने एक कॉन्फ्रेंस में बलूचिस्तान के मानवाधिकारों के हालात पर सबका ध्यान खींचा। 16 जून से जारी इस वार्षिक प्रतिनिधिमंडल सम्मेलन में ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने बलोच कार्यकर्ताओं को जबरदस्ती गायब करने, बिना कानूनी प्रक्रिया के हत्याओं, अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदियों और बलोच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) के सदस्यों की हिरासत पर पाकिस्तान की आलोचना की।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089